आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 10 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 320, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पूजा-राधा के सामने दक्षिण अफ्रीका ढेर 15

कंगना ने की मीना कुमारी की तारीफ 16

## प्रदेश में हाईब्रिड कारों पर पंजीकरण शुल्क माफ

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने हाइब्रिड कारों पर लगने वाला पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया है। ऐसे में हाइब्रिड कार खरीदने पर कम से कम दो से तीन लाख रुपये तक की बचत होगी। इस फैसले से मारुति सुजुकी इंडिया, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और होंडा कार्स इंडिया जैसी कंपनियों को लाभ पहुंच सकता है। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने जानकारी दी कि हाइब्रिड कारों और प्लग इन हाइब्रिड कारों पर रजिस्ट्रेशन फीस को शत प्रतिशत माफ कर दिया गया है, जिसे तत्काल प्रभाव से प्रदेशभर में लागू कर दिया गया है। अब प्रदेश में खरीददार मारुति सुजुकी इनविक्टो और टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस पर तीन लाख रुपये से ज्यादा और मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा, टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर और होंडा सिटी ई :एचईवी पर दो लाख रुपये से ज्यादा बचा सकते हैं। दरअसल, शासन ने इस संबंध में पांच जुलाई को ही एक सर्कुलर जारी किया था। परिवहन आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में 10 लाख रुपये से कम कीमत वाले चार पहिया पर आठ प्रतिशत और 10 लाख रुपये और उससे ज्यादा कीमत वाली गाड़ियों पर 10 प्रतिशत रोड टैक्स लगता है।



- **खरीददार को तीन लाख रुपये तक की होगी बचत**

# कठुआ आतंकी हमले में शहीद पांचों जवानों के पार्थिव शरीर पहुंचे देहरादून

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले में शहीद उत्तराखंड के पांचों जवानों के पार्थिव शरीर देहरादून पहुंच गए हैं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत तमाम लोगों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां से शहीदों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक निवास स्थान को भेज दिए जाएंगे। जवानों के बलिदान से देवभूमि में शोक की लहर है।

जम्मू कश्मीर के कठुआ में बीते सोमवार को आतंकियों ने घात लगाकर सेना के वाहन पर हमला कर दिया था। सेना के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की, लेकिन आतंकी जंगल की तरफ भाग गए। हमले में उत्तराखंड के पांच वीर सपूत शहीद हो गए। जिसमें जेसीओ (नायब सूबेदार) आनंद सिंह, हेड कांस्टेबल कमल सिंह, राइफलमैन अनुज सिंह, नायक विनोद सिंह और राइफलमैन आदर्श नेगी शामिल हैं।

राइफलमैन आदर्श नेगी टिहरी जिले के कीर्तिनगर में थाती डागर के रहने वाले थे। नायक विनोद सिंह टिहरी के जाखणीधार तालुक के चौंद जसपुर गांव के थे। नायब सूबेदार आनंद सिंह रुद्रप्रयाग जिले के कांडाखाल के रहने वाले थे। हवलदार कमल सिंह पौड़ी जिले के लैंसडाउन तहसील के पापरी गांव जबकि राइफलमैन अनुज नेगी पौड़ी जिले के रिखणीखाल तालुक के डोबरिया गांव के रहने वाले थे।

पांचों शहीद जवानों के पार्थिव शरीर देहरादून पहुंचने पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, विधायक बृजभूषण गैरोला, डीएम व एसएसपी ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सैनिकों का पार्थिव शरीर उनके पैतृक निवास भेजा जाएगा जहां शहीदों का अंतिम संस्कार किया जाएगा।



अनुज नेगी | आनंद सिंह रावत | कमल सिंह | आदर्श नेगी | विनोद सिंह

### जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री धामी ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

> हमारे रणबांकुरों ने उत्तराखंड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। – **मुख्यमंत्री, पुष्कर सिंह धामी**

## डोडा में आतंकवादियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़

**जम्मू/कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के सुदूर वन क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने जब घड़ी भगवा जंगल में तलाशी एवं घेराबंदी अभियान चलाया तो मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी जारी थी। वहीं, कठुआ जिले में सेना के गश्ती दल पर घातक हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने के लिए मंगलवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। डीजीपी आरआर स्वैन अभियान की निगरानी के लिए पहुंचे। एडीजी आनंद जैन के साथ डीजीपी स्वैन ने क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। तलाश अभियान का दायरा बढ़ाकर उधमपुर और कठुआ के समीपवर्ती जिलों के बड़े क्षेत्रों को शामिल कर लिया गया है, जिनमें बसंतगढ़, सेओज और कठुआ जिले के बानी, डग्गर और किंडली के ऊपरी इलाके शामिल हैं। सेना की पैरा इकाई के विशेष सुरक्षा कर्मियों को विशिष्ट क्षेत्रों में आतंकवादियों के खिलाफ लक्षित अभियान के लिए तैनात किया गया है।

- **कठुआ में आतंकियों की तलाश में जुटे सुरक्षाबल**

## एक नजर

### सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध 5 वर्ष बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध की अवधि पांच वर्ष के लिए और बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी करके कहा कि सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध की अवधि 10 जुलाई से पांच वर्ष के लिए बढ़ाई जाती है। केंद्र सरकार ने जुलाई 2019 में इस संगठन पर प्रतिबंध लगाया था, जिसकी अवधि अब समाप्त हो रही थी। अधिसूचना में कहा गया है कि सिख फॉर जस्टिस देश की अखंडता और सुरक्षा के प्रतिकूल गतिविधियों में लिप्त है, इसलिए विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 की धारा दो की उप धारा के एक के अंतर्गत इसके खिलाफ यह कदम उठाया गया है।

### ईडी की चार्जशीट पर केजरीवाल तलब

**नई दिल्ली।** कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल सातवें पूरक आरोपपत्र पर यहां की एक अदालत ने मंगलवार को संज्ञान लिया। संघीय जांच एजेंसी ने पूरक आरोपपत्र में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का नाम लिया है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने आरोपपत्र पर संज्ञान लिया और केजरीवाल को 12 जुलाई के लिए सम्मन जारी किया।

# एसडीएम, सीओ समेत 6 निलंबित

### हाथरस हादसा : एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट, गहन जांच की बताई जरूरत, साजिश से इनकार नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाथरस हादसे के जिम्मेदारों पर प्रदेश सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए सिकंदराराऊ के एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत छह लोगों को निलंबित कर दिया है। इनमें चौकी इंचार्ज कचौरा और चौकी इंचार्ज पोरा भी शामिल हैं। हाथरस में 2 जुलाई को सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। दुर्घटना के एक सप्ताह के अंदर एसआईटी की 300 पन्नों की जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। एसआईटी ने प्रारंभिक जांच में चश्मदीद गवाहों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर हादसे के लिए कार्यक्रम के आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना, साजिश से भी इनकार नहीं किया है।

मंगलवार को यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में भोले बाबा को नहीं बल्कि आयोजकों और अफसरों को जिम्मेदार माना गया है। जिनके विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति एसआईटी ने संबंधित अधिकारियों से की है। जिसके बाद सिंकदराराऊ के एसडीएम रावेंद्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार, थानाध्यक्ष आशीष कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार के अलावा चौकी इंचार्ज कचौरा मनवीर सिंह एवं चौकी इंचार्ज पोरा को शासन ने निलंबित कर दिया।

**अब न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट का इंतजार :** हाथरस हादसे में दो सदस्यीय एसआईटी जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद अब इंतजार न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट का है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट भी न्यायिक आयोग के पास है। आयोग को दो माह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देनी है। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों उन्हें रोकने के लिए भी अपने सुझाव देने हैं। न्यायिक जांच के मुख्य बिन्दु में घटना कोई दुर्घटना है या फिर कोई षड्यंत्र? या कोई अन्य सुनियोजित आपराधिक घटना? जैसे सवालों को भी तलाशना है।



### जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हाथरस के भगदड़ मामले की जांच का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मैंने कल ही याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता और वकील विशाल तिवारी ने इस याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। जनहित याचिका में भगदड़ मामले की जांच करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति का अनुरोध किया गया है।

### एसआईटी ने लिए 125 लोगों के बयान

हाथरस के सिकंदराराऊ में बीते दिनों सत्संग के बाद मची भगदड़ मामले की जांच को गठित एडीजी जोन आगरा और मंडलायुक्त अलीगढ़ की एसआईटी ने 2, 3 और 5 जुलाई को घटनास्थल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कुल 125 लोगों का बयान लिया गया, जिसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आम जनता और प्रत्यक्षदर्शियों का बयान भी लिया गया। घटना के संबंध में प्रकाशित समाचारों की प्रतियां, स्थलीय वीडियोग्राफी, छायाचित्र, विडियो क्लिपिंग का भी संज्ञान लिया गया।

### तथ्यों को छिपाकर ली गई अनुमति

जांच समिति ने हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इनकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है। दरअसल, उप जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सिकंदराराऊ द्वारा बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किए आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया। उक्त अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया गया। आयोजकों ने तथ्यों को छिपाकर कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति ली। अनुमति के लिए तय शर्तों का अनुपालन भी नहीं किया गया।

- **आयोजकों की लापरवाही से हुआ हादसा, भीड़ को आमंत्रण देकर नहीं किया पर्याप्त इंतज़ाम**
- **पुलिस एवं प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया, वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी समुचित जानकारी**

### जांच के मुख्य तथ्य

- अप्रत्याशित भीड़ को आमंत्रित कर पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई।
- कार्यक्रम के लिए दी गई अनुमति की शर्तों का पालन किया गया।
- बिना पुलिस वेरिफिकेशन के जोड़ा गया, उनसे अव्यवस्था फैली।
- आयोजक मंडल द्वारा पुलिस के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया।
- स्थानीय पुलिस को कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण से रोकने का प्रयास हुआ।
- सत्संगकर्ता और भीड़ को बिना सुरक्षा प्रबंध आपस में मिलने की छूट दी गई।
- किसी प्रकार की बैरीकेटिंग अथवा पैसेज की व्यवस्था नहीं बनाई थी
- हादसा घटित होने पर आयोजक मंडल के सदस्य घटनास्थल से भाग गए।

### राष्ट्रपति पुतिन ने दिया ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल

# प्रधानमंत्री मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान



- **मोदी बोले- यह सिर्फ मेरा नहीं 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान**
- **सम्मान को भारत-रूस के बीच मित्रता को समर्पित किया**

मॉस्को, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल' पुरस्कार से सम्मानित किया। मोदी को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में उनके योगदान के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है। राष्ट्रपति पुतिन ने क्रेमलिन में सेंट एंड्रयू हॉल में एक विशेष समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया। पुरस्कार की घोषणा 2019 में की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय नेता हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पुरस्कार को स्वीकार करते हुए इसे भारत की जनता के प्रति और भारत तथा रूस के बीच मित्रता के पारंपरिक बंधन को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को रेखांकित करता है।

मोदी ने कहा कि मुझे रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने के लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूं। यह सिर्फ मेरा नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और रूस के बीच सदियों पुरानी और गहरी मित्रता और आपसी विश्वास का सम्मान है।

## दो बाइकों में टक्कर से लगी आग, चार लोग जिंदा जले



आग बुझाता अग्निशमन विभाग का जवान और मौजूद पुलिसकर्मी व लोग।

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- **महोबा में श्रीनगर-बेलाताल मार्ग पर हुआ हादसा, दो झुलसे**
- **एक बाइक पर चार और दूसरी पर दो लोग थे सवार**

**अमृत विचार :** श्रीनगर-बेलाताल मार्ग पर चितैइयन पहाड़ के सामने दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो जाने से दोनों बाइकों में आग लग गई, जिससे एक बच्चे सहित चार लोग जिंदा जलकर मर गए। दो अन्य बुरी तरह झुलस गए जिन्हें झांसी मेडिकल कालेज भेजा गया है। एसपी अपर्णा गुप्ता भी मौके पर पहुंचीं और छानबीन की।

दुर्घटना मंगलवार दोपहर दो बजे हुई। पड़ोसी जनपद छतरपुर के थाना लवकुश नगर क्षेत्र के ग्राम पीरा निवासी ललतेश (22) अपने परिवार के साथ बाइक से जनपद छतरपुर के कस्बा गढ़ी मलहरा एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। बाइक पर ललतेश, उसकी बहन नेहा और दो बच्चे सवार थे। बाइक जैसे ही श्रीनगर से थोड़ी दूर चितैइयन पहाड़ के पास पहुंची कि श्रीनगर की तरफ से ननौरा जा रही बाइक से सीधी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर श्रीनगर थाने के ग्राम बरा निवासी चंद्रभान (40) व सुनील राही (22) सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों में आग लग गई। एक बाइक पर सवार ललतेश और उसके रिश्तेदार अरविंद का 8 वर्षीय पुत्र राज जिंदा जल गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार चंद्रभान और सुनील राही की भी जिंदा जलने से मौत हो गई।

दमकल के पहुंचने तक चारों की मौत हो चुकी थी। दमकल जवानों ने ग्रामीणों की मदद से एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में ललतेश की बहन नेहा (24) व रिश्तेदार प्रेमनारायण का 7 वर्षीय पुत्र देवेंद्र भी बुरी तरह झुलस गए। उन्हें पुलिस श्रीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां से उन्हें झांसी मेडिकल कालेज भेज दिया गया।

## शेयर बाजार का नया रिकॉर्ड सेंसेक्स 80 हजार के पार

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई का सेंसेक्स 391 अंक उछलकर नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी नए शिखर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 391.26 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 80,351.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 436.79 अंक की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 80,397.17 अंक तक गया था। निफ्टी भी 112.65 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,433.20 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 123.05 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 24,443.60 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में मारुति सुजुकी इंडिया छह प्रतिशत चढ़ा। उत्तर प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा हाइब्रिड कार (पेट्रोल और इलेक्ट्रिक से चलने वाली) पर पंजीकरण शुल्क से छूट दिए जाने की खबरों के बीच कंपनी का शेयर चढ़ा।

- **निफ्टी भी उछलकर पहुंची 24400 के पार**

## डीआईजी फायर जुगल किशोर निलंबित

**लखनऊ ।** डीआईजी फायर को शासन ने निलंबित कर दिया है। वह आईपीएस आचरण नियमावली के दोषी पाए गए हैं। आईपीएस अफसर जुगल किशोर तिवारी बहराइच सहित कई जिलों में पुलिस अधीक्षक रहे हैं। लंबे समय से वह डीआईजी फायर के रूप में तैनात थे। बताया जा रहा है कि किसी कर्मचारी की शिकायत पर अधिकारों से परे जाकर के उन्होंने कार्रवाई की थी। जो बाद में बड़ा मामला बन गया। चर्चा होने पर मामला ऊपर पहुंचा और शासन ने जांच कराकर उन पर कार्रवाई की। यह भी बताया गया कि जुगल किशोर का अपने एडीजी से रिश्ते अच्छे नहीं थे। उनके खिलाफ कार्रवाई का एक कारण यह भी बताया जा रहा है।

# पतंजलि ने रोकी 14 उत्पादों की बिक्री

### उत्तराखंड सरकार ने निलंबित किए थे लाइसेंस

नई दिल्ली, एजेंसी

पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री रोक दी है, जिनके निर्माण लाइसेंस उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने अप्रैल में निलंबित कर दिए थे। कंपनी ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उसने 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर को इन उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

पतंजलि आयुर्वेद ने कहा कि मीडिया मंचों को भी इन 14 उत्पादों के सभी विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया गया है। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद को दो हफ्ते के भीतर एक हलफनामा दायर कर यह बताने का निर्देश दिया कि क्या विज्ञापन हटाने के लिए सोशल मीडिया मंचों से किए गए अनुरोध पर अमल किया गया है और क्या इन 14 उत्पादों के विज्ञापन वापस ले लिए गए हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जुलाई की तारीख तय की। शीर्ष अदालत भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि पर कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है। उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने न्यायालय को बताया था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी के 14 उत्पादों के निर्माण लाइसेंस को 'तत्काल प्रभाव से निलंबित' कर दिया गया है। सर्वोच्च अदालत ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

### सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

- **5606 फ्रेंचाइजी स्टोरों से उत्पादों को वापस लेने के दिए निर्देश**
- **सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दी थी अवमानना नोटिस, निर्णय सुरक्षित**

### बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामला

## मुंबई में दंपती को टक्कर मारने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बीएमडब्ल्यू कार से स्कूटी को टक्कर मारने की घटना के दो दिन बाद फरार मुख्य आरोपी 24 वर्षीय मिहिर शाह को गिरफ्तार कर लिया है। शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा मिहिर उस बीएमडब्ल्यू कार को चला रहा था, जिसने एक स्कूटी को टक्कर मार दी थी। घटना में स्कूटी सवार एक महिला की मौत हो गई थी और उसका पति घायल हो गया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह घटना के बाद से फरार मिहिर को मुंबई के निकट विरार से गिरफ्तार कर लिया गया। मिहिर की मां और दो बहनों को ठाणे जिले के शाहपुर से पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया है। उनसे और 10 अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मिहिर के पिता राजेश शाह ने अपने बेटे को भगाने में सक्रिय भूमिका निभाई और वारदात में शामिल वाहन को वहां से हटाने की साजिश रच रहा था।

# नैनी झील ने बनाया रिकॉर्ड, दस दिन में भरा सात फीट पानी

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी की झील ने ऐसा रिकार्ड बनाया है, जो चिंता में डालने वाला है। पहली बार दस दिन में सात फीट पानी झील में भरा है। झील नियंत्रक झील में पानी भरने की तीव्र रफ्तार को अव्यावहारिक मान रहे हैं। नैनी झील का अस्तित्व शायद लाखों-करोड़ों वर्ष पुराना हो। मगर झील में पानी भरने के स्रोत मानसून और पश्चिमी विक्षोभ की बारिश प्राकृतिक जलस्रोत हैं। मानसूनी बारिश सबसे बड़ा स्रोत रहा है। जलस्तर घटने और बढ़ने की पैमाइश ब्रिटिशकाल से शुरू हुई, जो आज तक जारी है। झील भरने का क्रम एक नियंत्रित गति के साथ रहा है, जो बारिश की मात्रा पर निर्भर करता है। मगर इस बार झील में पानी बारिश की मात्रा की तुलना में कहीं अधिक भरा है, जो वास्तव में चिंता का विषय है। सिंचाई विभाग के झील नियंत्रण कक्ष के मुताबिक 26 जून से छह जुलाई के बीच बारिश लगभग दो फीट हुई और झील में पानी की मात्रा सात फीट को पार कर गई, जबकि नालों व प्राकृतिक स्रोतों से आने वाले पानी की मात्रा बारिश की मात्रा से दोगुने के लगभग ही होनी चाहिए, लेकिन इसके बावजूद करीब तीन फीट अधिक बढ़ गया। जिस कारण चिंता स्वाभाविक है।



नैनीताल झील में बढ़ा पानी। ● अमृत विचार

### जलस्तर में इतनी तेज वृद्धि बनी चिंता का सबब

#### भूमि के जल सोखने की क्षमता कम होना बड़ा कारण

**नैनीताल।** झील नियंत्रण कक्ष के निरीक्षक रमेश सिंह गैड़ा के अनुसार झील भरने की रफ्तार का बड़ा कारण भूमि के जल सोखने की क्षमता कम होना है। नगर के अधिकांश मार्ग सीमेंट से बने होने के कारण पानी बहकर झील में चला जाता है। साथ ही अधिक भवन निर्माण के चलते जमीन के पानी सोखने का दायरा कम हो चला है। जिस कारण बारिश का पूरा पानी झील में चला जाता है। नैनी झील की गहराई में कमी आई है। इसका कारण झील में बेशुमार गाद भर जाना है। पिछले करीब चार दशक पहले तक झील की अधिकतम गहराई 90 फीट से अधिक थी, जो अब घटकर 72 फीट रह गई है। नगर में भवन निर्माण का मलबा झील में पहुंचना इसका बड़ा कारण माना जाता है। झील के चारो ओर हरे-भरे जंगलों में पिछले कुछ दशक से वैध-अवैध निर्माणों की बाढ़ से भूमि की नमी बनाए रखने वाले हरे-भरे पेड़ों का पतन भी तेजी से बढ़ा है। रिहायशी कालोनियों के बनने व सीसी मार्ग के मकड़जाल से भी जमीन में धीमी गति से रिसने वाला बरसाती पानी अब सीधे झील मे पहुंच रहा है। झील में तेजी से जलभराव का भी ये एक मुख्य कारण है।

# घंटों इयरफोन लगाने और तेज आवाज से बढ़ रहा बहरापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीटी बजने, भरभराहट भारीपन व भिनभिनाने जैसी आवाज सुनाई दे रही
- लगातार इस्तेमाल से पांच से 10 साल में बहरेपन का खतरा

**अमृत विचार।** अगर कानों में लगातार या रह-रह कर गूंज, सीटी बजने, भरभराहट, भारीपन व भिनभिनाने जैसी ध्वनियां सुनाई दे रही हैं तो सावधान रहे। यह बहरापन का संकेत हो सकता है। यह समस्या युवाओं में ईयरफोन, नेकबैंड और ईयर बड्स के अधिक उपयोग से बढ़ रही है। सुनने की क्षमता प्रभावित होने से बहरापन बढ़ रहा है।

आधुनिक जीवन शैली में वर्कआउट करते समय गाने सुनने से लेकर मोबाइल पर वीडियो देखने, घंटों कॉल पर बात करने या तेज आवाज में गेम खेलने, संगीत सुनने में लोग ईयरफोन, नेकबैंड और ईयर बड्स का उपयोग जमकर कर रहे हैं।


सुबह उठने से लेकर रात में सोने तक लोगों का ज्यादातर समय गैजेट्स के बीच गुजरता है। चिकित्सकों ने चेतावनी दी है कि ईयरफोन और ईयर बड्स का अधिक उपयोग करने पर पांच से 10 साल में बहरापन आ सकता है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नाक, कान व गला विभाग के प्रो. हरेंद्र कुमार ने बताया कि देर तक ईयरफोन लगाए रखने से कानों की नसों पर दबाव पड़ने लगता है, नसों में सूजन की आशंका काफी बढ़ जाती है। वाइब्रेशन की वजह से हियरिंग सेल्स अपनी संवेदनशीलता खोने लगते हैं, जिससे बहरापन हो सकता है। नियमित रूप से लंबे समय तक तेज आवाज में इयरफोन लगाने का दुष्प्रभाव दिमाग पर भी होता है। ईयरफोन या हेडफोन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगें दिमाग को बुरी तरह प्रभावित करती हैं।

### सिरदर्द व माइग्रेन की समस्या बढ़ी

- जीएसवीएसएस पीजीआई के नोडल व न्यूरो सर्जन प्रो. मनीष सिंह ने बताया कि ईयरफोन, नेकबैंड और ईयर बड्स का असर मस्तिष्क पर भी हो रहा है। इस कारण सिर दर्द व माइग्रेन की समस्या बढ़ रही है। पहले से चक्कर आने से परेशान रोगियों की समस्याएं और ज्यादा बढ़ जा रही हैं। ऐसे लोग जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है, उनमें अधिक खतरा रहता है।

### लगाई जाती है सुनने वाली मशीन

- ईएनटी विभाग की डॉ.अमिता श्रीवास्तव ने बताया कि ओपीडी में अगर कोई मरीज कम सुनाई देने की समस्या लेकर आता है तो हड्डी में इंफेक्शन (कंडटिंग हेयरिंग लॉस) और नसों में खराबी (सिसेंटिंग हेयरिंग लॉस) की जांच कराई जाती है। पर्दा ठीक होने पर ईयरफोन लगाने की जानकारी करके मरीजों को इसका इस्तेमाल न करने की सलाह दी जाती है।



### इयरफोन से बीते एक साल में हादसे



- पनकी निवासी शीलू अग्निहोत्री की ईयरफोन लगाए पटरी पार करने से गुरुदेव क्रासिंग पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी।
- सचेंडी निवासी बलवान सिंह ईयरफोन लगाकर गाने सुनते बाइक से नौबस्ता जा रहे थे, वृद्धा से टकराने पर मौत हो गई थी।
- अनवरगंज में जीशान नामक युवक ईयरफोन लगाकर ट्रैक पार कर रहा था, मेमू ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी।
- शिवराजपुर निवासी प्रशांत दीक्षित बिठूर की मंधना क्रासिंग पर ईयरफोन लगाए रहने से मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत का शिकार हो गया था।
- बीटेक छात्र घाटमपुर निवासी विकास रेलवे ट्रैक पर ईयरफोन लगाए गाना सुनते जा रहा था। ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

### इस तरह करें कानों की सुरक्षा

- लंबे समय तक हेडफोन और ईयरफोन का इस्तेमाल करने से बचें।
- हेडफोन और ईयरफोन लगाने पर आवाज नॉर्मल रखें।
- किसी के साथ भी अपना हेडफोन या ईयरफोन साझा न करें।
- ईयरफोन्स को कानों के अंदर ज्यादा एडजस्ट करने का प्रयास न करें।
- हेडफोन और ईयरफोन ब्रांडेड कंपनी के ही इस्तेमाल करें।
- दिन में 60 मिनट से ज्यादा इनका इस्तेमाल न करें।

### 80 से 90 डेसीमल शोर सुनने की होती क्षमता

- कान की नसें एक हद तक शोर बर्दाश्त कर सकती हैं। 80 से 90 डेसीमल उनकी श्रवण क्षमता है। लेकिन कोई व्यक्ति लगातार 80 से 85 डेसीमल शोर वाली जगह पर रहता है तो उसके बहरा होने की संभावना काफी अधिक होती है।

# नगर निगम में अब बिना अनुमति प्रदर्शन नहीं !

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर ने पुलिस कमिश्नर से की मांग, कहा- नेता दिखावे में आकर करते हैं प्रदर्शन
- ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग भी बंद करने की मांग, कहा- पुलिस करे विधिक कार्रवाई

**अमृत विचार।** महापौर प्रमिला पांडेय ने नगर निगम मुख्यालय और जोनल कार्यालयों में आये दिन होने वाले विरोध प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग पुलिस कमिश्ननर से की है। महापौर ने पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर शिकायत की है कि मुख्यालय में आए दिन बिना अनुमति प्रदर्शन किए जाते हैं। इससे कार्यालय के कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता है।

महापौर ने पत्र में लिखा है कि बिना अनुमति नगर निगम में विरोध-प्रदर्शन पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। जिसको धरना-प्रदर्शन करना है, पहले वो पुलिस से अनुमति ले, इसके बाद प्रदर्शन करे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रदर्शन के दौरान बिल्कुल भी न किया जाए। महापौर ने शिकायती पत्र में लिखा है कि स्वयंभू नेता नगर निगम आकर सिर्फ दिखावे के लिए धरना-प्रदर्शन करते हैं। ऐसे प्रदर्शन करने वालो पर पुलिस सख्ती से निपटे। अगली बार नगर निगम में बिना सूचना धरना-प्रदर्शन करने वालों पर विधिक कार्रवाई की जाए।




महापौर प्रमिला पांडेय ने सुक्खुपुरवा अग्निहोत्री नगर का किया निरीक्षण।

# टूटी सड़क और जलभराव देख महापौर हुईं नाराज

**कानपुर।** महापौर प्रमिला पांडेय ने मंगलवार को सुक्खुपुरवा अग्निहोत्री नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क पर बरसात से कीचड़ हो गया था। नालियों में कूड़ा एवं गन्दगी पाई गई। इससे वह नाराज हुईं। कई स्थानों पर जल भराव पाया गया। महापौर ने अधिकारियों को सुक्खुपरवा अग्निहोत्री नगर में सड़क की मरम्मत एवं सफाई के निर्देशित किया। इसके साथ ही जलभराव वाले स्थानों पर पानी निकालने के निर्देश दिये। निरीक्षण में अधिशाषी अभियन्ता जलकल जोन-6 मो शमीम, एवं जेडएसओ जोन-6 विजय शुक्ला अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

## 6.29 लाख रुपये से किदवई नगर चौराहे से बारादेवी सड़क की होगी मरम्मत



# 11 सड़कों के निर्माण को मिले साढ़े 8 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 9 नंबर क्रासिंग से एनएच-2 हाईवे तक की सड़क का 60.66 लाख से निर्माण

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष में कानपुर मंडल में चल रही 35 कार्य योजनाओं के लिए 11.18 करोड़ से अधिक की धनराशि वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटित की है। जिसमें शहर के नगरीय, ग्रामीण क्षेत्रों की कुल 11 सड़कों की मरम्मत व नवीनीकरण के लिए कुल 851.92 लाख की धनराशि आवंटित की गई है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के मरम्मत व नवीनीकरण के लिए 11 सड़कों को कार्ययोजना में शामिल किया गया था। जिनमें पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड की साढ़-सरसौल मार्ग से बांबी ख्वाजीमपुर मार्ग की मरम्मत, चौबेपुर बेला रोड का निर्माण, लखनऊ-झांसी मार्ग, असेनिया, बहौर उमरी संपर्क मार्ग, विजय नगर चौराहा से मरियमपुर चौराहा, पुखरायां-घाटमपुर-बिंदकी, सरसौल-सैबसी महाराजपुर, चंदनपुर भीतरगांव, धरमपुर बंबा मार्ग शामिल थे।

वहीं निर्माण खंड दो में बिधनू से किसान नगर मार्ग की सामान्य मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य कराया जाना था। शासन से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के साथ ही धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिसके बाद निर्माण शुरू कराया गया था। मंगलवार को शासन ने शहर की 11 सड़कों के मरम्मत व नवीनीकरण के लिए 851.92 लाख की धनराशि आवंटित की है।

### 9 नंबर क्रासिंग से एनएच-2 जाने वाली सड़क

अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि जीटी रोड स्थित गुमटी नौ नंबर क्रासिंग से नमक फैक्ट्री, विजय नगर चौराहा, दादा नगर पुल होते हुए एनएच-2 हाईवे तक की सड़क का 60 .66 लाख से निर्माण कराया जाएगा। जबकि किदवई नगर चौराहे से साइट नंबर वन, बारादेवी होते हुए नंदलाल चौराहे जाने वाले मार्ग की मरम्मत 6 .29 लाख से होगी।

> प्रांतीय खंड व निर्माण खंड की इकाईयों से पिछले वित्तीय वर्ष में 11 सड़कों पर मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा था। वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में शहर समेत कानपुर मंडल के लिए 11 .18 करोड़ की धनराशि शासन की ओर से मुहैया कराई गई है, जिनमें शहर की 11 सड़कों के लिए 851 .92 लाख की धनराशि आवंटित की गई है
>
> – अनिल कुमार, अधीक्षण अभियंता, पीडब्ल्यूडी

# एयरफोर्स कर्मी के घर में घुसकर मारपीट की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र की घटना, जमीन के विवाद में पड़ोसियों पर आरोप

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के अहिरवां में एक एयरफोर्स कर्मी ने इलाके के लोगों पर उनकी जमीन पर कब्जा करने के लिए मारपीट करने और उनकी नातिन से छेड़खानी करने का आरोप लगाया। वहीं दूसरे पक्ष ने नाली के विवाद में मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है।

अहिरवां निवासी एयरफोर्स कर्मी के अनुसार सात जुलाई को इलाके के कुलदीप कुशवाहा, आशीष कुशवाहा, जीतू कुशवाहा, विवेक, रामनरेश और दीक्षपाल समेत दस अज्ञात लोग जमीन पर कब्जा करने के लिए घर में घुस आए और उनके परिवार से मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनकी 15 वर्षीय नातिन से छेड़खानी की। वहीं दूसरे पक्ष के रामनरेश पाल की पत्नी गीता देवी ने आरोप लगाया कि वह लोग घर में भरे बारिश के पानी को निकालने के लिए नाली खोद रहे थे। एयरफोर्स कर्मी ने इसका विरोध किया और उनके परिवार से मारपीट की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।







कठुआ में शहीद हुए जवानों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल जलाकर प्रार्थना करते कांग्रेसी। अमृत विचार

# शहीद जवानों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने जम्मू कश्मीर के कठुआ में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। कैंडल जलाकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए कांग्रेस जनों द्वारा प्रार्थना की गई।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संजीव दरियाबादी आदि ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा आतंकी हमले में शहीद हुए सुरक्षा बलों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। इस देश का एक-एक नागरिक इस बलिदान को हमेशा याद रखेगा और अपने देश की रक्षा के लिए हमेशा प्रेरणा लेता रहेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, राजेश गौतम, पदम मोहन मिश्रा, ग्रीन बाबू सोनकर, मनीष बाजपेई,गुफरान अहमद चांद, जावेद , प्रशांत सोनकर,जमील उस्मानी, पप्पू नेता,शकील मंसूरी, आतिफ रहमान, तनवीर खां मंटू, अशोक वर्मा, दिलशाद अहमद, आदि उपस्थित रहे।

# 14 दिन और बढ़ी उद्यमी नवीन जैन की न्यायिक हिरासत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- निचली कोर्ट से जमानत खारिज, आज होगी एडीजे-21 की कोर्ट में सुनवाई
- उर्सला अस्पताल में भर्ती जैन से डीजीजीआई टीम ने लिए बयान

**अमृत विचार।** 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के मामले में उद्यमी नवीन जैन की न्यायिक हिरासत 23 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी गई है। मंगलवार को डीजीजीआई टीम ने मामले की जांच जारी होने का तर्क रखकर कोर्ट में न्यायिक हिरासत की मांग की थी, जिसे स्वीकृत कर लिया गया। वहीं निचली अदालत से जमानत खारिज होने के बाद अब बुधवार को जमानत पर एडीजे-21 की कोर्ट में सुनवाई होगी।

के ब्लॉक किदवई नगर निवासी नवीन जैन की फतेहपुर, मलवां में राधे-राधे इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्म है। फजलगंज, सिग्मा हाउस प्लॉट नंबर 17 में उनका कार्यालय है। टैक्स चोरी की जानकारी पर डीजीजीआई लखनऊ की टीम ने फजलगंज स्थित कार्यालय में छापेमारी की थी।

छापेमारी के दौरान टीम ने 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी थी। टीम ने कंपनी डायरेक्टर नवीन जैन को हिरासत में लेते हुए स्पेशल सीजेएम की कोर्ट में पेश किया गया था। डीजीजीआई टीम ने मामले की जांच प्रचलित होते हुए सबूतों से छेड़छाड़ होने की आशंका जाहिर कर कंपनी डायरेक्टर को जेल भेजने की मांग की थी।

कोर्ट ने 9 जुलाई तक के लिए नवीन जैन को जेल भेज दिया था। वहीं बचाव पक्ष की ओर से कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए स्पेशल सीजेएम आनंदेश सिंह की कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। आरोपी नवीन जैन जेल से 24 घंटे के भीतर बीमारियों का हवाला देकर कार्डियोलॉजी में भर्ती हुआ था, जहां से उसे उर्सला रेफर कर दिया गया था। 9 जुलाई से आरोपी की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी।

मंगलवार को डीजीजीआई टीम ने मामले की जांच जारी होने के कारण 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही टीम ने नवीन जैन के बयान दर्ज करने की कोर्ट से अनुमति मांगी थी, जिस पर आदेश मिलने के बाद टीम ने उर्सला अस्पताल जाकर आरोपी के बयान दर्ज किए।

**समस्या** उद्यमियों के नौकरियों की संख्या नहीं बताने से रोजगार मेलों में घटती जा रही संख्या

# कहां से आएं नौकरियां जब नहीं बताते रिक्तियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**25** से अधिक कामगारों वाली 1,186 इकाइयों में 581 ही सेवायोजन विभाग को उपलब्ध करा रहीं भर्ती के आंकड़े





**अमृत विचार।** सेवायोजन विभाग को उद्यमी अपने यहां उपलब्ध रिक्तियां बताने से कतरा रहे हैं। सिर्फ 50 फीसदी उद्यमी ही ऐसे हैं, जो रिक्त पदों की संख्या की जानकारी देते हैं। इससे रोजगार मेलों में नौकरी के अवसर कम हो रहे हैं। सेवायोजन विभाग ने अपने यहां पंजीकृत सभी उद्यमियों को रिक्तियों की अद्यतन सूचना देने के लिए पत्र जारी किया जा रहा है।

सेवायोजन विभाग में औद्योगिक इकाइयों का भी पंजीकरण किया जाता है। पंजीकृत औद्योगिक इकाइयां ही रोजगार मेलों में नौकरी के सर्वाधिक अवसर उपलब्ध कराती हैं। सेवायोजन विभाग के रिकार्ड के अनुसार बीते दो वर्षों से लगभग 50 फीसदी इकाइयां या कंपनियां ही मेलों के लिए अपनी रिक्तियां भेज रही हैं। विभाग में 25 से अधिक कामगार श्रेणी में पंजीकृत 1,186 शहरी इकाइयों में सिर्फ 581 इकाइयां ही रोजगार की सूचना देने की प्रक्रिया का पालन कर रही हैं। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि शहर की जो कंपनियां या औद्योगिक इकाइयां रिक्तियों की सूचना नहीं दे रही हैं, उन्हें इस संबंध में पत्र भेजा जा रहा है। इसके अलावा ऐसी औद्योगिक इकाइयां जो नए सिरे से काम शुरू कर रही हैं, उन्हें भी पंजीकरण कराने का पत्र जारी किया जा रहा है।

### सीधी भर्ती को दी जा रही ज्यादा तरजीह

औद्योगिक इकाइयों के रिक्तियां नहीं भेजने से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। माना जा रहा है कि औद्योगिक इकाइयां रोजगार मेले से भर्ती करने के बजाए अपने स्तर पर ही युवाओं की भर्ती करने तो तरजीह दे रही हैं। औ्रद्योगिक इकाइयों के इस रवैये से रोजगार मेलों में युवाओं के सामने ज्यादातर नौकरियां शहर से बाहर की उपलब्ध रहती हैं। ऐसी स्थिति में कई बार युवा शहर से बाहर नौकरी करने से मना कर देते हैं।

### हर महीने लगते चार मेले

सेवायोजन विभाग में हर महीने रोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए चार रोजगार मेले आयोजित किए जाते हैं। इन मेलों में प्राइवेट कंपनियां युवाओं को रोजगार देने के लिए विभाग आती हैं। यहां पर साक्षात्कार के जरिए युवाओं को रोजगार मिलता है। मेले में शामिल होने के लिए युवाओं को पोर्टल पर पंजीयन या फिर सीधे विभाग में अपना सीवी के माध्यम से पंजीकरण कराना होता है। 15 जुलाई से विभाग में शामिल होने वाले ऐसे युवा जिनका पोर्टल पर पंजीकरण नहीं हुआ है उनका भी पंजीकरण कराने की सुविधा रोजगार मेलों में दी जाएगी।



तमिलनाडु में बसपा प्रदेश अध्यक्ष की हत्या के विरोध में ज्ञापन देते बसपाई ।

### तमिलनाडु बसपा अध्यक्ष की हत्या की सीबीआई जांच हो

- **कानपुर।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष राज कुमार कप्तान की अगुवाई में बसपा के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय को सौंपा। मांग की गई कि तमिलनाडु बसपा के प्रदेश अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग एडवोकेट के हत्या की जांच सीबीआई से कराई जाए और दोषियों की फांसी की सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि चेन्नई स्थित उनके आवास के बाहर शाम को डिलीवरी ब्याय बनकर आए अज्ञात हमलावरों ने उन्हें मौत के घाट उतार दिया। मांग की गई है कि फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चले। प्रतिनिधि मंडल में मंडल प्रभारी अनिलपाल आदि थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

सूचित हो कि मैं **राम अनुज सूत रामनरायन निवासी– ग्राम नरवारी थाना अखण्डनगर तहसील कादीपुर जिला सुलतानपुर,** मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका क्रमांक 1561045–H61/012735 सन् 2017 अनुक्रमांक सं0–1893999. JSHSSP- वासूपुर, अखण्डनगर, सुलतानपुर वास्तव में खो गयी हैं

### सूचना

सूचित हो कि **राम जियावन पुत्र माधौ निवासी ग्राम असैथा पट्टी बलजोर, थाना– सरपतहाँ, तहसील– शाहगंज, जनपद जौनपुर पिन 223103 (उ0प्र0)** मेरे वर्तमान पासपोर्ट नं0–M4296380 है जिसमें मेरा नाम JIVAN LAL JAISWAR दर्ज है। जबकि मेरे आधारकार्ड व पैनकार्ड में मेरा नाम RAM JIYAVAN दर्ज है। यह कि JIVAN LAL JAISWAR और RAM JIYAVAN दोनों एक ही व्यक्ति है।

### सूचना

सूचित हो कि ड्राइविंग लाइसेन्स पर मेरा नाम अखिलेश कुमार (AKHILESH KUMAR ) दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही नाम अखिलेश मौर्य (AKHILESH MAURY ) है । अत: मेरा सही नाम अखिलेश मौर्य (AKHILESH MAURY ) परिवहन कार्यालय में दर्ज किया जाय। अखिलेश मार्या पुत्र अजय कुमार मौर्या, निवासी– निन्दूरा, बाराबंकी।

### सूचना

मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम तौकीर अहमद (TAUKEER AHMAD) व पिता का नाम रज्जाक खां (RAZZAK KHAN) जन्मदिन तिथि 01/05/1960 गलत अंकित हो गई है जबकि मेरे सभी प्रपत्रों में सही नाम तौकीर खां TAUKEER KHAN पिता का नाम अब्दुल रज्जाक खां ABDUL RAJJAK KHAN जन्मतिथि 12/05/1966 अंकित है इसी जन्मतिथि एवं नाम से जाना पहचाना जाए। **तौकीर खां पुत्र अब्दुल रज्जाक खां ग्राम मूसेपुर खुर्द खीरी टाउन थाना व जिला खीरी**

### सूचना

यह कि मेरे पति का नाम मेवालाल राठौर था। उनके आधार कार्ड में मेवालाल लिखा है। दोनों नाम मेरे पति के हैं। उन्हें दोनो नामों से जाना जाता था। उनका सही नाम मेवालाल राठौर है।– **गंगाजली पत्नी स्व.मेवालाल राठौर, नि.शत्तीपुर, मौजा डयौढा, तहसील तिर्वा, जन.कन्नौज**

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपना नाम QUTUB ALAM KHAN से बदलकर KUTUB AHMAD KHAN रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- MOHAMMAD MUSA KHAN, Add- VILLAND, POST- JAGANPUR, ROUNAHI, AYODHYA

### सूचना

मैं सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय राम गुलाम पाठक निवासी 157 अ, बहरा सौदागर पूर्वी भाग 8 , सर्कुलर रोड हरदोई – उत्तर प्रदेश का निवासी हूं । मैने दिनांक 9 जुलाई 2024 को नौटरी कौशल किशोर के सामने शपथपत्र द्वारा अपना नाम बदल कर 'सुनील कुमार पाठक ' कर लिया है। अब मुझे मेरे नए नाम ' सुनील कुमार पाठक ' से ही जाना जाए ।

### सूचना

मै **सैय्यद रिज़वान हैदर रिज़वी पुत्र स्व0 सैय्यद मुज़फ्फर हुसैन रिज़वी नि– 443/673, जलनिगम रोड, मेहताबबाग़, ठाकुरगंज, लखनऊ** घोषित करता हूँ कि मेरा नाम SAYED RIZWAN HAIDER RIZVI मेरी पत्नी का नाम MAINAZ FATIMA एवं मेरे पुत्र का नाम MOHD- WAQAR HAIDER RIZVI सभी विषयों हेतु वास्तविक है

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपनी पुत्री दिव्यांका के चाल चलन एवं आचरण से तंग आकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। पुत्री दिव्यांका से न ही मेरा और ना ही मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई लेना देना है। भविष्य में उसके द्वारा किसी प्रकार का कृत्य किया जाता है तो उसकी जिम्मेदार वह स्वयं होगी, उससे मेरा और मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई वास्ता नहीं रहेगा। **विपिन कुमार पुत्र स्वर्गीय राजेश्वर प्रसाद, निवासी –ग्राम नरायनपुर, थाना शिवगढ़, जनपद – रायबरेली।**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **पुतानी कोरी उर्फ पुत्तन लाल पुत्र स्व0 परिदीन निवासी– ग्राम अमोल कल्ली परिश्चम, लखनऊ** मेरा वास्तविक व सही नाम पुत्तन लाल जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश पुतानी कोरी अंकित हो गया है। अत: मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पुतानी कोरी के स्थान पर पुत्तन लाल अंकित किया जाय।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े पुत्र सोहराब अली उर्फ सानू मेरे कहने सुनने में नही है। मैं उसकी असमाजिक गतिविधियों से आजिज आ चुका हूं। मैं सोहराब अली उर्फ सानू को अपने समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। सोहराब द्वारा किये गए किसी भी नैतिक व अनैतिक कृत्य के लिए मेरा कोई वास्ता सरोकार नही है। **–हामिद हुसैन पुत्र इमाम अली, ग्राम व पोस्ट थाना व तहसील लंभुआ, वार्ड 09, विवेक नगर, नगर पंचायत लंभुआ, जिला– सुल्तानपुर**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अयोध्या प्रसाद बाजपेई पुत्र स्व. देवी शंकर बाजपेई निवासी ग्राम महराजपुर पोस्ट कोड़रा, थाना सरेनी, जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे पुत्र रवीकान्त बाजपेई और पुत्रवधू प्राची उर्फ नम्रता पत्नी रवीकान्त बाजपेई जिनका चाल चलन अत्यधिक खराब है। परिवार में किसी के प्रति कोई लगाव नहीं है। पुत्र और पुत्रवधू के कृत्य समाज विरोधी है। भविष्य उनके द्वारा किए गए लेन–देन और कृत्यों का मेरा और मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा

## आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 32.6° | 24.8° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 23 | सूर्यास्त 07 : 05 |

## शहर में आज

- **स्वास्थ्य शिविर** : रोटरी क्लब ऑफ कानपुर डिविनिटी का हेल्थ चेकअप कैंप ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन में सुबह 10 बजे से।
- **निरीक्षण** : कानपुर लोकसभा के सांसद रमेश अवस्थी ग्रीनपार्क स्टेडियम का निरीक्षण करेंगे प्रात: 10 बजे।
- **वितरण** : नवीन सभागार सरसैया घाट में जनप्रतिनिधियों द्वारा नवचयनित लेखपालों को नियुक्त पत्र वितरण पूर्वाहन 10 :30 बजे।
- **स्थापना दिवस** : इनरव्हील क्लब ऑफ कानपुर मेन का स्थापना दिवस लिटिलसेफ, सिविल लाइन में दोपहर 12 .30 बजे।
- **कवि गोष्ठी** : आचार्य गोरेलाल त्रिपाठी स्मृति निधि की ओर से 86/323 देवनगर में कवि गोष्ठी दोपहर 1 बजे से।

**मैरिज हॉल, गेस्ट हाउस के बाहर दहेज प्रतिषेध अधिकारी का नाम व मोबाइल नंबर लिखना अनिवार्य**

# शादी में क्या मिले गिफ्ट, प्रशासन को दीजिए पूरी लिस्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक माह के भीतर वर-वधू दोनों पक्षों को देनी होगी सूची

**अमृत विचार।** शादी में वर पक्ष को वधू पक्ष की ओर से तोहफे मिलते हैं। अब शादी में वर पक्ष को क्या कुछ मिला और वधू पक्ष ने क्या-क्या दिया, इसकी पूरी जानकारी जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी को भी उपलब्ध करानी होगी, वह भी एक माह के भीतर। यह सूचना वर-वधू दोनों पक्षों को देनी होगी।

शहर में दहेज प्रतिषेध अधिनियम प्रभावी रूप से लागू करने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी एसडीएम, थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में स्थित गेस्ट हाउस, विवाह कार्यक्रम स्थल, पार्टी लॉन में जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी का नाम और मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से लिखवाना सुनिश्चित करेंगे।

शहर में जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह के पास फिलहाल जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी का भी प्रभार है। उन्होंने बताया कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 10 के तहत मैरिज हॉल, होटलों, बारात घर, गेस्ट हाउस समेत उन सभी जगह पर बोर्ड लगाना अनिवार्य है, जहां विवाह कार्यक्रम होते हैं। इसके साथ ही एक माह के अंदर वर और वधू पक्ष को शादी में मिले उपहारों की सूची उपलब्ध करानी होगी।

### सखी और सामाजिक संगठन करेंगे प्रचार



जिलाधिकारी ने बताया कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम का सखी, वन स्टॉप सेंटर और सामाजिक संगठनों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। दहेज लेना और देना दोनों अपराध की श्रेणी में आते हैं, इसकी लोगों को जानकारी दी जाएगी। शहर में इस एक्ट को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए गेस्ट हाउस संचालकों से पूछताछ की जा सकती है। गेस्ट हाउस में किसकी शादी कब हुई, इसकी जानकारी रखनी होगी।

### विवाद निपटारा में होगी आसानी

- दहेज प्रतिषेध अधिनियम कड़ाई से लागू करने पर वर व वधू पक्ष के बीच शादी के बाद होने वाले विवादों के निपटारे में आसानी होगी। इसके साथ ही शादी समारोह में कीमती तोहफे के चलन पर अंकुश लगेगा। दहेज प्रथा पर रोक लगेगी।

# इमरान ने अमन बनकर की दोस्ती, फिर दुष्कर्म किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कर्नलगंज थानाक्षेत्र निवासी युवती ने रायपुरवा निवासी दूसरे समुदाय के युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार आरोपी धर्मांतरण का दबाव बना रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

कर्नलगंज के एक क्षेत्र में रहने वाली पीड़ित युवती के अनुसार इंस्टाग्राम से उसकी दोस्ती अमन नाम के युवक से हुई थी। पहले उसने अपना नाम अमन बताया जब उसने शादी की बात की तो अमन ने अपना नाम इमरान बताया। इस बात का पता चलने पर उसने शादी से मना कर दिया। युवती का आरोप है कि इमरान ने धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। आरोप है, कि 4 वर्ष से इमरान उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। वह 2 माह से गर्भ से है। उसने गालीगलौज करते हुए कहा कि वह पेट में पल रहे शिशु को मार डालेगा। इस संबंध में कर्नलगंज इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर अमन उर्फ इमरान के खिलाफ दुष्कर्म, गालीगलौज, धमकी व उत्तरप्रदेश विधि विरुद्ध धर्म सपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# 12 लाख का सोना और 3 किलो चांदी लेकर कारीगर हुआ फरार

## कोतवाली थानाक्षेत्र के चौक सर्राफा में सराफा कारोबारियों के साथ हुई वारदात

**धोखाधड़ी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कारोबारी एडिशनल सीपी से मिले, आरोपी की लोकेशन हैलट अस्पताल के पास मिली

**अमृत विचार।** कोतवाली थानाक्षेत्र के चौक सर्राफा इलाके से पांच सराफा कारोबारियों का तकरीबन 12 लाख का सोना-चांदी लेकर कारीगर फरार हो गया। पीड़ित कारोबारियों ने एडिशनल सीपी से मामले की शिकायत की।

उत्तर प्रदेश ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री पुष्पेंद्र जायसवाल ने एडिशनल सीपी हरीश चंदर को बताया कि धोबी मोहाल चौक सर्राफा इलाके में गौरव वर्मा, अमन वर्मा, संतोष सिंह, राजीव वर्मा और आदित्य वर्मा का सराफा कारोबार है। ये लोग शहर में रहने वाले गोरखपुर के गजपुर गगहा निवासी कारीगर से ज्वैलरी बनवाते थे। कुछ दिन पहले पांच कारोबारियों ने ज्वैलरी बनाने के लिये लगभग 12 लाख रुपये का 45 ग्राम सोना और 3 किलो चांदी दी थी। कई दिन तक आरोपी ने माल नहीं दिया तो व्यापारियों ने फोन किया जिस पर वह टालता रहा। कुछ दिन से आरोपी का फोन भी नहीं लग रहा है। जिस पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ पीड़ित सर्राफ एडिशनल सीपी हरीश चंदर से मिले। उन्होंने पीड़ितों को कोतवाली थाने भेजा। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया आरोपी की लोकेशन हैलट के पास की निकली है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### सर्राफों के साथ हुई घटनाएं

- बजरिया थानाक्षेत्र के बेकनगंज से महाराष्ट्र के सांगली के नागराले का कारीगर संपत राव लवेटे 2023 दिसंबर को क्षेत्र के कारोबारियों का तकरीबन 10-15 करोड़ का सोना और डेढ़ लाख के आसपास कैश लेकर फरार हुआ था। आठ माह बाद भी उसका सुराग पुलिस नहीं लगा सकी है। उसके एक साथी को पुलिस जेल भेज चुकी है।
- फीलखाना थानाक्षेत्र में नयागंज का कारीगर हरीओम तीन से चार कारोबारियों को डेढ़ कारोबारियों का सुनियोजित तरीके से सोना लेकर फरार हो गया था। आरोपी को गुड़गांव से गिरफ्तार कर लिया गया था।
- कोतवाली क्षेत्र में चौक सर्राफा में कारीगर तपस धन तकरीबन 30 लाख रुपये का सोना लेकर भाग गया था। सीसीटीवी में कैद हुई घटना के बाद आरोपी को पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया था।

### राष्ट्रीय सम्मेलन में जताई गई थी चिंता

**कानपुर।** ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के सोमवार को राष्ट्रीय सम्मेलन में आभूषण कारोबारियों ने स्टॉक की लूट रोकने के लिए एकजुटता प्रदर्शित की थी। तय हुआ था कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम और अपराधियों को पकड़ने के लिए सोशल मीडिया के जरिए सूचना और सहायता का तंत्र बनाया जाएगा। सम्मेलन में 8 राज्यों के आभूषण कारोबारियों ने भाग लेते हुए सोना-चांदी की लूट और तस्करी रोकने के लिए कड़े कानून बनाए जाने की मांग की थी।

## एक नजर

### वसूली के मामले में संग्रह अमीन बर्खास्त

**कानपुर।** वसूली में निलंबित चल रहे संग्रह अमीन सहकारिता महावीर प्रसाद मिश्रा को मंगलवार को जिलाधिकारी ने बर्खास्त कर दिया। संग्रह अमीन महावीर प्रसाद राजस्व वसूली करता था। करीब तीन माह पहले किसी मामले में उस पर वसूली का आरोप लगा था। इस मामले में वीडियो वायरल होने और शिकायत पर एसडीएम सदर प्रखर कुमार सिंह ने मामले में जांच के बाद अमीन को निलंबित कर दिया था। मामले में जांच चल रही थी और तब से संग्रह अमीन निलंबित था। जांच रिपोर्ट मिलने पर जिलाधिकारी ने संग्रह अमीन को बर्खास्त कर दिया।





मर्चेंट चेंबर सभागार में मौजूद आयकर कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

# आयकर कर्मचारी महासंघ के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आयकर कर्मचारी महासंघ पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड सर्किल कानपुर की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मर्चेंट चेंबर सभागार में हुआ।

मंगलवार को भानु प्रताप सिंह चौहान सर्किल चुनाव आयुक्त आयकर कर्मचारी महासंघ पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड ने रंजीत शर्मा अध्यक्ष, संतोष केसरी कार्यकारी अध्यक्ष, बृजेश कुमार एवं यतेंद्र सिंह उपाध्यक्ष, सुनील कुमार महासचिव एवं अमिय आनंद पांडेय को अतिरिक्त सचिव पद की शपथ दिलाई। नवीन कुमार एवं पंकज यादव संयुक्त सचिव, ब्रजेश बाजपेयी को वित्त सचिव, अभिषेक बाजपेयी एवं समर बहादुर तिवारी ने सहायक सचिव पद की शपथ ली।

इस अवसर पर हेमंत जवाहरलाल प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड रीजन कानपुर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। अजय तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष आईटीईएफ केंद्रीय मुख्यालय नई दिल्ली विशिष्ट अतिथि, विवेक गुप्ता आयकर आयुक्त प्रशासन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयकर राजपत्रित संघ से राघवेंद्र सिंह महासचिव, शरद प्रकाश अग्रवाल संयुक्त सचिव उपस्थित रहे। अनुसूचित जाति एवं जनजाति संघ से मोहनलाल मुकेश उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

इस मौके पर प्रवीण कुमार बाजपेयी, आनंद द्विवेदी, उमेश वर्मा, मोहित गौतम, वैभव सचान, अनिल चौधरी आदि मौजूद रहे।



गंगा बैराज पर भारी मात्रा में आई जलकुंभी। अमृत विचार

# जलकुंभी ने रोकी पेयजल सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सिंचाई विभाग की लापरवाही के चलते आपूर्ति हुई ठप

**अमृत विचार।** मंगलवार को सिंचाई विभाग की लापरवाही से 5 लाख आबादी को जलापूर्ति नहीं हो पाई। गंगा में भारी मात्रा में जलकुंभी आने से जलकल के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को पानी नहीं मिल सका। इससे शाम को 50 एमएलडी पानी की सप्लाई कई क्षेत्रों में नहीं हो पाई। विकास नगर, कल्याणपुर, पनकी समेत एक दर्जन क्षेत्रों में पानी सप्लाई नहीं हुई।

जलकल ने कर्बला के पास वाटर ट्रीटमेंट बनाया है। गंगा बैराज से यहां पानी पहुंचता है। गंगा में भारी मात्रा में पानी आ रहा है, बड़ी मात्रा में जलकुंभी भी आ रही है। इसको साफ करने की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की है। लेकिन सिंचाई विभाग ने इस पर ध्यान नहीं दिया। जलकल अधिकारियों की आपत्ति के बाद भी सिंचाई विभाग के अधिकारी नहीं माने। इसको लेकर दोनों विभाग के अधिकारियों के बीच बहस भी हुई। पानी आपूर्ति ठप होने पर बैराज के गेट की ओपनिंग बढ़ाकर जलकुंभी को बहाया गया। इसके बाद पानी जलकल के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी पहुंच सका। जलकल जीएम एके त्रिपाठी ने बताया कि गंगा में जलकुंभी आने से ट्रीटमेंट प्लांट को पानी नहीं मिल सका, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य हो गई। 5 लाख आबादी को शाम को सप्लाई नहीं किया जा सका है।

# एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर व ठेकेदार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गैरइरादतन हत्या की धारा में सचेंडी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट
- सचेंडी अंडरपास के पास हादसे में दो युवकों की मौत हुई थी
- आरोप, निर्माण कार्य के दौरान बरती थी लापरवाही

**अमृत विचार।** सचेंडी हाईवे पर निर्माणाधीन अंडरपास के रखे बोल्डरों में कार टकराने से दो लोगों की मौत के मामले में मंगलवार को मृतक के पिता ने सचेंडी थाने में एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर व कार्यदायी संस्था के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान एनएचएआई ने राहगीरों के बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं की थीं, जिस कारण हादसा हुआ।

पनकी गंगागंज, विद्यार्थी नगर निवासी राजेश कुमार ने बताया इकलौता बेटा अभिषेक दिल्ली यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई कर रहा था, साथ ही सिविल सर्विस की तैयारी भी कर रहा था। बेटा कानपुर यूनिवर्सिटी से एलएलएम व यूजीसी नेट भी क्वालीफाई कर चुका था। 13 अप्रैल को अभिषेक अपने तीन दोस्तों के साथ सुबह करीब चार बजे दिल्ला जा रहा था। सचेंडी हाईवे पर निर्माणाधीन अंडरपास के नजदीक कार हाईवे पर रखे बोल्डरों से टकरा गई थी। हादसे में बेटे के दोस्त सुमित यादव की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि इलाज के दौरान 2 मई को बेटे की भी मौत हो गई।

आरोप है कि एनएचएआई अधिकारियों व कार्यदायी संस्था की लापरवाही से हादसा हुआ। निर्माण स्थल के पास न ही स्पीड ब्रेकर थे और न ही लाइट की व्यवस्था। रास्ते में साइनेज, रिफ्लेक्टिव संकेत व एंबुलेंस की व्यवस्था भी नहीं थी। सचेंडी थाना प्रभारी ने बताया कि एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर व ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या में रिपोर्ट दर्ज की है।



# चालान खत्म न करने पर आरटीओ तलब

**कानपुर।** शासनादेश व कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने पर सीजेएम कोर्ट ने आरटीओ को 18 जुलाई को तलब किया है।

31 दिसंबर 2017 से लेकर दिसंबर 2021 तक के वाहनों के चालान खत्म करने का यूपी सरकार ने शासनादेश जारी किया था। शासनादेश जारी होने के बाद भी वाहनों का चालान खत्म न होने पर वादी ज्ञानेश्वर, राजन व उदयभान सिंह ने सीजेएम सूरज मिश्रा की कोर्ट में याचिका दाखिल की। जिस पर कोर्ट ने कानपुर आरटीओ को वाहनों का चालान निरस्त करने के आदेश जारी किए थे, लेकिन चालान खत्म करने की कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर मंगलवार को कोर्ट ने मामले को संज्ञान लेते हुए आरटीओ को 18 जुलाई को तलब होने के आदेश जारी किए।

# मुनाफे के नाम पर 2.59 करोड़ रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काकादेव मोती विहार सोसाइटी के कारोबारी को ठगा
- पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार।** शहर के बड़े कारोबारी को निवेश और मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने 2.59 करोड़ रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। साइबर टीम शातिरों की गिरफ्तारी के लिए अकाउंट नंबर के आधार पर दूसरे राज्यों में तलाश को गई हुई है।

काकादेव थानाक्षेत्र के मोती विहार सोसाइटी निवासी अनुराग अग्रवाल बड़े कारोबारी हैं। उन्होंने बताया कि फेसबुक पर उन्हें शेयर मार्केट की वेबसाइट का लिंक मिला। इसमें कम निवेश में ज्यादा मुनाफे की बात कही गई थी। अनुराग ने बताया कि विज्ञापन पर क्लिक किया तो उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया। कुछ समय तक निवेश संबंधी जानकारी देने के बाद एक एप पर निवेश के लिए अकाउंट बनवाया और फिर 5 अप्रैल से 13 जून के बीच 2.59 करोड़ रुपये करोड़ रुपये का निवेश कर दिया। कारोबारी ने बताया कि ग्रुप में जुड़े लोग क्रिप्टो करेंसी में रुपये लगाने को बोल रहे थे। उनके अकाउंट में डॉलर में मुनाफा भी दिखाई दे रहा था। इसके बाद ग्रुप में जुड़े लोग ज्यादा रुपये निवेश करने पर जोर दे रहे थे। प्रभाव में आने के बाद उन्होंने रुपये निवेश कर दिए। पैसा निकालने का प्रयास किया तो ठगों ने पेमेंट लेट होने का हवाला देते हुए लेट पेमेंट जमा करने की बात कही। उन्होंने अपने ट्रेडिंग अकाउंट से सभी क्रिप्टो करेंसी बेच कर रुपये देने की बात कही तो ठगों ने उनका ट्रेडिंग एकाउंट ही फ्रीज कर दिया। नंबर भी ब्लॉक कर दिया गया। उन्होंने साइबर क्राइम में इसकी शिकायत की। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में साइबर क्राइम की टीम कई राज्यों में छापेमारी कर रही है।

**साइबर क्राइम** | दिल्ली, एनसीआर व महाराष्ट्र के ठगों ने झारखंड को पीछे छोड़ा, प्रतिबिंब एप से साइबर सेल टीम तोड़ रही ठगों का नेटवर्क

# ठगी की ज्यादातर कॉल भीमसेन और कानपुर देहात से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अलग-अलग पैंतरा आजमा कर साइबर ठग लोगों को हर दिन अपना शिकार बना रहे हैं। ठगों को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबिंब एप साइबर अपराधियों पर आफत बनकर टूट रहा है। एप में अपराधी के कॉल करने पर उसकी सीधे लोकेशन साइबर क्राइम सेल को मिल रही है, जिससे टीम सर्विलांस टीम की मदद से उन पर लगातार शिकंजा कसा रही है। अब एक जानकारी सामने आई है कि इन दिनों ठगी करने वाली ज्यादातर कॉल भीमसेन और कानपुर देहात से आ रही हैं।

साइबर इंस्पेक्टर हरमीत सिंह ने बताया कि 21 नवंबर 2023 से शहर में प्रतिबिंब एप की शुरूआत हुई थी। प्रतिबिंब एप की मदद से किसी इलाके में सक्रिय साइबर अपराधियों की सही समय की जानकारी उस क्षेत्र के अफसरों को मिल जाती है। इधर कुछ समय से ठगी की ज्यादातर कॉल भीमसेन और देहात से ट्रेस हो रही हैं। उन्होंने बताया कि यहां से अब तक 450 संदिग्ध धोखाधड़ी करने वालों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अभी तक झारखंड के साइबर अपराधी लोगों को कॉल करके लोगों को अलग-अलग प्रलोभन से ठग रहे थे। लेकिन अब दिल्ली एनसीआर और महाराष्ट्र से ठग नई-नई तकनीकी का इस्तेमाल करके शिकार को फंसा रहे हैं। इस एप की मदद से वह और उनकी साइबर क्राइम सेल की टीम लगातार शातिरों की सुरागरसी कर रही हैं।

### दो गुना आगे सोचते अपराधी





साइबर अपराधियों को पकड़ने में प्रतिबिंब एप के बारे में जानकारी देते हुए साइबर इंस्पेक्टर हरमीत सिंह ने बताया कि अभी तक साइबर अपराध की जांच पीड़ित के स्थान पर होती थी। साइबर अपराधी उन लोगों से दो गुना आगे सोचकर चलते हैं। लोकेशन मिलने पर शातिर ठग भी सतर्क हो जाते हैं। पीड़ित अपने स्थानीय पुलिस स्टेशन में साइबर अपराध की शिकायत करता है, वहां की टीम साइबर सेल की टीम के साथ मौके पर जाकर साइबर अपराधी को पकड़ती हैं। इस एप के बाद से झारखंड में अपराधों की गिरावट दर्ज की गई है, वहीं दिल्ली और महाराष्ट्र में यह खेल बढ़ रहा है।

# इंग्लैंड में नौकरी का झांसा देकर 2.09 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दादानगर की युवती को साइबर ठगों ने बनाया शिकार

**अमृत विचार।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में युवती को इंग्लैंड में नौकरी का झांसा देकर शातिर ने 2.09 लाख रुपये की ठगी कर ली। कई दिनों तक नौकरी न मिलने पर युवती ने नंबर से संपर्क करने का प्रयास किया जो कि बंद बताने लगा। जिसके बाद पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ। पीड़िता ने गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

दादानगर निवासी प्रिया कुशवाहा ने बताया कि बीते मई माह में उनके पास एक मैसेज आया, जिसमें उन्हें जॉब का आफर दिया गया। मैसेज करने वाले को खुद को हरियाणा का बताते हुए इंग्लैंड में टेक्सटाइल का व्यापार होने की बात कही। प्रिया ने बताया कि यवुक ने नौकरी से पहले पंजीकरण की बात कह कर खाते में 2.09 लाख रुपये जमा करने की बात कही। झांसे में आकर पीड़िता ने बताए गए तीन खातों में पैसे जमा कर दिए। कई दिनों तक फोन न आने पर पीड़िता ने नंबर ने संपर्क करने का प्रयास किया तो वह बंद बताने लगा, जिसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पीड़िता ने गोविंद नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। गोविंद नगर इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# अवैध वाहन स्टैंडों पर होगी सख्ती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में स्टैंड संचालक की गोली मार कर हत्या करने के बाद जिला प्रशासन अवैध स्टैंड संचालक पर कोई नरमी बरतने के मूड में नहीं है। मंगलवार को अवैध स्टैंड संचालकों के खिलाफ मंडलायुक्त व पुलिस कमिश्नर की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें मंडलायुक्त ने स्टैंड संचालकों को चिन्हित कर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश जारी किए।

शुक्रवार को ताज नगर निवासी नौबस्ता स्टैंड संचालक हरिकरन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। अवैध स्टैंड में साझेदारी को लेकर हुए विवाद के बाद हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद सोमवार की रात डीसीपी साउथ ने बंसत विहार चौकी इंचार्ज छत्रपाल सिंह, दरोगा सत्येंद्र सिंह व हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार को निलंबित कर दिया था।





मंडलायुक्त ने बैठक कर दिए निर्देश। अमृत विचार

- मंडलायुक्त और पुलिस कमिश्नर की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक
- स्टैंडों को चिन्हित कर संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट के निर्देश

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने नौबस्ता इंस्पेक्टर को हटा दिया था। मंगलवार को मंडलायुक्त अमित गुप्ता व पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की अध्यक्षता में मंडलायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। निर्णय लिया गया कि शहर संचालित हो रहे ऑटो, टैंपो स्टैंड को चिन्हित किया जाए। साथ ही इनका संचालन करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाए। बैठक में डीएम राकेश कुमार सिंह, डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, डीसीपी दक्षिण रविंद्र कुमार, डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह समेत नगर निगम, आरटीओ व केडीए के अधिकारी मौजूद रहे।

# अटल घाट की सीढ़ियां डूबीं, बैराज के 30 गेट खोले

## तेजी से बढ़ रहा गंगा का जल स्तर, नरोरा से आए पानी में पेड़ तक बहकर आए, प्रशासन अलर्ट मोड पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



अटल घाट पर पानी चढ़ने के बाद आने वाले लोगों को हिदायत दी जा रही है। अमृत विचार




गंगा बैराज पर लगा चेतावनी का बोर्ड।

- 3 साल बाद जुलाई में इतनी बढ़ी गंगा की धारा
- नरोरा से छोड़ा 4 लाख क्यूसेक पानी भी आएगा

**अमृत विचार।** पहाड़ों और मैदानी इलाकों में हो रही लगातार बारिश से गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। हरिद्वार और नरोरा डैम से बड़ी मात्रा में छोड़े जा रहे पानी की वजह से कानपुर में गंगा का पानी अपस्ट्रीम पर चेतावनी बिंदु के करीब पहुंच गया है। सिंचाई विभाग को गंगा बैराज के सभी 30 गेट खोलने पड़े हैं।

गंगा बैराज के समीप स्थित अटल घाट की आधी से ज्यादा सीढ़ियां पानी में डूब गई हैं। बैराज नियंत्रण कक्ष में तैनात अधिकारियों के अनुसार 3 वर्षों में पहली बार है कि जुलाई की शुरुआत में ही गंगा में पानी इतनी तेजी से बढ़ गया है। अभी इसके और बढ़ने के आसार हैं, क्योंकि पिछले दो दिनों में नरोरा डैम से 4 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा गया है। यह बुधवार से पहुंचना शुरू हो जाएगा।

गंगा में पीछे से बड़ी मात्रा में पानी आता देखकर बैराज से दो दिन में लगभग एक लाख क्यूसेक पानी छोड़ना पड़ा है। सभी 30 गेट खोल दिये गये हैं। हालांकि अभी पूरी तरह ऊपर नहीं उठाए गए हैं। गंगा की लहरें घाटों पर पहुंच गई हैं। दो दिन में अटल घाट पर 15 सीढ़ियां डूब गई हैं। घाट पर तैनात कर्मचारियों के अनुसार सोमवार और मंगलवार में 20 फीट पानी ऊपर चढ़ा है। गंगा में जलकुंभी के साथ पेड़ तक बहकर आ रहे हैं। भैरोघाट, परमट, सरसैया घाट पर भी पानी बढ़ गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारी बढ़ते जलस्तर की प्रशासन को लगातार सूचना दे रहे हैं।

### 9 जुलाई को गंगा का जलस्तर

| | |
|---|---|
| चेतावनी बिंदु | 114 मीटर |
| अपस्ट्रीम | 112.050 मीटर |
| डाउनस्ट्रीम | 111.500 मीटर |
| शुक्लागंज | 109.800 मीटर |
| हरिद्वार से छोड़ा गया पानी | 44044 क्यूसेक |
| नरोरा से छोड़ा गया पानी | 122848 क्यूसेक |

### यह क्षेत्र बाढ़ से हो सकते प्रभावित

कोहना चौकी के पूरब की ओर कटरी, चैनपुरवा, धारमखेड़ा, दिगनीपुरवा, पहाड़ीपुर, छोटा मंगलपुर, बैराज से सिंहपुर की ओर भोपालपुरवा, बनियापुरवा, बंगला, पुराना ढल्लापुरवा, गिल्ली का पुरवा, दुर्गा का पुरवा, भगवानदीनपुरवा, जाजमऊ से उन्नाव की ओर जाने गांव, छब्बूपुरवा, गुट्टीपुरवा, निहालखेड़ा, नई बस्ती, नया पीपरखेड़ा, पुराना पीपरखेड़ा, दीनकनगर, बदुवाखेड़ा, जुराखनखेड़ा।

### शुक्लागंज में 110 मीटर के करीब जलस्तर

गंगा बैराज के गेज रीडर उत्तम पाल ने बताया कि सोमवार दोपहर को गंगा बैराज से 14,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। मंगलवार सुबह और शाम कुल 63,705 क्यूसेक पानी बैराज से छोड़ा गया। इससे डाउनस्ट्रीम में जलस्तर 111.500 मीटर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह यह 109 मीटर के करीब था। शुक्लागंज में मंगलवार शाम को 109.800 मीटर जलस्तर दर्ज किया गया। यहां शनिवार को जलस्तर 106 मीटर के करीब था।

# नहीं बन सके सामूहिक विवाह के सर्टिफिकेट

एक्सक्लूसिव

- नगर निगम में मार्च के महीने में 36 जोड़ों का कराया गया था सामूहिक विवाह
- नवनियुक्त समाज कल्याण अधिकारी ने सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर नहीं किए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजना से भी अधिकारी किस तरह खिलवाड़ कर रहे हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मार्च से चार माह बीत जाने के बाद सामूहिक विवाह प्रमाणपत्र जोड़ों को नहीं मिल सका है। उनके प्रमाणपत्र पर जिला समाज कल्याण अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं हैं। समाज कल्याण अधिकारी का तबादला हो चुका है, नवनियुक्त समाज कल्याण अधिकारी ने यह कहकर प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया कि हमारे कार्यकाल में कार्यक्रम नहीं हुआ है तो मैं हस्ताक्षर कैसे कर दूं।

समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेंत्र सिंह का तबादला हो गया है। उनके स्थान पर महिला अधिकारी ने 3 जुलाई को चार्ज लिया है। 10 मार्च को 38 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ था। ये कार्यक्रम नगर निगम के लॉन नंबर एक में हुआ था। नगर निगम का कर्मचारी मंगलवार को 38 सामूहिक विवाह प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर कराने के लिए नवनियुक्त समाज कल्याण अधिकारी के पास पहुंचा तो उन्होंने प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया और ये कहा कि मार्च में वह कानपुर में नहीं थीं तो हस्ताक्षर कैसे कर दें। नगर निगम कर्मचारी ने कहा कि आचार संहिता लगने के कारण हस्ताक्षर नहीं हो पाए हैं, इसपर उन्होंने कहा कि जो अधिकारी उस समय थे, उन्हीं से हस्ताक्षर कराएं।

## एक नजर

### अमृत विचार प्रसार प्रबंधक को मातृ शोक

**कानपुर।** अमृत विचार कानपुर के प्रसार प्रबंधक जितेंद्र गुप्ता की 85 वर्षीय मां



रामबेटी गुप्ता का बीमारी के कारण मंगलवार को निधन हो गया। उन्हें उपचार के लिए कुलवंती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह अपने पीछे पुत्र रामचन्द्र, देवेंद्र, जितेंद्र,आदित्य ,पुत्री प्रमोदनी,विनोदनी,अलका,मिथलेश का भरापुरा परिवार छोड़ गईं हैं। जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि बुधवार को रावतपुर आदर्श नगर स्थित आवास से सुबह 10 बजे अंतिम यात्रा भैरोघाट के लिए प्रस्थान करेगी।

### वृद्धा पर गिरी दीवार, मौत

**कानपुर।** नरवल थानाक्षेत्र के शीशूपुर निवासी 69 वर्षीय रामदेवी घर पर बैठी थीं। इस दौरान 7 जुलाई को मिट्टी की दीवार भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। परिजन अस्पताल लेकर भागे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महाराजपुर थानाक्षेत्र की वारदात, तीन पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में खेत जा रही किशोरी को बाइक सवार दो युवकों ने रास्ते में अगवा कर लिया। इसके बाद उन्नाव के एक गांव ले जाकर उसके साथ तीन लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटी और अपने मित्र को फोन पर पूरा घटनाक्रम बताया। उन्नाव पहुंचे परिजन किशोरी को महाराजपुर थाने लेकर पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा है।

महाराजपुर के एक गांव निवासी किसान के अनुसार उनकी 17 वर्षीय बेटी सात जुलाई को बहन के घर त्रिलोकपुर गई थी। शाम करीब साढ़े चार बजे किशोरी खेत पर जा रही थी। तभी बाइक सवार दो युवकों ने किशोरी को पकड़ा और बाइक में जबरन बैठा लिया। फिर उसके मुंह पर हाथ रखकर उसे उन्नाव के बंबीपुरवा गांव ले गए। जहां पर तीन आरोपियों ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। किशोरी किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर भागी और राहगीर से मोबाइल लेकर अपने मित्र को फोन किया। फिर मित्र ने किशोरी के परिजनों को सूचित किया। उन्नाव पहुंचे परिजनों को बेटी बदहवास हालत में सड़क किनारे पड़ी मिली। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजय पांडेय ने बताया कि तीन आरोपियों के खिलाफ अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

# छोटे भाई का ब्लेड से काटा गला

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के अहिरवां इलाके में एक महिला ने जेठ पर आरोप लगाया कि घरेलू विवाद में आरोपी ने उनके पति को पीटा और ब्लेड से हमला कर गला काट दिया। महिला ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अहिरवां के यादव नगर निवासी उर्मिला देवी के अनुसार सोमवार की रात को उनका जेठ सुनील कुमार घर आया और घरेलू विवाद में उनके पति अमित से झगड़ा कर गालीगलौज करने लगा। पति ने गाली देने का विरोध किया तो आरोपी ने अमित को मारापीटा। इस दौरान पास में रखे ब्लेड से गले पर वार कर दिया। जिससे वह लहूलुहान कर जमीन पर गिर पड़े। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकला है। रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# छात्र ने लाइव वीडियो कॉल कर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रेमिका ने कमरे पर आने से किया था मना

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में उन्नाव के रहने वाले आईटीआई छात्र ने प्रेमिका के न आने पर लाइव वीडियो कॉल कर आत्महत्या कर ली। यह नजारा देख प्रेमिका कमरे पर पहुंची और आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा खुलवाया तो छात्र फंदे पर लटका मिला। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की।

मूलरूप से जिला उन्नाव के बांगरमऊ रसूलाबाद जोगीकोट निवासी साबिर का 20 वर्षीय पुत्र आसिफ कल्याणपुर थाना क्षेत्र में स्थित कल्याणपुर कला में गायत्री मंदिर के पीछे संतोष सिंह के मकान में पिछले 1 वर्ष से किराए पर रह रहा था। वह कानपुर आईटीआई से मैकेनिकल संकाय का छात्र था। 500 मीटर दूर बांगरमऊ निवासी प्रेमिका भी किराए पर रहती है। प्रेमिका ने बताया कि उसका आसिफ से पिछले 2 वर्ष से प्रेम संबंध है। मंगलवार सुबह आसिफ ने उसे कमरे पर बुलाया लेकिन उसने कोचिंग जाने की बात कह कर उसने मना कर दिया। उसके बाद भी आसिफ फोन करता रहा। फांसी लगाने की धमकी देता रहा। दोपहर में वापस आने पर देखा तो आसिफ ने तीन वीडियो भेजे थे। वीडियो कॉल आने पर उसने फोन उठाया तो आसिफ लाइव फंदा लगाता दिखा। वह दौड़कर उसके कमरे पर पहुंची। अंदर से दरवाजा बंद होने पर किराएदारों की मदद से धक्का मारकर दरवाजा खुलवाया तो आसिफ कमरे में कुंडे से फंदे के सहारे लटक रहा था।

## सार-संक्षेप

### जूही में दूषित जलापूर्ति, पार्षद ने कहा, करूंगी प्रदर्शन

**कानपुर।** वार्ड 14 के अंतर्गत जुही गढ़ा, संत रविदास नगर व राखी मंडी में दूषित जलापूर्ति से लोग परेशान हैं। पिछले एक माह से गंदा पानी आ रहा है। मेट्रो के कार्य के दौरान तमाम जगह पेयजल लाइनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। कई जगह जलकल की पुरानी लाइने भी क्षतिग्रस्त हैं। जिसकी वजह से सीवर युक्त काले पानी की जलापूर्ति हो रही है। मंगलवार को पानी की सप्लाई के साथ नाले का पानी घरों तक पहुंचा। क्षेत्रीय पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने कहा कि लगातार समस्या निराकरण के लिए अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। इस रविवार को मेट्रो द्वारा जनसुविधाओं को बाधित करने और उनको सही न करने के विरोध में विशाल प्रदर्शन किया जायेगा।



जूही में दूषित पानी की सप्लाई हो रही है।

### स्कूटी सवार लुटेरे ने युवती का मोबाइल लूटा

**कानपुर।** रावतपुर में पैदल घर जा रही युवती का स्कूटी सवार लुटेरे ने झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया और फरार हो गया। सोमवार देर रात लूट का वीडियो वारयल होने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई। रावतपुर थानाक्षेत्र के सुरेन्द्र नगर अशोक वाटिका निवासी रानी शर्मा गुरुवार रात मोबाइल पर बात करते हुए पैदल घर लौट रही थीं। घर के पास ही पीछे से आए स्कूटी सवार लुटेरे ने झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया। घटना पास के एक घर में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई। रानी का आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। घटना के चार दिन बाद जब वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तब जाकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। रावतपुर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सरोज ने बताया कि लुटेरे को पकड़ने के लिए दो टीमें लगाई गई हैं।

### ओंकारेश्वर में आज भी लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**कानपुर।** रोटरी क्लब ऑफ कानपुर डिविनिटी के द्वारा ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या इंटर कालेज जवाहर नगर में बुधवार को भी सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्वास्थ्य शिविर लगेगा। शिविर 21 जुलाई तक अनवरत चलता रहेगा। अंध विद्यालय में भी सभी छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। रोटरी क्लब ऑफ डिवीनिटी रोटरी डिस्ट्रिक 3110 के मंडलाध्यक्ष नीरव निमेष के आह्वान पर पूरे जिले में आरोग्य कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को शिविर का उद्घाटन क्लब की चार्टर्ड रितु लॉर्ड, अध्यक्ष आकांक्षा अग्रवाल, सचिव नेहा गुप्ता, ओंकारेश्वर एमडी डॉ .पूजा अवस्थी ने किया।

### पति के अवैध संबंध का विरोध किया तो फोटो वायरल की

**कानपुर।** मंगलवार को डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह के पास एक महिला गुहार लेकर पहुंची। उसने कहा कि साहब पति के एक महिला से अवैध संबंध हैं। उसने विरोध किया तो पति ने उसे पीटा और दोनों की निजी फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। डीसीपी ने जाजमऊ पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। महिला ने डीसीपी को बताया कि वह मुंबई में रहती है। उसने जाजमऊ निवासी एक युवकसे लव मैरिज की थी। शादी के कुछ वर्ष बाद पति के अवैध संबंध एक अन्य महिला से हो गए। इसकी जानकारी जब उसे हुई तो उसने अवैध संबंधों का विरोध किया, जिस पर पति ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसे घर से निकाल दिया। उसने अपनी और उसकी निजी फोटो वीडियो सोशल मीडिया में बदनाम करने के लिए वायरल कर दीं।

### महिला की करंट से चिपककर मौत

**कानपुर।** किदवई नगर थानाक्षेत्र के एच ब्लॉक निवासी 45 वर्षीय संगीता की करंट में चिपककर मौत हो गई। हालत बिगड़ने पर परिजन दोपहर में हैलट अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पति पप्पू ने बताया कि करंट से उसका चेहरा व हाथ झुलस गया था।

# ट्रक मालिक समेत दो पर चीनी हड़पने का आरोप

कार्यालय संवाददाता,लखीमपुर खीरी

- कोर्ट के आदेश पर अमानत में खयानत का केस दर्ज
- 30 टन चीनी भरा ट्रक गायब होने का मामला

**अमृत विचार:** लखीमपुर खीरी से तीन साल पहले 30 टन चीनी लादकर गाजीपुर के लिए निकले ट्रक के गायब होने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने कानपुर के ट्रक मालिक समेत दो लोगों के खिलाफ अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के मेला मैदान रोड निवासी सुमित सिंह महाकालेश्वर रोड लाइंस मेला मैदान भुईफोरवानाथ का प्रोपराइटर है। सुमित ने बताया कि 27 सितंबर 2021 को अंकित पांडेय नाम के व्यक्ति ने फोन किया और बताया कि वह भाड़े पर ट्रक चलाता है। उसका ट्रक शिवशंकर कुशवाहा पाण्डूनगर, काकादेव कानपुर के नाम से रजिस्टर्ड है। कही की बुकिंग हो तो दे दो। सुमित ने बताया कि उन्होंने अंकित पांडेय से ट्रक के सभी कागजात देखने के बाद 30 टन चीनी लोड कर 30 सितंबर 2021 की रात करीब को 10:11 बजे गाजीपुर के लिए भेजा। तय समय बीत जाने पर चीनी गाजीपुर नही पहुंची। उन्होंने आरोप लगाया है कि अंकित और ट्रक मालिक शिव शंकर कुशवाहा ने धोखा दिया है। सदर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# वीआईपी रोड पर टेनरी वेस्ट का नाला क्षतिग्रस्त

**कानपुर।** वीआईपी रोड में सरैया तिराहा के पास टेनरी वेस्ट का नाला क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे वीआईपी रोड पर आवागमन प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही दुर्घटना की आशंका है। जोन 2 के अधिशाषी अभियंता ने निरीक्षण के बाद जलनिगम को नोटिस देते हुये जल्द टेनरी वेस्ट के नाले को बनवाने के निर्देश दिये हैं।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र के शांति नगर निवासी 32 वर्षीय रूही ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस के अनुसार उसे 6 जुलाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान 8 जुलाई को अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# ट्रैक और स्टेशन पर पानी न भरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



स्टेशन का निरीक्षण करते अपर मंडल रेल प्रबंधक संजय सिंह। अमृत विचार

- अपर मंडल रेल प्रबंधक ने सेंट्रल पर रीडेवलपमेंट कार्यों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** बारिश का मौसम देखते हुए इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी अलर्ट रहें। स्टेशन परिक्षेत्र में जलभराव से कोई समस्या नहीं होने पाए। सेंट्रल से गुजरने वाली हर ट्रेन में ओवरक्राउड रोका जाए। इसके लिए आरपीएफ के साथ मिलकर निरीक्षण करें। यह निर्देश मंगलवार को सेंट्रल स्टेशन पर रीडेवलपमेंट कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे अपर मंडल रेल प्रबंधक संजय सिंह ने दिए।

अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज संजय सिंह ने सेंट्रल स्टेशन पर रीडेवलपमेंट के कार्यों के साथ मेट्रो स्टेशन पर चल रहे काम की प्रगति देखी। इस दौरान यात्रियों को आवागमन में होने वाली असुविधा की समीक्षा करते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर निगरानी करने को कहा। स्टेशन पर प्रथम चरण के रीडेवलपमेंट कार्य जो सिटी साइड में चल रहे हैं, उन्हें तय समय सीमा में पूरा कराने के आदेश दिए। इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों से कहा कि बारिश में ध्यान रखें कि ट्रैक व स्टेशन परिक्षेत्र में जलभराव न होने पाए। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने सीपीसी माल गोदाम के उच्चीकरण संबंधी काम को भी देखा और बेस किचन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह, एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी, स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे।

रणनीति — प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र से 500 प्रतिनिधि भाग लेंगे

# भाजपा ने उप चुनावों के साथ-साथ शुरू की 2027 की भी तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने की बैठक। अमृत विचार

- पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के आने की संभावना, क्षेत्रीय टीम को सौंपी गई जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** प्रदेश में विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनावों के साथ ही भाजपा ने लोकसभा चुनाव में मिले झटके से उबरते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव की बिसात अभी से बिछानी शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं की सुस्त पड़ी चाल को नई ऊर्जा प्रदान करने के लिए 14 जुलाई को लखनऊ में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई है। इसमें कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के करीब 500 प्रतिनिधि शामिल होंगे। मंगलवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बैठक कर क्षेत्रीय टीम को जिम्मेदारी सौंप दी है।

भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने क्षेत्रीय कार्यालय में मंगलवार को बैठक में बताया कि प्रदेश कार्यसमिति की में राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा शामिल हो सकते हैं। बैठक में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र में रहने वाले सभी सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को बैठक में शामिल होना है। प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, प्रभारी, जिला महामंत्री, मोर्चों के क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष को भी बैठक में बुलाया गया है। इस तरह कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र से लगभग 500 प्रतिनिधि कार्यसमिति में भाग लेंगे।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि लखनऊ में सभी लोग समय से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे इसकी जिम्मेदारी क्षेत्रीय टीम को दी गई है। कार्य समिति में उप चुनाव के साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार होगी। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, संत विलास शिवहरे, पवन प्रताप सिंह, आलोक शुक्ला मौजूद रहे।

## विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता अभिनंदन समारोह करेगी भाजपा



दक्षिण भाजपा कार्यालय में बैठक करते जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह। अमृत विचार

**कानपुर।** शहर एवं अकबरपुर संसदीय क्षेत्र में जीत से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी मतदाता अभिनंदन समारोह आयोजित करेगी। मंगलवार को केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि मतदाता अभिनंदन समारोह विधानसभा स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। समारोह में महिलाओं, युवाओं के अलावा प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया जायेगा। सम्मेलन में सांसद,मंत्री,विधायक, एमएलसी, महापौर सहित विधानसभा में निवास करने वाले सभी जनप्रतिनिधि व पार्टी के प्रदेश,क्षेत्र, जिला से लेकर बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुखों को आमंत्रित किया जायेगा ।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अभिनंदन समारोह में वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध वर्ग के 101 प्रभावशाली लोगों को सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक मंडल से अपने अपने क्षेत्रों में प्रभावी, प्रभावशाली 25-25 लोगों के नाम मांगे गए हैं। कार्यक्रम में मतदाताओं को मोदी सरकार की उपलब्धियों , संकल्प पत्र एवं विकसित भारत के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह भी बताया जाएगा कि लोकसभा चुनाव में विपक्षी पार्टियों द्वारा संविधान बदलने,आरक्षण समाप्त करने का भ्रम फैला कर मतदाताओं को भ्रमित किया गया। मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि किदवई नगर विधानसभा का मतदाता अभिनंदन समारोह 12 जुलाई को वेडिंग बेल गेस्ट हाउस के ब्लॉक और छावनी का समारोह 15 जुलाई को देव स्थली गेस्ट हाउस, कृष्णा नगर में आयोजित किया जाएगा। बैठक में रामबहादुर यादव, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, राजन चौहान,वंदना गुप्ता, अर्जुन बेरिया रहे।

# सिपाही ने पत्नी को पीटा लटकाने का प्रयास किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रताड़ित करने का वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल
- आरोप दूसरे समुदाय की महिला से हैं संबंध, धर्म परिवर्तन किया

**अमृत विचार।** कानपुर पुलिस लाइन में तैनात सिपाही पर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने और फांसी पर लटकाने के प्रयास का आरोप लगा है। सिपाही के पत्नी को प्रताड़ित करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। मंगलवार को पीड़िता पुलिस कमिश्नर के यहां पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद सिपाही, उसके ससुर, पत्नी के बीच बातचीत के छह ऑडियो भी वायरल हो गए। डीसीपी मुख्यालय के अनुसार जांच एसीपी पुलिस लाइन को सौंपी है।

जिला मैनपुरी निवासी महिला की शादी पुलिस लाइन में तैनात सिपाही से 11 वर्ष पूर्व हुई थी। उनके सात वर्ष का बेटा है। महिला का आरोप है कि पति के संबंध चमनगंज निवासी एक महिला से हैं। उसने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया और महिला के साथ रहने लगा। पत्नी को छोड़ दिया है। पत्नी का आरोप है कि दूसरी महिला के साथ मिलकर उसने दो बार उसे मारने का प्रयास किया। फंदा लगाकर जान से मारने का प्रयास भी किया। सात माह पहले उसने शिकायत दर्ज कराई थी मगर वह परामर्श केन्द्र भेज दी गई थी और कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर के यहां पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद एक मिनट का वीडियो वायरल हुआ जिसमें पीड़िता पलंग पर बैठी और सिपाही उससे चाभी मांग रहा है। इस दौरान सिपाही उसका गला पकड़कर धकेलता दिख रहा है। साथ ही उससे कुछ बोल रहा है। दूसरा वीडियो फांसी के फंदे पर लटकाने का वायरल हो रहा है।

# क्यों आके रो रहा है मोहम्मद के शहर में, हर मर्ज...

## 156 वर्ष पुराना बाबा बदर अली का अलम जुलूस शान-ओ-शौकत के साथ निकला, जगह जगह इमामबाड़ों पर मजलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** करबला में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन की याद में कर्नलगंज से 156 साल पुराना अलम जुलूस बिसातियों के कब्रिस्तान चुन्नीगंज के पास से निकाला गया। जिसमें कैसेट बज रहे थे कि क्यों आके रो रहा है मोहम्मद के शहर में, हर मर्ज की दवा है मोहम्मद के शहर में।

मंगलवार को बाबा बदर अली का अलम जुलूस चूड़ी मोहाल, मीनामल शिवाला, कर्नलगंज, छोटेमियां हाता, बेकनगंज, चमनगंज, इफितखाराबाद, बांसमण्डी, कुली बाजार मूलगंज, रोटी वाली गली, पेचबाग, तलाक महल से गश्त करता हुआ देर रात वापस बिसाती कब्रिस्तान के सामने पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में दर्जनों अलम के साथ काले झण्डे भी थे। बिरयानी और शिरिनी व शर्बत का तबर्रुक रास्ते भर बांटा जा रहा था। कई ठेले भी सजे हुए चल रहे थे। महिलाओं ने अपने घरों से ही अलम के दर्शन किए अकीदतमन्द सड़क के दोनों तरफ खड़े होकर जुलूस का इस्तकबाल कर रहे थे। यह जुलूस 9 बजे रात को गश्त के बाद बिसाती कब्रिस्तान पहुंचकर खत्म हुआ। इस जुलूस में हाजी मुन्सिफ अली रिजवी (पूर्व पार्षद, नगर), अख्तर सीतापुरी, डा. जुल्फिकार अली रिजवी के अलावा हजारों अकीदतमन्द शामिल थे।

इसी तरह नगर के विभिन्न इमामबाड़ों में मजलिस, मातम का सिलसिला सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक शुरू हो गया। जिसमें इमामबाड़ा महल नवाब दूल्हानगर इमामबाड़ा हादी बेगम, इमामबाड़ा हकीम प्यारे साहब, इमामबाड़ा आगामीर मकबरा के अलावा शिया समुदाय के प्रत्येक घरों के इमामबाड़ों में मजलिसों मातम का सिलसिला जारी है। महिलाओं की मजलिसें भी देर रात तक जारी हैं। दूसरी तरफ अन्जुमन आबिदया के नेतृत्व में मछरिया कर्बला में अलम के जुलूस मातम करते हुए पहुंचे जिसमें शहीदे आजम हजरत इमाम हुसैन को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जा रहे थे। इसी तरह इमामबारगाह नजीर अहमद रिजवी मकबरा में भी मजलिस हुई। कासिम अब्बास, जामी नकवी, नजरे आलम जाफरी, हाजी अख्तर हुसैन रिजवी असिफ अब्बास, शराफत हुसैन, अनवार अहमद सज्जादी, चिन्टू रिजवी, आमिर रिजवी, आदिल रिजवी सैय्यद अयाज हैदर रिजवी,शहनशाह हुसैन के अलावा फुरकान हैदर, कुमैल नमाजी, ताज मिर्जा, यूनुस रजा,, अफसर हुसैन, एहसान हुसैन आदि थे।



बिसातियों की तकिया चुन्नीगंज से निकाला गया बाबा बदर अली का अलम जुलूस।



इमामबाड़े पर मजलिस पढ़ते मौलाना अजहर अब्बास नकवी। अमृत विचार

### पैकी जुलूस नहीं उठेगा, अफवाहों से बचें-शहरकाजी

**कानपुर।** शहरकाजी डॉ. मुफ्ती यूनुस रजा ओवैसी ने अवाम से गुजारिश की है कि मोहर्रम को लेकर प्रशासन ने जो गाइड लाइन जारी की है, उसका पालन करें, अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। जलसों में पाक व साफ होकर शिरकत करें। शहरकाजी मोहम्मद शाकिब अदीब ने भी कहा है कि पैकियों का जुलूस इस बार नहीं उठेगा, इसलिये अफवाहों से बचें। शहरकाजी ने कहा है कि पैकियों का मामला अदालत में है, लिहाजा अदालत के फैसले का इंतजार करें। ताजियादार अपने सभी कार्यक्रम की जानकारी क्षेत्रीय पुलिस व प्रशासन को जरूर दें। शरारतीतत्वों पर नजर रखें और कोई संदिग्ध दिखाई दे तो उसकी जानकारी पुलिस को दें। शमशुल कमर रहमानी व सूफी लाल मोहम्मद कादरी ने कहा कि खासकर आशूरा की रात में इबादत करें और हो सके तो रोजा भी रखें।



शहरकाजी डॉ. मुफ्ती यूनुस रजा ओवैसी

# कागज पर धागों की नक्काशी वाली जरी की ताजिया

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- रेल बाजार में आजादी के पहले से ताजिया बन रहे

**अमृत विचार।** मोहर्रम की नौ तारीख की रात में ताजिया जुलूस निकलेगा और यौमे आशूरा यानी मोहर्रम की 10 तारीख को करबला में ताजिये सुपुर्द-ए-खाक कर दिये जायेंगे। इस बार रेलबाजार में धागों की सिलाई वाली चमकती खूबसूरत जरी की ताजिया तैयार की जा रही है। बेकनगंज स्थित बाबा बदर अली के इमामबाड़े पर 25 से 30 फिट ऊंची ताजिया रखी जाएगी।

रेल बाजार में आजादी के पहले से ताजिया बनाने का काम हो रहा है। वर्तमान में तीसरी पीढ़ी के मोहम्मद इकबाल अपने परिवार के साथ इस काम को अंजाम दे रहे हैं। मोहम्मद इकबाल बताते हैं कि जरी की ताजिया में कागज पर धागे की नक्काशी की गई है। मुख्य कारीगर मोहम्मद इकबाल बताते हैं कि उनके दादा नूर मोहम्मद आजादी के पहले से ताजिया बनाने का काम करते रहे और उनके इंतकाल के बाद उनके वालिद मोहम्मद सलीम ने इस कार्य को संभाला और उनके इंतकाल के बाद पूरा परिवार मोहम्मद इकबाल की कयादत में ताजिया बनाने के काम में जुटा है। उनका कहना है कि मोहर्रम की सात तारीख से ही ताजिया इमामबाड़ों पर रखी जाने लगती है, ऐसे में दिनरात काम हो रहा है। एक अनुमान के मुताबिक 25 से 30 जरी की ताजिया बनाते हैं। ये काम ईद के पहले से शुरु हो जाता है। बेला, बिधूना, कुलीबाजार, नई सड़क, मछरिया समेत शहर के कई इमामबाड़ों पर रखी जाने वाले ताजिया और मेंहदी का काम भी यहीं होता है।



ताजिया बनाते मोहम्मद इकबाल। अमृत विचार

# जीएसटी अधिकरण के गठन की प्रक्रिया जारी : बाली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- धारा-73 के आरोपित 31 मार्च 2025 तक जमा करें जीएसटी तो ब्याज और अर्थदंड से मुक्ति

**अमृत विचार।** वर्ष 2017-18 से लेकर 2019-20 तक के मामलों में धारा-73 के तहत आरोपित, जीएसटी ब्याज एवं अर्थदण्ड आरोपित किये गये हैं। सरकार ने यह योजना प्रस्तुत की है कि यदि आरोपित जीएसटी की धनराशि 31 मार्च, 2025 तक जमा कर दें तब ब्याज एवं अर्थदण्ड की धनराशि समाप्त कर दी जाएगी। यह बात डॉ. गौर हरि सिंघानिया सभाकक्ष में बतौर मुख्य वक्ता केन्द्रीय जीएसटी विभाग के अधीक्षक संदीप बाली ने कही। बताया कि जीएसटी अधिकरण गठन की प्रक्रिया जारी है। अब जीएसटी के पंजीयन आधार प्रमाणित बायोमीट्रिक प्रक्रिया से ही जारी किये जाएंगे।





जानकारी देते केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कमिश्नर गौरी शंकर सिन्हा।

केंद्रीय गुड्स एवं सर्विस टैक्स व केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कमिश्नर गौरी शंकर सिन्हा के मुख्य-आतिथ्य में मर्चेन्ट्स चेम्बर आफ उत्तर प्रदेश में इनकम टैक्स बार एसोसिएशन एवं कानपुर जीएसटी सीए एसोसिएशन के तत्वावधान में डॉ. गौर हरि सिंघानिया सभाकक्ष में टैक्स परिचर्चा का आयोजन किया गया। संदीप बाली ने जीएसटी काउन्सिल की 53वीं बैठक में की गयी संस्तुतियों की चर्चा करते हुए बताया कि इसी तर्ज परवर्ष 2017-18 से 2020-21 तक जिन कारोबारियों द्वारा आईटीसी का दावा धारा 16(4) की निर्धारित समय सीमा के पश्चात यदि 30 नवम्बर, 2021 तक लिया गया है, तब उन्हें आईटीसी का लाभ अनुमन्य कर दिया जाएगा। जीएसटीआर-3बी दाखिल करते समय यदि कारोबारी के पास कैश लेजर में धनराशि उपलब्ध है अब उस पर ब्याज की अदायगी से निजात प्रदान की जा रही है। शंका समाधन सत्र का संचालन महामन्त्री शैलेश शर्मा द्वारा किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता अध्यक्ष नरपत जैन ने की। संचालन मर्चेन्ट्स चेम्बर जीएसटी कमेटी के चेयरमैन सन्तोष कुमार गुप्ता ने किया। धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, सीएस छवि जैन, एडीशनल कमिश्नर अमर बहादुर सिंह, प्रदीप कुमार सेंगर, ज्वाइन्ट कमिश्नर शशि शेखर, एम.सी.यू.पी. के सचिव महेन्द्र नाथ मोदी, पीयूष अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रखर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता को पीटा, गला दबाकर हत्या का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में रंजिश के चलते एक अधिवक्ता पर सनिगवां में आधा दर्जन से अधिक लोगों ने हमला कर दिया। लात-घूंसों और डंडों से पीटने के बाद हमलावरों ने वकील की गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। अधिवक्ता ने पांच नामजद और तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सनिगवां निवासी अधिवक्ता नितिन द्विवेदी ने बताया कि वह रविवार को रात करीब दस बजे घर लौट रहे थे। वह जब सनिगवां गांव के बाहर पहुंचा तभी क्षेत्र के आरोपी ओम प्रकाश अवस्थी, जय प्रकाश अवस्थी, विनीत अवस्थी, अनिल अग्निहोत्री, नवीन अग्निहोत्री और तीन-चार अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया और गालीगलौज करते हुए कहा कि वह काम में टांग अड़ाता है। किस्सा खत्म कर देंगे। उसे पीटना शुरू कर दिया। अनिल व नवीन उसका गला दबाने लगे। आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी भाग निकले। अधिवक्ता ने बताया कि हमलावर क्षेत्र के भूमाफिया और आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं, जिनका वह विरोध करते हैं, इसी बात पर उससे रंजिश मान रहे हैं। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि अधिवक्ता की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप



प्रशिक्षण शिविर में दी गई जानकारी। अमृत विचार

### बच्चों की योग्यता के अनुसार कराएं पढ़ाई

**कानपुर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चुन्नीगंज में मंगलवार को मंडलीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। शिविर में कानपुर, इटावा, कन्नौज, झांसी सहित अन्य जिलों से विषय विशेषज्ञ शिक्षक शामिल हुए। शिविर में शिक्षकों को बताया गया कि बेहतर शिक्षा के लिए कक्षाओं के छात्रों को उनकी योग्यता के अनुसार पढ़ाई कराना बहुत जरूरी है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बनाए जाने वाले मास्टर ट्रेनर अपने जिलों में जाकर शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण शिविर में ट्रेनर के रूप में दीपू देवी, दीपिका पाठक और अजीजुर रहमान ने जिलों से आए शिक्षिकों को बेहतर पढ़ाई के टिप्स दिए। प्रशिक्षकों ने कहा कि एक कक्षा में एक ही योग्यता के सभी बच्चे नहीं हो सकते हैं। किसी की समझ शक्ति अधिक तो किसी की कम हो सकती है। ऐसे में शिक्षक जब एक जैसा ही पूरी कक्षा को पढ़ाते हैं तो उससे कक्षा में बैठे कई बच्चों की पाठ्यक्रम से रुचि खत्म हो जाती है। इसलिए जब शिक्षक बच्चों की बौद्धिक क्षमता के अनुसार पढ़ाई कराएंगे तो सभी बच्चों की पाठ्यक्रम में रुचि बेहतर होगी। इससे कक्षा का विषयवार परीक्षा परिणाम भी बेहतर होगा। प्रशिक्षण में शिक्षकों को उदाहण के लिए कई केस भी प्रोजेक्टर पर दिखाए गए। कक्षा 9 से 13 तक के शिक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान नई शिक्षा नीति के बारे में भी बताया गया।

### 280 बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

**कानपुर।** रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स की ओर से दो द्विवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जुगल देवी सरस्वती शिशु मंदिर, दीन दयाल नगर में लगाया गया। मंगलवार को शिविर के अंतिम दिन बच्चों की लंबाई, वजन, दांत, आंख और हेमोग्लोबिन का परीक्षण किया गया। मां भगवती मेमोरियल चैरिटेबल सोसाइटी की सचिव ने बच्चो को फल वितरण किया। शिविर में डॉ डीके यादव, डॉ आरएस यादव, क्लब अध्यक्ष डॉ बीएन आचार्य, डॉ एसके निगम, दंत चिकित्सक डॉ प्रियंका दीक्षित ने बच्चों की जांच की। इस दौरान 280 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में अध्यक्ष राजीव कटियार, क्लब चार्टर अध्यक्ष डॉ भक्ति विजय शुक्ला व चार्टर सचिव मयंक गहोई अनुष्का सिंह आदि मौजूद रहे।



बच्चों का वजन किया गया। अमृत विचार

# उमर और गिरधारी ने साधा गोल्ड मेडल पर निशाना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज दिल्ली में पांच से सात जुलाई तक चली यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में शहर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उमर और गिरधारी ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया है।



स्वर्ण जीतने पर खिलाड़ी को मेडल पहनाते जेएस सिंह और माधोक।

द परफेक्ट राइफल शूटिंग अकादमी कानपुर के पैरा शूटर गिरधारी अग्रवाल एक और मो. उमर ने तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। एयर राइफल व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में पैरा खिलाड़ी गिरधारी अग्रवाल ने एक कांस्य पदक जीता। वहीं पैरा शूटर मो. उमर ने 10 मीटर एयर राइफल, 22 राइफल पोजीशन, 22 राइफल टीम प्रतिस्पर्धा में एक-एक स्वर्ण पदक जीता। यूपी स्टेट सेक्रेटरी जेएस सिंह और संयुक्त निदेशक यूपी स्टेट माधोक ने निशानेबाजों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। एकेडमी के कोच और सचिव अमर निगम ने बताया कि सभी राइफल शूटरों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। इस प्रतियोगिता के आधार पर शूटरों का चयन आगामी प्री नेशनल के लिए हुआ है।

# महिलाएं भी बड़े लक्ष्य के निर्धारण का संकल्प लें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रदेशीय महिला अंपायर व स्कोरर प्रशिक्षण का समापन

**अमृत विचार।** कमला क्लब डॉ. गौरहरि सिंहानिया प्रेक्षागार में मंगलवार को प्रदेशीय महिला अंपायर व स्कोरर प्रशिक्षण का समापन हुआ। मुख्य अतिथि यूपीसीए के निदेशक व कोषाध्यक्ष प्रेम मनोहर गुप्ता ने कहा कि महिला प्रतिभागियों को भी बड़े लक्ष्य निर्धारित करने का संकल्प लेना चाहिए।

महिला अंपायर व स्कोरर प्रशिक्षण के समापन पर डॉ. गौरहरि सिंहानिया क्रिकेट एकेडमी के सीईओ दीपक शर्मा ने प्रतिभागियों से कहा कि अंपायर्स व स्कोरर विधा में सक्रिय रहने की आवश्यकता है। जिससे अपनी योग्यता में निखार ला सकें। अंतरराष्ट्रीय अंपायर अनिल चौधरी ने प्रतिभागियों से कहा कि अपने जिलों में जाकर अंपायरिंग का व्यवहारिक अनुभव प्राप्त करें। पी जयपाल ने कहा कि यूपीसीए कार्यशाला में अधिक से अधिक स्कोरर्स शामिल करें। कार्यक्रम का संचालन अहमद अली खान तालिब ने किया।

यूपीसीए महिला क्रिकेट ऐडवाइजरी कमेटी के चेयरमैन इशरद महमूद खानने कार्यक्रम के संचालन पर धन्यवाद दिया। मीडिया कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद फहीम ने कमला क्लब एकेडमी की ओर से संचालित कार्यक्रमों की सराहना की।



प्रशिक्षण के समापन पर मौजूद यूपीसीए के पदाधिकारी व महिला अंपायर व स्कोरर। अमृत विचार

**मिशन एडमिशन** — 24 सीटों पर प्रवेश के लिए 31 जुलाई तक करा सकते ऑनलाइन पंजीकरण

# एनएसटीआई का एआई में प्रोग्रामिंग असिस्टेंट कोर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) में प्रोग्रामिंग सीखकर रोजगार हासिल कर सकते हैं। राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) पहली बार एआई प्रोग्रामिंग असिस्टेंट का कोर्स शुरू करने जा रहा है।

संस्थान के संयुक्त निदेशक एम. कुमारवेल ने बताया कि शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए एक साल अवधि वाले एआई प्रोग्रामिंग असिस्टेंट कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 10 वीं पास छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते उन्हें अन्य मानक पूरे करने होंगे। एनसीवीईटी से मान्यता प्राप्त इस पाठ्यक्रम में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की उम्र 02 सितंबर 2024 को न्यूनतम 14 वर्ष होनी चाहिए। एआई प्रोग्रामिंग असिस्टेंट में 24 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। भारत सरकार के नियमानुसार आरक्षण लागू रहेगा। कोर्स का विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 31 जुलाई तक किया जा सकता है। प्रवेश मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। मेरिट सूची का प्रकाशन 16 अगस्त को संस्थान की वेबसाइट पर होगा।

### इंस्ट्रक्टर कोर्स में भी ले सकते प्रवेश

एनएसटीआई के संयुक्त निदेशक ने बताया कि क्राफ्टसमैन इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम (सीआईटीएस) के तहत संस्थान में इंस्ट्रक्टर कोर्स भी शुरू किया जा रहा है। पात्र अभ्यर्थी इंस्ट्रक्टर कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। प्रवेश से संबंधित विवरण संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# बीपीए, एमए और एमपीए में सीधे ले सकते प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कला में रुचि है तो संगीत विषय में 12वीं पास, बी.पी.ए. में सीधे एडमिशन ले सकते हैं। ग्रेजुएट अभ्यर्थी एम.ए. अथवा एम.पी.ए. में सीधे प्रवेश के साथ ही संगीत बैंड, स्टूडियो आदि विभिन्न माध्यमों को चुनकर प्रतिभा निखार सकते हैं। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कैम्पस स्थित स्कूल ऑफ क्रिएटिव एण्ड परफॉर्मिंग आर्ट के संगीत विभाग के अंतर्गत संचालित बी.पी.ए. बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट में संगीत (गायन, कथक, तबला एवं थिएटर) में 12 वीं पास छात्र छात्राएं सीधा प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए कुलसचिव डा. अनिल यादव ने बताया कि स्नातक (ग्रेजुएट) पास छात्र छात्राएं एम.ए. (गायन, तबला, सितार) अथवा एम.पी.ए. (कथक, थिएटर) में सीधा प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। एन.ई.पी. के लागू होने से ही अब यह संभव हो पा रहा है कि संबंधित विषय के बिना किसी पूर्व प्रशिक्षण के ही सीधा प्रवेश प्रदान किया जा रहा है। हाल ही में टी.जी.टी. एवं केन्द्रीय विद्यालय शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के लिए बी.पी.ए. अनिवार्यता हो जाने से इस कोर्स में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का रुझान बढ़ा है।





एम.ए. (गायन, तबला, सितार) अथवा एम.पी.ए. (कथक, थिएटर) में प्रवेश लेकर छात्र-छात्राएं यू.जी.सी. नेट, जे.आर.एफ. परीक्षा उत्तीर्ण कर सकने योग्य हो सकेंगे। परस्नातक डिग्री प्राप्त करने के बाद यू.जी.सी. मानकों के आधार पर पीएच.डी. शोध कार्य भी विश्वविद्यालय कैम्पस से ही कर सकेंगे। जिसके बाद वे किसी भी विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर में चयनित हो सकेंगे। प्रवेश की प्रक्रिया विश्वविद्यालय में जुलाई माह के अंत तक ही खुली रहेगी। जिन उत्तीर्ण प्रवेशार्थियों की पूर्व की अंकतालिका की मूल प्रति अभी प्राप्त नहीं हुई है ऐसे प्रवेशार्थियों को आदेशानुसार अस्थाई प्रवेश भी प्रदान किया जा रहा है।

# स्टार्टअप्स को सफल बनाने की कवायद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च ने एशियन इकनॉमिक फोरम से मिलाया हाथ

**अमृत विचार।** फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एफआईआरएसटी), आईआईटी कानपुर ने दक्षिण पूर्व एशिया में स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए इंडोनेशिया में एशियन इकनॉमिक फोरम के साथ हाथ मिलाया है। दोनों संस्थाओं ने वैश्विक स्तर पर स्टार्ट अप्स को प्रौद्योगिकी, बाजार और व्यावसायिक आधार से जोड़ने के लिए बेहतर मंच प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता इंडोनेशिया के बाली में इंडिया-एशियन स्केलहब प्रोग्राम के दौरान हुआ।

आईआईटी के प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर, एफआईआरएसटी के प्रभारी प्रोफेसर अंकुश शर्मा ने बताया कि प्रतिस्पर्धी वैश्विक बाजार में स्टार्टअप्स को सफल करने की कवायद तेजी से चल रही है। सामूहिक संसाधनों और विशेषज्ञता का लाभ उठाकर हमारा लक्ष्य स्टार्टअप्स को वैश्विक बाजार में सफल होने के लिए आवश्यक उपकरण और अवसर प्रदान करना है। भारत सरकार द्वारा एशियन-इंडिया विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विकास निधि के माध्यम से वित्तपोषित तथा आईआईटी द्वारा आयोजित एक सहयोगात्मक प्रयास है। इसका उद्देश्य एशियन समुदाय में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार-संचालित गतिविधियों के माध्यम से साझेदारी को बढ़ावा देना है। इस पहल से स्वास्थ्य सेवा, कृषि प्रौद्योगिकी, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, रक्षा, एयरोस्पेस और एआई तथा एमएल जैसे विविध क्षेत्रों से 40 होनहार स्टार्टअप एक साथ आए हैं। इस मंच ने विकास-चरण के स्टार्टअप को संसाधन, बुनियादी ढांचा और सलाह प्रदान कीयह पहल व्यापक सामाजिक और आर्थिक प्रभाव के लिए सार्वजनिक व निजी भागीदारी को बढ़ाते हुए उद्यमशीलता और नवाचार को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप है।



आईआईटी के एफआईआरएसटी के प्रभारी अंकुश शर्मा एवं अन्य। अमृत विचार

# चारागाह की जमीन पर बना आश्रम, जांच शुरू

## हाथरस हादसे के बाद चर्चा में आए करसुई आश्रम पर टिकी प्रशासन की नजर, राजस्व विभाग की टीम ने शुरू की जांच-पड़ताल

संवाददाता, बिधनू

**कार्रवाई की लटकी तलवार**

- जांच पूरी होने के बाद डीएम को भेजी जाएगी रिपोर्ट
- कार्रवाई की आशंका से आश्रम प्रबंधन में मचा हड़कंप

**अमृत विचार:** हाथरस भगदड़ में एक सैकड़ा से अधिक लोगों के मारे जाने के बाद चर्चा में आए करसुई के नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के आश्रम की जांच शुरू हो गई है, जिससे जल्द ही शिकंजा कसने की संभावना है। बताते हैं कि 14 बीघे में फैला आश्रम चारागाह और गरीबों को आवंटित पट्टे की भूमि पर बना है। राजस्व विभाग अपनी जांच पूरी कर जल्द ही रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजेगा।

बिधनू से पांच किलोमीटर दूर किसान नगर रोड पर करसुई गांव में स्थित नारायण साकार विश्वहरि उर्फ भोले बाबा का आलीशान आश्रम है, जो 14 बीघे क्षेत्रफल में फैला है। सड़क के किनारे जिस जमीन पर आश्रम बना है, उसकी राजस्व विभाग ने जांच शुरू कर दी है। बताते हैं कि यह आश्रम चारागाह और गांव के गरीबों को आवंटित पट्टे की जमीन पर बना है, जिसकी शुरुआती जांच में पुष्टि हो गई है।

हालांकि राजस्व टीम खसरा-खतौनी से मिलान कर अभी अपनी जांच रिपोर्ट तैयार कर रही है। करसुई गांव के हल्का लेखपाल हरिशंकर का कहना है कि अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर वह अपना काम कर रहे हैं। जल्द ही वह अपनी रिपोर्ट तैयार कर अधिकारियों को सौंपेंगे। बताते हैं कि जांच रिपोर्ट तैयार होने के बाद तहसील प्रशासन के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। उसके बाद आश्रम पर कार्रवाई हो सकती है। कार्रवाई की आशंका से इस समय आश्रम प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है।



करसुई आश्रम में मंगलवार को प्रार्थना करते अनुयायी। अमृत विचार

### डीएम के निर्देश पर शुरू हुई जांच

करसुई गांव के किनारे स्थित नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के आश्रम की जांच जिलाधिकारी के निर्देश पर शुरू की गई है। राजस्व विभाग की टीम गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है। पता चला है कि आश्रम की आड़ में पट्टे और चारागाह की जमीन पर कब्जा किया गया है। गांव के जिन गरीबों को पट्टे की जमीन आवंटित की गई है, वह अपना कब्जा पाने के लिए परेशान हैं। अब जांच शुरू होने के बाद गरीबों को अपनी जमीन मिलने की उम्मीद जगी है।

### मंगलवार की प्रार्थना सभा में कम पहुंचे अनुयायी

करसुई के आश्रम में हर मंगलवार को सुबह-शाम प्रार्थना सभा होती है, जहां भारी संख्या में अनुयायी पहुंचते हैं, मगर हाथरस हादसे के बाद पहले मंगलवार को गिने-चुने अनुयायी ही प्रार्थना में भाग लेने के लिए आश्रम पहुंचे। इन सबके बीच आश्रम के मुख्य सेवादार नजर नहीं आए। आश्रम का अध्यक्ष भी नहीं दिखा। कुछ सेवादार आश्रम में पहुंचकर सेवा कर रहे हैं। ये सेवादार रोजाना सुबह-शाम प्रार्थना करते हैं। आश्रम के प्रसाद के रूप में पीला पानी अनुयायियों को वितरित किया जाता है।

### विरोध तो किया था, मगर नेताओं के आगे नहीं चली



- करसुई के बसंत लाल पासवान का कहना है कि भोले बाबा का आश्रम गरीबों की पट्टे की जमीन और चारागाह में बना है। जब आश्रम बन रहा था तो कुछ लोगों ने इसका विरोध किया था, मगर भोले बाबा के नाम पर इलाके के बड़े नेताओं के आगे किसी की नहीं चली और आश्रम बनकर तैयार हो गया। इसकी गहराई से जांच कर आश्रम को गिराना चाहिए।



बच्चे की मौत के बाद क्लीनिक बंद कर निकल गया बंगाली डॉक्टर। अमृत विचार

# इंजेक्शन लगाने के बाद बच्चे की मौत पर हंगामा

संवाददाता, बिल्हौर

**डॉक्टर भागा**

- प्राइवेट डॉक्टर के इलाज से मौत होने का लगाया आरोप
- एफआईआर दर्ज करने की मांग पुलिस क्लीनिक पहुंची

**अमृत विचार:** कस्बे में एक प्राइवेट डॉक्टर के इलाज से बच्चे की मौत हो गई, जिस पर परिजनों ने हंगामा करते हुए डॉक्टर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की।

कस्बा के अब्दुल कलाम आजाद नगर मोहल्ला निवासी मनीष कुमार पुत्र सुरेश सिंह ने बताया कि वह अपने दो वर्षीय पुत्र दिव्यांश का इलाज कराने के लिए नगर पालिका चौराहे के समीप एक क्लीनिक पर गया था। बच्चे की तबीयत खराब थी। वहां पहुंचते ही बंगाली डॉक्टर ने बच्चे को पांच इंजेक्शन लगा दिए गए, जिसके कारण उसकी तबीयत और बिगड़ गई। जब उसकी हालत गंभीर हो गई तो डॉक्टर बंगाली ने हाथ खड़े कर दिए और कहा कि बच्चे की हालत में सुधार नहीं हो रहा है, दूसरे हॉस्पिटल लेकर जाओ।



दिव्यांश।

इसके बाद वह बच्चे को लेकर कस्बे की श्रीश हास्पिटल पहुंचा, जहां डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसके बाद वह फिर बंगाली डॉक्टर की क्लीनिक पर पहुंचा और इंजेक्शन लगाने से मौत होने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पिता ने बंगाली डॉक्टर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग उठाई।

उधर, बच्चे की हालत खराब होने के बाद बंगाली डॉक्टर क्लीनिक बंद कर मौके से निकल गया। थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने कहा कि मामला स्वास्थ्य विभाग से संबंधित है, इसलिए जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

# गोदाम में नकब लगाकर खाद्यान्न चोरी

संवाददाता, चौबेपुर

**वारदात**

- क्षेत्र के रौतापुर चौराहे के पास सोमवार रात हुई वारदात
- 9 बोरी उड़द और 6 बोरी मूंग उठा ले गए शातिर चोर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के रौतापुर बम्बा चौराहा स्थित एक गल्ला गोदाम में नकब लगाकर सोमवार रात चोरों ने करीब एक लाख रुपये का खाद्यान्न पार कर दिया। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी होने पर गल्ला व्यापारी ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज किये जाने की बात कही है।

रौतापुर कला निवासी पवन द्विवेदी का बेला रोड पर रौतापुर बंबा चौराहे के समीप गल्ला गोदाम है। बताया कि सोमवार रात वह गोदाम बंद करके घर चले गए। देर रात गोदाम के पिछवाड़े की दीवार काटकर चोर अंदर घुसे और वहां रखी 9 बोरी उड़द और 6 बोरी मूंग उठा ले गए। मंगलवार सुबह गोदाम खोलने पर मामले की जानकारी हुई। गल्ला व्यापारी ने मामले की सूचना पुलिस को दी।



रौतापुर में चोरी की छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से चोरों का पता लगाने का प्रयास किया ,लेकिन फिलहाल कोई जानकारी नहीं हो सकी। पीड़ित गल्ला व्यापारी ने पुलिस को बताया कि चोरी की घटना में उसे करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। प्रभारी थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन कराई जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### महीने भर के भीतर तीसरी बड़ी वारदात

- चौबेपुर इलाके में एक माह के भीतर चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। इन वारदातों को लेकर अब पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। लोग पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठा रहे हैं। 20 जून की रात शातिर चोरों ने मरियानी गांव के रहने वाले प्रत्युष त्रिपाठी के गोदाम में नकब लगाकर करीब ढाई लाख रुपये का खाद्यान्न पार कर दिया था। इसके बाद 30 जून की रात भी चोरों ने बेला रोड पर रौतापुर बम्बा चौराहा स्थित गौरी लक्खा निवासी आशीष शुक्ला के लाही व सरसों के कारखाने का शटर काटकर करीब डेढ़ लाख का माल पार कर दिया था। इसी रौतापुर चौराहे पर फिर वारदात हो गई। घटनाओं को देखते हुए क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस गश्त में तेजी लाने की मांग उठाई है।

# इंटरलॉकिंग ईंट बनाने वाली फैक्ट्री में चोरी

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** बिधनू थाना क्षेत्र के कठेरुआ में इंटरलॉकिंग ईंट बनाने वाली फैक्ट्री में शोमवार की रात चोरी हो गई। शातिर फैक्ट्री में लगने के लिए आया मेन गेट ही उठा ले गए। मंगलवार सुबह जब सिक्योरिटी गार्ड फैक्ट्री पहुंचा तो जानकारी हुई।

सुरक्षा कर्मी ने गेट गायब होने की सूचना फैक्ट्री मालिक योगेश कुमार को दी। गार्ड ने बताया कि लोडर के पहिया के निशान हैं। इसके पहले सरिया फैक्ट्री में चोरी हुई थी, जहां गाड़ी के पहिया के ऐसे ही निशान मिले थे। फैक्ट्री मालिक योगेश कुमार ने इधर-उधर छानबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगने पर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इन दिनों बिधनू और सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बेखौफ चोर एक के बाद एक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है। बीते दो माह में क्षेत्र के कई गावों में करीब दर्जन भर चोरियां हुईं, लेकिन पुलिस एक भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है।

### पहले भी हुईं वारदातें

बिधनू कस्बे के शराब ठेका वाली गली में किशोरीलाल साहू के घर 24 मई को चोर 2 लाख 70 हजार की नकदी ले गए थे। पहाड़पुर नई बस्ती में 23 मई को 3,25,000 की नकदी और 20 लाख के जेवर चोरी हुए थे। फायर सर्विस औरैया में तैनात जामूं निवासी सुरेश सिंह के घर से 5 लाख की चोरी हुई थी। जामू के देवेंद्र तिवारी के खेत से 8 जून, हरिप्रकाश तिवारी के खेत से 20 जून को इंजन चोरी हुई था।

# शादी अनुदान योजना में घूसखोरी की होगी जांच

संवाददाता, नर्वल

- बीडीओ के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम बनी

**अमृत विचार:** नर्वल तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में शादी अनुदान योजना में रिश्वतखोरी की शिकायत किए जाने पर मामले की जांच सरसौल बीडीओ को सौंपी गई है। आरोप है कि सहायक समाज कल्याण अधिकारी की मौजूदगी में आनलाइन आवेदन का प्रिंट जमा करने के नाम पर प्राइवेट कर्मी ने एक हजार रुपये की मांग की और रुपये न देने पर फाइल फेंक दी। तीन सदस्यीय जांच टीम शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज करेगी। फिर कार्रवाई होगी।

सरसौल ब्लाक के खरौंटी निवासी लालता और रामबाबू ने पिछले दिनों नर्वल तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में शादी अनुदान योजना के नाम पर सहायक समाज कल्याण अधिकारी सरसौल के कार्यालय के प्राइवेट कर्मी सोनू पटेल द्वारा एक हजार रुपये घूस मांगने की शिकायत की थी। पीड़ितों ने बताया था कि उस समय एडीओ समाज कल्याण सोनम सिंह भी मौजूद थीं। शिकायत के बाद जांच के लिए सरसौल बीडीओ निशांत राय ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की है। जांच टीम में बीडीओ निशांत राय के साथ एडीओ कोआपरेटिव और एडीओ पंचायत शामिल हैं। बीडीओ निशांत राय ने बताया कि जांच के दौरान पीड़ितों और अन्य आवेदकों के भी बयान दर्ज किए जाएंगे। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बेकाबू लोडर खड्ड में पलटा, दो घायल

**चौबेपुर।** शिवराजपुर मार्ग पर बोझा गांव के सामने मंगलवार दोपहर अनियंत्रित लोडर सड़क किनारे खड्ड में जा गिरा।घटना में दो लोग घायल हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा ।

क्षेत्र के भट्ठा कोठी गांव निवासी राधा रमन पुत्र मुन्ना लाल अपने सहकर्मी के साथ मंगलवार दोपहर शिवराजपुर से बेला मार्ग की तरफ लोडर लेकर आ रहा था। तभी बोझा गांव के निकट अनियंत्रित लोडर सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। दुर्घटना देख दौड़े आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल लोडर चालक राधा रमन उसके साथी को उपचार के लिए सीएचसी भेजा,जहां राधा रमन को अधिक चोटों के चलते हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया।

# ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा

संवाददाता ,चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बिठूर मार्ग पर भट्ठा कोठी अंडरपास पुल के नीचे मंगलवार शाम तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए हैलट अस्पताल भेजा, जहां उपचार शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पंचनामा के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

क्षेत्र के भिखारीपुर गांव निवासी राकेश शर्मा (50) पुत्र स्व रामपाल शर्मा इलेक्ट्रीशियन था। बताया गया है कि मंगलवार को राकेश साइकिल से कस्बा आया था, जहां से शाम करीब 6:00 बजे घर वापसी के दौरान बिठूर मार्ग पर भट्ठा कोठी हाईवे अंडरपास पुल के नीचे सामने से आ रहे एक ट्रक ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला।

दुर्घटना देख दौड़े आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए सी एच सी भेजा। जहां से उसे हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया, लेकिन अस्पताल ले जाने के दौरान घायल की रास्ते में ही सांसें थम गईं। प्रभारी थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि दुर्घटना में घायल युवक की मौत हुई है। दुर्घटना करने वाले ट्रक को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में फैक्ट्री कर्मी की चली गई जान



उपेंद्र कुमार।

चौबेपुर। कस्बे के सामने हाईवे पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक को हैलट कानपुर रेफर किया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। क्षेत्र के बजरामऊ गांव निवासी उपेंद्र (24) पुत्र सुरेंद्र क्षेत्र स्थित एक तिरपाल फैक्ट्री में काम करता था। बताया गया है कि मंगलवार सुबह वह घर से बाइक द्वारा फैक्ट्री जा रहा था, तभी कस्बे में मेला ग्राउंड के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा ,जहां हालत गंभीर देख उसे हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। कार्यवाहक थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हुई है। दुर्घटना करने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**उठ रहे सवाल** 55 लाख रुपये खर्च कर बनाया गया था चेक डैम, 40 फीसदी हिस्सा पानी में बहा

# पहली बारिश में ही बह गया महिगवां चेक डैम

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के गंगा कटरी स्थित महिगवां गांव में 55 लाख रुपये खर्च बीते वर्ष लघु सिंचाई विभाग की ओर से बनवाए गए चेक डैम की पहली ही बारिश में हकीकत सामने आ गई। पहली ही बारिश में चेक डैम का 40 फीसदी हिस्सा पानी में बह गया। इससे विभाग के प्रति इलाकाई लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

इलाकाई लोगों का कहना है कि चेक डैम के निर्माण में सरकार के 55 लाख रुपये पानी में बहते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटिया निर्माण कार्य के चलते पहली बारिश में ही पानी का दबाव न झेल पाने की वजह से चेक डैम का काफी बड़ा हिस्सा पानी में बह गया है, जिससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि निर्माण में ठेकेदार के साथ लघु सिंचाई विभाग ने किस कदर लापरवाही बरती है।

55 लाख रुपये के भारी भरकम बजट से इस चेक डैम का निर्माण वर्ष 2023 में कराया गया था, काम ठेकेदार राजेश कटियार को दिया गया था। 2023 में चेक डैम बनने के बाद 2024 की पहली बरसात में ही चेक डैम पानी में बह गया। शासन की मंशा थी कि बारिश के पानी को एक चेक डैम में एकत्र किया जाएगा, जिससे इलाकाई लोगों को सिंचाई के लिए उपयोग करने में आसानी होगी, लेकिन पहली ही बारिश में चेक डैम बह गया।



बरसात से महिगवां चेक डैम पानी के साथ बह गया। अमृत विचार

### तीन साल तक रखरखाव की ठेकेदार की जिम्मेदारी

लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता राजेश कुमार का कहना है कि पूरा मामला उनके संज्ञान में है। चेक डैम बनाने वाली कार्यदायी संस्था की तीन साल तक उसके रखरखाव की जिम्मेदारी है। कार्यदायी संस्था को ही चेक डैम का सुधार करना होगा। इसके लिए ठेकेदार से बातचीत की जाएगी और बनाने के निर्देश दिए जाएंगे।

### सत्ता दल का करीबी है चेक डैम का ठेकेदार

चेक डैम का निर्माण करने वाला ठेकेदार सत्ता दल का करीबी है। लोगों का कहना है कि चेक डैम के बहने के बाद ठेकेदार पर कार्रवाई होगी या नहीं? इस पर संशय है। स्थानीय किसानों का कहना है कि अब धान की फसल बारिश के ही पानी पर ही निर्भर रहेगी। चेक डैम बहने के बाद उससे पानी की आस नहीं की जा सकती है। चेक डैम बहने के बाद लघु सिंचाई विभाग में हड़कंप मचा है और अधिकारी एक-दूसरे को बचाने की जुगत में लग गए हैं। सत्ताधारी पार्टी के करीबी ठेकेदार की मनमानी से स्थानीय लोग प्रभावित हो रहे हैं।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**शिवराजपुर।** सोमवार देर रात बैरी क्रॉसिंग के पास तेज रफ़्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार उछलकर दूर का जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कानपुर रेफर कर दिया।

सोमवार देर रात बाइक सवार युवक कस्बे से अपने गांव मुंडेरी जा रहे थे, तभी तेज रफ़्तार ट्रैक्टर ने बैरी क्रासिंग के सामने टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया। बताते हैं कि कानपुर में उपचार के दौरान मुरेडी गांव के रहने वाले रईस (45) पुत्र करम अली की मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक दूसरा इरफान (25) पुत्र मो. फजल की हालत गम्भीर बनी हुई है। थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज होगा।

**रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना**

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 30.07.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)

## एक नजर

### रिजर्व पुलिस लाइन का एडीसीपी ने किया निरीक्षण

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी लाइन लखन सिंह यादव व सहायक पुलिस आयुक्त लाइन अंजलि विश्वकर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान क्वार्टर गार्ड, बैरिक, मैस आदि का निरीक्षण करते हुए संबंधित को दिशा-निर्देश दिए।

### चलती बाइक में लगी आग

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में स्थित शास्त्री नगर चौकी के पास मंगलवार देर शाम चलती बाइक में आग लग गई। आग लगने से वहां पर अफरातफरी मच गई। युवक ने कूदकर अपनी जान बचाई। दुकानदारों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया।

### हैलट से बाइक चोरी, नहीं लिखी रिपोर्ट

**कानपुर।** हैलट परिसर से एक सप्ताह पूर्व कर्मचारी की बाइक चोरी की घटना सीसी कैमरे में कैद हुई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित पुलिस के चक्कर लगा रहा है। हैलट के वार्ड ब्वाय दशरथ सिंह ने बताया कि चार जुलाई को वह ड्यूटी पर आया और अपनी बाइक स्टॉफ पार्किंग में खड़ी की। शाम को ड्यूटी खत्म होने के बाद जब दशरथ स्टैंड पहुंचा तो बाइक गायब थी। सीसी कैमरे में एक युवक बाइक चोरी करके ले जाता हुआ नजर आया। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। चौकी प्रभारी ने बताया कि तहरीर थाना प्रभारी के नाम पर नहीं थी।

# अहमदाबाद व कोलकाता के लिए फिर विमान सेवा

## नये टर्मिनल से इंडिगो एयरलाइंस देख रही यात्रियों की लोड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरू के बाद अब अहमदाबाद, कोलकाता और हैदराबाद की फ्लाइट भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कोलकता के लिए पहले चकेरी एयरपोर्ट से दिल्ली-कानपुर-कोलकाता की फ्लाइट चलती थी, लेकिन यात्रियों की कमी के कारण 120 यात्री क्षमता वाली यह फ्लाइट कुछ साल पहले बंद कर दी गयी थी। इसी तरह 2019 में शुरू की गई अहमदाबाद की उड़ान भी कोविड काल में बंद हो गई थी। हैदराबाद के लिए शहर से विमान सेवा पहली बार उपलब्ध होगी।

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर हुए एक सर्वे में यह बात सामने आई थी कि वहां से प्रस्थान करने वाले यात्रियों में करीब 40 प्रतिशत कानपुर के यात्री होते हैं। इसे देखते हुए नया टर्मिनल बनने के बाद कानपुर से देश के प्रमुख शहरों के लिए विमान सेवा शुरू करने के प्रयास चल रहे हैं।

फिलहाल यात्रियों का लोड देखते हुए कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद की फ्लाइट शुरू करने का निर्णय हुआ है।

हैदराबाद की फ्लाइट का समय बेंगलुरू की फ्लाइट के समय पर ही रखा गया है।

हैदराबाद की फ्लाइट भी सप्ताह में तीन दिन चलेगी। जनवरी में नियमित उड़ान बंद किए जाने के बाद दोबारा शुरू की गई बेंगलुरू की फ्लाइट भी अभी सप्ताह में तीन दिन ही उड़ान भर रही है।




### दिल्ली के लिए चाहिए सुबह-शाम उड़ान

- कानपुर के उद्योगपतियों का कहना है कि कानपुर से सुबह 8 या 9 बजे एक फ्लाइट दिल्ली के लिए होनी चाहिए। इसी तरह दिल्ली से सायं 6 या 7 बजे कानपुर की फ्लाइट होनी चाहिए। ऐसा होने पर कारोबारी 10 बजे तक दिल्ली पहुंचकर दिन भर अपना काम करने के बाद दिल्ली से शाम की विमान सेवा से रात 8 बजे तक कानपुर लौट सकेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की कनेक्टिविटी देने की मांग

- यात्रियों की मांग है कि कानपुर से दिल्ली, कोलकाता और मुंबई की विमान सेवा का समय ऐसा होना चाहिए जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ान की आसान कनेक्टिविटी मिल सके। ऐसा होने पर दिल्ली, कोलकाता और मुंबई से अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान, यूरोप की उड़ान पकड़ने वाले यात्रियों को वहां एयरपोर्ट पर लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

# रेलवे, डिफेंस व ऑटो सेक्टर में बढ़ी दिलचस्पी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जुलाई में जारी है शेयर बाजार का जलवा, शहर के निवेशकों की संपत्ति 2100 करोड़ बढ़ी

**अमृत विचार।** जुलाई माह में शेयर बाजार का जलवा कायम है। 9 दिनों में कानपुर के निवेशकों की संपत्ति 2,100 करोड़ रुपये बढ़ने का अनुमान है। बाजार की बढ़िया चाल से निवेशक 23 जुलाई को पेश होने वाले केंद्रीय बजट को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनकी दिलचस्पी रेलवे, डिफेंस और ऑटो शेयरों में ज्यादा दिख रही है। मंगलवार को सेंसेक्स-निफ़्टी ने नया हाई रिकॉर्ड बनाया।

रेलवे से जुड़ी कंपनियों के शेयरों पर भरोसा बढ़ने का मुख्य कारण यह है कि निवेशक आम बजट में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए सरकार की तरफ से कई बड़े एलान होने की उम्मीद लगाए हैं। पिछले हफ्ते ही रेल मंत्री ने कहा था कि सरकार 50 नई अमृत भारत ट्रेनों के प्रोडक्शन, 2,500 नए पैसेंजर तथा 10,000 अतिरिक्त कोच के लिए योजनाएं बना रही है। इसी तरह डिफेंस सेक्टर में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत इलेक्ट्रानिक्स ने बीते छह माह में निवेशकों को 82 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। पीएसयू डिफेंस स्टॉक में बढ़त का कारण यह है कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में रक्षा खर्च में काफी वृद्धि की है। वैश्विक मोर्चे पर बढ़ती चुनौतियों के मद्दे नजर भारत में भी रक्षा खर्च और बढ़ने की संभावना है।

### शेयर बाजार में जारी है बजट पूर्व रैली



आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार में 2 अंतरिम बजट सहित कुल 12 बार बजट पेश हुए हैं। इन 12 में 7 मौकों पर शेयर बाजार बजट के दिन गिरा है, जबकि 5 बार उठा है। 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव के कारण पहले अंतरिम फिर पूर्ण बजट पेश हुआ था। इस बार आंकड़े इशारा कर रहे हैं कि बाजार में बजट पूर्व रैली जारी है। निफ्टी और सेंसेक्स लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। मंगलवार को भी निफ्टी और सेंसेक्स उच्चतम स्तर पर रहेष सेंसेक्स ने 80,397 .17 का नया रिकॉर्ड बनाया तो निफ़्टी का नया ऑलटाइम हाई 24,443 .60 रहा।

## सार-संक्षेप



गोविंदनगर के गुरुद्वारे में होगा आयोजन।

### बाबा श्री चन्द्र जी महाराज का प्रकाश पर्व मनाएंगे

**कानपुर।** गुरुद्वारा धन धन बाबा श्री चन्द्र जी दरबार 2 ब्लॉक, गोविंद नगर, कानपुर में 14 जुलाई से श्री अखंड पाठ साहिब की लड़ियों की आरम्भता हो रही है। ये लड़ियां अनवरत 40 दिनों तक लगातार चलती रहेंगी, जिसकी समाप्ति 6 सितंबर 2024 को होगी। गुरुद्वारा संचालक प्रमुख ग्रंथी ज्ञानी त्रिलोचन सिंह ने बताया कि बाबा श्री चन्द्र जी महाराज का 530 वां पावन प्रकाश पुरव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा, जिसकी शुरुआत 14 जुलाई से अखंड पाठ साहिब की लड़ियों से की जाएगी। 40 दिन की इन लड़ियों के दौरान 151 से अधिक अखंड पाठ साहिब रखे जाएंगे। 6 सितंबर को महान यज्ञ श्री अखंड संपट पाठ साहिब आरम्भ होगा। इस अवसर पर हुजूरी रागी भाई सुरेंद्र सिंह ने कीर्तन किया। ज्ञानी बलविंदर सिंह ने अरदास की। इस अवसर पर सुरेश कालरा, अशोक सदवानी, शिव अरोड़ा, राजकुमार लालडिनानी, राजू बत्रा, चिंटू, परमजीत सिंह, पिंटू, पंकज, त्रिलोक सिंह, रवि, हैप्पी आदि उपस्थित थे।

### क्षेत्रीय मंत्री को चांदी का मुकुट पहना किया सम्मानित

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ कानपुर से सम्बन्ध भारतीय मजदूर संघ एवं भारतीय परिवहन मजदूर संघ के तत्वावधान में सेवानिवृत्त सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। क्षेत्र मंत्री अजय दीक्षित का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि विधायिका नीलिमा कटियार एवं चौबेपुर ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला ने चांदी का मुकुट पहना करके क्षेत्रीय मंत्री अजय दीक्षित का सम्मान किया। संघ के सभी कर्मचारियों ने भी उनका सम्मान किया। रामचंद्र बाजपेई, राहुल देव बाजपेई, गिरीश बाबा, योगेश अग्निहोत्री, उमेश पांडे, बृजेश शर्मा, दीनानाथ, कांति, आलोक श्रीवास्तव, के के अवस्थी, पंकज शुक्ला आदि संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।



रोटरी के शिविर में मौजूद डॉक्टर।

### बच्चों के दांत मिले खराब, आंखों में निकली दिक्कत

**कानपुर।** एसजीएम इंटरनेशनल स्कूल कल्याणपुर में मंगलवार को रोटरी क्लब ऑफ कानपुर मेट्रो ने आरोग्यम हेल्थ चेकअप कैंप लगाया। शिविर में 19 डॉक्टरों ने 565 बच्चों के स्वाथ्य की जांच की। बच्चों में दांत व आंख के रोग पाए गए। रोटरी पदाधिकारियों ने बच्चों को निरोगी काया का महत्व समझाया। डॉ. श्रवण कुमार सिंह व डॉ. अमीय कृष्ण ने 56 बच्चों में हल्के पायरिया के लक्षण, 67 बच्चों में दांतों का टेढ़ापन पाया। कानपुर मेट्रो के अध्यक्ष अजीत अग्रवाल सुरेश गुप्ता, विजय पुरवार, धनराज अरोड़ा, प्रशान्त बागला मौजूद रहे।

### 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**कानपुर।** सचेंडी में डोडा की तस्करी के मामले में फरार 25 हजार के इनामी गैंगस्टर गुलाब शर्मा को पुलिस ने सोमवार रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिछले तीन माह से फरार था। सचेंडी पुलिस ने 13 अप्रैल को एक वाहन रोका था। उसमें बैठे मादक पदार्थ तस्कर गाड़ी छोड़कर भाग निकले थे। गाड़ी नंबर के आधार पर जांच में राजस्थान के जोधपुर सिटी निवासी गुलाब शर्मा और उसके साथी चंद्रशेखर का नाम सामने आया था। जिसमें पुलिस ने आरोपी चंद्रशेखर को जेल भेज दिया था, जबकि गुलाब फरार चल रहा था।

### कार से पीछा कर टक्कर मारने का प्रयास

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के बारासिरोही निवासी सोबरन सिंह पेशे से प्रॉपर्टी डीलर हैं। उनके अनुसार सोमवार को वह अपनी गाड़ी की सर्विस कराने के लिए सचेंडी स्थित वर्कशॉप जा रहे थे। इस दौरान एक फॉर्च्यूनर कार कल्याणपुर से लगातार उनका पीछा कर रही थी। पनकी हाईवे पर ओवरटेक करते समय फॉर्च्यूनर ने उन्हें टक्कर मारकर जान से मारने का प्रयास किया। इतना ही नहीं वर्कशॉप से लौटते समय पनकी स्टेशन के पास एक बार फिर अज्ञात फॉर्च्यूनर चालक ने गाड़ी में टक्कर मार दी। मंगलवार सुबह घर के बाहर पहुंचे फॉर्च्यूनर चालक ने गाली गलौज की है। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### नवाबगंज में मारपीट का वीडियो वायरल

**कानपुर।** मंगलवार को सोशल मीडिया पर युवक से मारपीट का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो नवाबगंज थानाक्षेत्र का बताया जा रहा है। वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस जांच में जुटी तो पीड़ित की पहचान क्षेत्र के रहने वाले युवक के रूप में हुई। नवाबगंज थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया पीड़ित राजेंद्र गिल्लीपुरवा का रहने वाला है। पीड़ित के अनुसार उसे बिठूर थानाक्षेत्र निवासी सौरभ, हरिओम और करन ने पीटा था। किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पीड़ित से तहरीर लेकर आरोपितों के खिलाफ मारपीट संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

### बालक-बालिका ताइक्वांडो टीम घोषित

**कानपुर।** यूपी ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से 11वीं फ्रेशर पूमसे और क्योर्गी सबजूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता लखनऊ चौक स्टेडियम में 10 से 11 जुलाई तक होनी है। जिसमें शहर के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। शहर के बालक और बालिका खिलाड़ियों की सूची जारी की गई है। पूमसे मुकाबले में बालिका वर्ग में दीया मनवानी, काव्यांशी स्वरूप श्रीवास्तव, बालक वर्ग में लोकेश शरण गुप्ता, प्रखर वर्मा, ऐश्वर्य स्वरूप श्रीवास्तव और क्योर्गी (फाइट) बालक वर्ग में आदविक बांसवार, अर्जित पटेल, प्रत्यय पटेल, अधिराज तिवारी, शिवशांत कुमार, कुशाग्र शुक्ला, आशांक मिश्रा, हर्षित गौतमपुरी, रवि सिंह, रिजक सिंह, दिव्यांश कुमार, कार्तिकेय वर्मा, आदर्श कपूर, अजितेश कुमार, श्रेष्ठ दीक्षित, विनायक गौर, हर्षवर्धन सिंह, प्रखर गौर, रुद्र निगम, शिवशंत कुमार, श्लोक जैन, आर्यन सिंह है। बालिका वर्ग में प्रियांशी निगम, अमाया एस, नंदवी मिश्रा, अविका वर्मा, गुलशगुफ्ता नूर वारसी, आराध्या सिंह, एकता सिंह, एंजल सचान, आर्यांशी यादव, शिखा देवी, युगांतिका सिंह, अध्या सिंह, अवनी पाल, कामाक्षी दुबे, आद्रिका बांसवार शामिल है। कोच व मैनेजर सुशांत गुप्ता, कपिल दुबे, अतुल दुबे, अपर्णा दुबे, कुलदीप शुक्ला, अमन चौरसिया, सतीश टीम के साथ जाएंगे। ताइक्वांडो संघ के दीपक चौरसिया, दिनेश दीक्षित, प्रदीप सिंह चौहान आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### बुलेट पर सवार, दोनों हाथों से फायरिंग, वीडियो वायरल

**कानपुर।** मंगलवार को बुलेट पर पीछे बैठे एक युवक का दोनों हाथ में तमंचे से फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल हुआ, जिसमें बुलेट चला रहा युवक अंगौछे से मुंह ढंके हुए दिखाई दे रहा है। पीछे दूसरी बाइक पर सवार युवक फायरिंग करने वाले का वीडियो बना रहे हैं। 15 सेकेंड का वायरल वीडियो हनुमंत विहार थानाक्षेत्र का बताया जा रहा है। अमृत विचार अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में खलनायक मूवी का मशहूर गाना, मैं भी शराफात से जीता मगर... बज रहा है। बुलेट चला रहे युवक ने मुंह अंगौछे से बांध रखा है, जबकि पीछे सिर पर साफा बांध कर बैठा युवक चलती बुलेट में तमंचा लोड करता है फिर हवाई फायरिंग कर रहा है, इसके बाद पीछे मुड़ कर हवा में फायर झोंक देता है। बुलेट के पीछे चल रहे युवक उसका वीडियो बना रहे हैं। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

### 14 लेखपालों को मिला अतिरिक्त प्रभार

**कानपुर।** लेखपालों का तबादला होने से भूमि अभिलेखों, राजस्व से संबंधित काम बाधित थे। समस्या का समाधान करते हुए एसडीएम सदर प्रखर कुमार सिंह ने 14 लेखपालों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। लेखपालों को अतिरिक्त प्रभार वाले क्षेत्रों का तत्काल कार्यभार ग्रहण करने का आदेश दिया है। एसडीएम ने बताया कि शेषपुर में दीपक वर्मा, रूमा में मुजफ्फर हुसैन, कुलगांव में शरद शुक्ला, वाजिदपुर उर्फ जाजमऊ में अर्पित कटियार को अतिरिक्त प्रभार मिला है। शरद शुक्ला के पास अहिरवा का भी प्रभार है। इसी तरह खेरसा में मानिकलाल गुप्ता, मगरासा में स्नेहंस, बैकुंठपुर में आलोक सिंह, सोना में कृष्ण कुमार मिश्रा आदि को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

# राष्ट्रीय तैराकी के लिए टीम चयनित की गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन ने सब जूनियर व जूनियर तैराकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैराकों का मंगलवार को चयन किया। प्रतियोगिता 13 से 16 जुलाई तक लखनऊ में होगी। जिला तैराकी संघ के सचिव प्रकाश अवस्थी ने बताया कि बालक वर्ग में कप्तान आदर्श सिंह, अरमान कपूर, आरुष जयसिंहानी, शौर्य गुजराल, एआर मिश्रा, आरुष पोद्दार, अराध्य मिश्रा, अनन्य अवस्थी, अंजन अवस्थी, एनयादव, मानित लाम्बा, समर्थ अग्निहोत्री, सूर्यांश केशरवानी, एन मिश्रा, विनायक शुक्ला, प्रियांशु सिंह, शास्वत मिश्रा, कबीर मुस्तफा, शिखर, देवांश दीक्षित, आद्रित, मेधावी, मृत्युंजय, अनंत, अथर्व अग्रवाल, अधर्व सिंह, यजत कपूर, आरव मिश्रा का चयन हुआ। बालिका वर्ग में कप्तान विनीश दानिश, यशिता श्रीवास्तव, डी चंद्रा, स्वास्तिका दीक्षित, आरुषी मिश्रा, अरुणिमा पोरवाल, श्रविका अवस्थी, आध्या गुप्ता, अक्षिता अग्रवाल, आराध्या दीक्षित, अपर्णा दीक्षित, शान्या, अनन्या यादव, श्रेया राजभर, ऐश्वर्या सचान, अरुषिमा गुप्ता, मान्या मिश्रा, एस कपूर, अराध्या गुप्ता, आर शुक्ला, माही निषाद, आल्या, आर्या, इरा, शानवी, ज्योति, नैंसी, श्रृष्ठी टीम में शामिल हैं। टीम के साथ मैनेजर-कोच विकास अवस्थी, वरदान अवस्थी, अनुभव मिश्रा, कमलेश अवस्थी जाएंगे।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ऑनलाइन हाजिरी सहित अन्य कार्यों का शिक्षकों ने मंगलवार को भी विरोध किया। स्कूलों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य कराया। इसी तरह संगठनों की ओर से बैठकों का भी दौर चला। इन बैठकों में शिक्षक नेताओं की ओर से आंदोलन को धार देने की रणनीति तैयार की गई। बताया गया कि जल्द ही शिक्षक संगठन अपनी मांगों को लेकर बड़ा ऐलान कर सकते हैं।

ऑनलाइन हाजिरी को अनिवार्य किए जाने के दूसरे दिन शिक्षकों ने अपना विरोध जारी रखा। परिषदीय स्कलों में शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई। ऑनलाइन हाजिरी सहित अन्य कार्यों का विरोध कर रहे संगठन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश, कानपुर नगर से जुड़े शिक्षकों ने बैठक कर मांगों को दोहराया। प्राथमिक विद्यालय कारवालो नगर व आवास विकास तीन स्थित जनपदीय कार्यालय में हुई बैठकों में जिलाध्यक्ष चंद्रदीप सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक लंबे समय से अपनी मांगों पर आंदोलित हैं। उनकी सुनवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएंगी तब तक वे ऑनलाइन कार्यों का विरोध करते रहेंगे। बैठक में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के संगठनों के निर्णय का इंतजार किए जाने का भी आह्वान किया गया। कहा गया कि जल्द ही राष्ट्रीय व प्रदेश नेताओं की ओर से इस आंदोलन को लेकर बड़े ऐलान किए जा सकते हैं।



काली पट्टी बांधकर विरोध जताते शिक्षक। अमृत विचार

- ऑनलाइन हाजिरी का खुलकर किया विरोध

# लगातार बारिश के बाद भी उमस

**कानपुर।** मंगलवार को बारिश के बाद भी उमस कम होने का नाम नहीं ले रही है। मौसम विभाग की माने तो लगातार बारिश के बाद ही उमस से निजात मिलेगी। आने वाले दिनों में बारिश की संभावना है।

सुबह सूरज निकलने के साथ ही धूप अपना असर दिखा रही थी तो हवा की गति धीमी होने के कारण उमस भी परेशानी पैदा कर रही थी। दोपहर 12.30 बजे के बाद काली घटा छाने लगी और दोपहर एक बजे से बारिश शुरू हो गई।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ सीबी सिंह ने बताया कि अधिकतम तापमान सामान्य से 0.4 डि.से. नीचे गिरकर 32.6 डि.से. दर्ज हुआ वहीं न्यूनतम तापमान 1.2 डि.से. नीचे गिरकर 24.8 डि.से. दर्ज हुआ।

# ट्रक से टकराकर युवक की मौत

संवाददाता, सिकंदरा



राजा पाल।

**अमृत विचार।** रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होकर लौट रहे बाइक सवार युवक हाईवे पर अचानक मुड़े ट्रक से अनियंत्रित होकर टकरा गए। जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया है।

राजपुर थाना क्षेत्र के सिलहरा गांव निवासी राजा पाल (20), हिम्मतपुर के दीपक राजपूत (20) व इसी गांव के आयुष राजपूत (20) के साथ रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने जनपद औरैया के अजीतमल में बाइक से गया था। वहां से तीनों दोस्त अपने घर लौट रहे थे। तभी सिकंदरा क्षेत्र के मूढादेव गांव के समीप शिवा ढाबा के पास नेशनल हाईवे किनारे चालक ने ट्रक को अचानक हाईवे की तरफ मोड़ दिया। जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस न तीनों घायलों को सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर अनीता शुक्ला ने राजा पाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल दोनों युवकों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक की मौत की जानकारी पर सीएचसी पहुंचे परिजनों ने कोहराम मच गया। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



युवक की मौत पर छानबीन करते चौकी इंचार्ज। अमृत विचार

# एचबीटीयू में दूसरी काउंसलिंग पूरी 52 प्रवेश

**कानपुर।** एचबीटीयू में दो राउंड की काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी हो गई है। पहले राउंड में 800 से अधिक छात्रों ने अलग-अलग ब्रांच को चुना था, लेकिन प्रवेश सिर्फ 52 ने लिया। 423 छात्रों ने सीट फ्लोट कर दी। विश्वविद्यालय प्रशासन में दूसरे राउंड की काउंसलिंग का परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें सर्वाधिक 124129 रैंक तक के छात्रों को सीट आवंटित की गई है। पहले राउंड की काउंसलिंग के बाद 912 सीटों के सापेक्ष 877 छात्रों को सीट आवंटित की गई थी। 6 जुलाई तक छात्रों को प्रवेश लेना था। लेकिन अभी 52 छात्रों ने ही प्रवेश लिया है। तीन राउंड की काउंसलिंग के बाद भी अगर सीटें रिक्त रहती हैं तो स्पाट काउंसिलंग होगी।

# जमीन बेचने के नाम पर ठगी, सात पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्जी दस्तावेज से बेच दी थी सरकारी संपत्ति
- नजीराबाद थाना क्षेत्र के हर्ष नगर का मामला

**अमृत विचार।** नजीराबाद थाना क्षेत्र में कूटरचित दस्तावेजों से सरकारी संपत्ति बेचने के मामले में कोर्ट के आदेश पर नजीराबाद पुलिस ने भाई-बहन समेत सात के खिलाफ कूटरचित दस्तावेजों से धोखाधड़ी और षडयंत्र रचने समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई की है।

हर्ष नगर निवासी अशवेंद्र सोनकर ने बताया कि इलाके के अशोक कुमार कुरील ने अपने छह भाई-बहन के साथ उनसे 55 लाख रुपये में मकान बेचने का सौदा किया था।

जिसके लिये उन्होंने पांच लाख रुपये भी लिये थे। आरोप है कि मकान को बेचने के लिये उन्होंने फर्जी गृहकर, बिजली का बिल व अन्य दस्तावेज तैयार करवाए और पावर आफ अटार्नी भी दिखाई। छानबीन करने पर पता चला कि राज्य सरकार ने आधा मकान ही अशोक और उनके स्वजन को दिया था। जबकि वह फर्जी दस्तावेजों से इसे उन्हें बेच रहे थे। पुलिस के सुनवाई न करने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली जिसके बाद कार्रवाई हुई। इस संबंध में थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

# पुरानी पेंशन पर 9 से करेंगे प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राज्यस्तरीय बैठक में हुआ निर्णय, शिक्षा निदेशक से मिला प्रतिनिधि मंडल

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की राज्य परिषद की ओर से 9 अगस्त को पूरे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में धरने का ऐलान किया है। राज्य परिषद की बैठक मंगलवार को लखनऊ के विधायक आवास पर हुई। बैठक के बाद परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा निदेशक को बैठक में लिए गए निर्णयों का प्रतिवेदन भी सौंपा। शिक्षकों ने चेतावनी भी दी कि यदि इस बीच उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वे प्रदर्शन के लिए तैयार हैं।

बैठक के बाद शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा निदेशक माध्यमिक को अपनी मांगों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में आशीष सिंह, शैलेंद्र द्विवेदी, संजय बाजपेयी ,वीरेंद्र बहादुर सिंह, जेके यादव, राहुल मिश्रा, शैलेंद्र अवस्थी, यशवंत सिंह इंद्रपाल, अवधेश कटियार सहित अन्य शामिल रहे। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। मांग उठाई कि तदर्थ शिक्षको को विनियमित करते हुए पूर्ण शिक्षक का दर्जा दिया जाए। इसके अलावा कहा गया कि 28 मार्च 2005 से पहले विज्ञापन वाले शिक्षकों की पुरानी पेंशन लागू की गयी है।

इंतजार | पुखरायां में घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे लोग

# आधार कार्ड बनवाने को बैंक में उमड़ी भीड़

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने के लिए लोगों की बैंक शाखाओं में भीड़ उमड़ पड़ी। लोग भीषण गर्मी में घंटों लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर रहे। ऐसे में कई बार अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

मंगलवार को पुखरायां की बैंक शाखाओं में बड़ी संख्या लोग पहुंच गए। भीड़ बढ़ने पर अफरा-तफरी मच गई। पूरे दिन इंतजार के बाद सैकड़ों लोगों के आधार कार्ड बन सके। जबकि कई लोगों को मायूस होकर मायूस होकर लौटना पड़ा। बता दें कि राशन कार्डो में जुड़ी यूनिट में ई-केवाईसी करने के लिए आधार अपडेट करना जरूरी है। ऐसे में आधार कार्ड में संसोधन और आधार अपडेट कराने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष अपने बच्चों को लेकर बैंक शाखाओं में चक्कर लगा रहे हैं।

पुखरायां स्थित बैंक आफ बड़ौदा व बड़ौदा ग्रामीण बैंक में मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। भीड़ बढ़ने पर बैंकिंग कार्य प्रभावित रहा। इधर आधार कार्ड अपडेट कराने आए लोग भी मासूम होकर लौट गए।

भीड़ में शामिल शाहजहांपुर गांव के गुडडू, अमरौधा के विनय, टयोगा के हरि, दोहरापुर के राजू, मूसानगर के रामसजीवन, जलालपुर के सानू आदि ने बताया कि आधार कार्ड में फिंगरप्रिंट अपडेट कराने आए थे। लेकिन घंटों कतार में खड़े होने के बाद आधार कार्ड अपडेट नहीं हो सका। मजबूरन वापस लौटना पड़ा। इस बावत भोगनीपुर उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार ने बताया कि बैंक में अधिक भीड़ होने की शिकायत मिली है। पुलिस कर्मियों को बैंक में सुरक्षा के लिए निर्देशित किया जाएगा। लोगों को किसी तरह की असुविधा नहीं होगी।



मंगलवार को आधार कार्ड बनवाने के लिए बैंक में लगी भीड़। अमृत विचार

# आजाद की भूमि बदरका में बनेगा खुला मंच, बहुउद्देशीय हाल और प्रेक्षागृह

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने 2023 में की थी निर्माण की घोषणा, 6.18 करोड़ से होगा विकास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



बदरका गांव स्थित आजाद स्मारक स्थल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सूबे के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के पैतृक गांव बदरका में बहुउद्देशीय हाल (प्रेक्षागृह व खुला मंच) निर्माण के लिए 618.44 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत करा शासन से दो करोड़ रुपये जारी करने की मंजूरी दिलाई है। प्रदेश शासन के अनुभाग सचिव रघुनाथ प्रसाद वर्मा ने निदेशक संस्कृति निदेशालय को जारी पत्र में इसकी जानकारी दी है। अब निर्माण एजेंसी सी एंड डीएस गांव स्थित आजाद स्मारक स्थल पर जल्द ही बहुउद्देशीय हाल का निर्माण शुरू कराएगा।

बदरका में वर्ष-2023 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले त्रिदिवसीय वार्षिक समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ल व आयोजन समिति के सचिव राजेश शुक्ला की मांग पर बहुउद्देशीय हाल निर्माण कराने की घोषणा की थी। उन्होंने भरोसा दिलाया था कि हाल बनवाकर वह सुविधाजनक ढंग से वार्षिक समारोह आयोजित कराना सुनिश्चित कराएंगे। मंगलवार को शासन के अनुभाग सचिव ने इस संबंध में स्वीकृति पत्र जारी कर दिया है। इसमें प्रेक्षागृह निर्माण कराने के लिए सी एंड डीएस नामक कंपनी को कार्यदायी संस्था नामित किए जाने की जानकारी देते हुए बताया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा 637.22 लाख की लागत के प्राकलन के सापेक्ष 618.44 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। जिसमें दो करोड़ रुपये की

● शासन ने दो करोड़ रुपये का बजट जारी करने को दे दी हरी झंडी

पहली किस्त जारी किए जाने की स्वीकृति राज्यपाल द्वारा दे दी गई है। उन्होंने संस्कृति निदेशालय को नियमानुसार सभी अनापत्तियां व पर्यावरणीय क्लियरेंस प्राप्त करते हुए निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माण में गुणवत्ता मानकों को पूर्ण करने पर जोर दिया गया है। गौरतलब हो कि अब तक एक बरामदानुमा निर्माण स्थल पर टेंट आदि लगाकर वार्षिक समारोह आयोजित होता रहा है। कवि सम्मेलन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में जनवरी माह के पहले सप्ताह में जबर्दस्त सर्दी में लोग ठिठुरते हुए शामिल होते थे। दिन में श्रद्धांजलि सभा, खेलकूद आदि होते हैं।

# धमाके के साथ फटा पटाखों का जखीरा, आतिशबाज की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● पटाखों में हुए धमाके के बाद शटर से उखड़ी पत्ती सिर में धंसी, दीवार भी दरकी

**अमृत विचार।** बिहार थानाक्षेत्र के पकराखुर्द गांव में सोमवार रात दुकान में रखे पटाखों में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे पटाखों में विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना भयंकर था कि दुकान के बाहर सो रहे दुकान स्वामी की की मौत हो गई। मौके पर पहंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। परिजन आतिशबाजी बेचने की बात को नकार रहे हैं। लेकिन पुलिस को जांच के दौरान दुकान में पटाखे रखे होने के साक्ष्य मिले हैं। धमाका इतना तेज था कि दरवाजे खिड़की के अलावा दीवार तक दरक गई।


अली अहमद।

बिहार थानाक्षेत्र के गांव पकराखुर्द निवासी अली अहमद (43) पुत्र जहूर गांव में दुकान किए हैं। इसके साथ वह चोरी छुपे मांगलिक कार्यक्रमों में आतिशबाजी की भी आपूर्ति करता था। बताते हैं कि सोमवार रात वह कानपुर से पटाखे लाकर उन्हें दुकान में रखने के बाद शटर बंद कर बाहर सो गया। तभी रात करीब डेढ़ बजे अज्ञात कारणों से पटाखों में आग लग गई, जिससे उनमें विस्फोट हो गया। बताते हैं कि धमाका इतना तेज था कि दुकान की खिड़की व दरवाजे तक उखड़ गए और दुकान की दीवार में दरार आ गई। बताते हैं धमाके से शटर में लगी लोहे की पत्ती अली अहमद के सिर में धंस गई, इससे उसकी मौत हो गई। चर्चा है कि वह पटाखा बनाता नहीं था। सहालग में बुकिंग मिलने पर वह बाहर से खरीद कर लाता था। चर्चा है कि वह सोमवार को 40 हजार रुपये के पटाखे लाया था। एसओ शिवप्रकाश पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ब्लास्ट इंजरी से मौत होने की बात भी सामने आई है। उसके शरीर में गन पाउडर भी मिला है।

## सार-संक्षेप

### प्रेमिका की शादी तय होने से युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव दिरगजखेड़ा के पास एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। लोगों में उसका गांव में किसी युवती से प्रेम-प्रंसग होने के चलते आत्महत्या करने की चर्चा रही। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव केवाना के मजरे कन्हईखेड़ा निवासी 30 वर्षीय राम किशुन पुत्र सीताराम ने सोमवार रात करीब 10 बजे ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। चर्चा रही कि उसका पास के गांव की एक युवती से प्रेम-प्रसंग था। युवती की शादी तय हो गयी थी, जिससे आहत होकर उसने आत्महत्या कर ली।

### खड़े लोडर में घुसी बाइक, एक गंभीर

**नवाबगंज।** लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित पक्षीविहार के पास एक लोडर सुबह से खराब खड़ी थी। पछियांव कस्बा नवाबगंज निवासी आकाश पुत्र संजूलाल व नितिन पुत्र मुन्नालाल बिजली का बिल जमा कर वापस आ रहे थे। तभी वे लोडर में पीछे से घुस गये। इसमें आकाश पुत्र संजूलाल को गंभीर चोटें आ गईं। उसे सीएचसी लाया गया। जहां से उसे गंभीर देख लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेज दिया गया।

### छत से गिरकर अधेड़ गंभीर, रेफर

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव अमीरपुर नेवादा निवासी भरत कुमार (55) पुत्र मन्ना बीती रात अधिक गर्मी होने के चलते परिवार के साथ छत पर लेटा था। देररात दो बजे वह लघुशंका के लिए उठा था। तभी उसका पैर फिसल गया और वह नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाये। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पत्नी मायके से नहीं आई तो लगाई फांसी

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** ससुराल से पत्नी के वापस न आने से परेशान पति ने घर लौटने के बाद फंदे से लटककर जान दे दी। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव शादी पुर निवासी सकाल (25) पुत्र शेरा ने अपने घर की छत में लगे कुंडे में मफलर के सहारे लटककर जान दे दी। मंगलवार सुबह परिनों ने उसका शव फंदे से लटकता देखा तो चीख पुकार मच गई। घटना को लेकर चर्चा है कि वह दो दिन पूर्व पत्नी को लेने ससुराल गया था। जहां पत्नी ने उसके साथ आने से मना कर दिया। साथ न आने को लेकर दोनों में विवाद भी हुआ। घर लौटे पति ने फंदे से लटककर जान दे दी। उसकी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व शादी हुई थी।

# हत्या का आरोप लगा मायके पक्ष ने काटा हंगामा

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


हंगामा करते मृतका के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत मदऊखेड़ा गांव निवासी विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थिति में घर में फंदे से लटका मिला था। मंगलवार को पोस्टमार्टम होने से पहले मायके पक्ष से आए लोगों ने ग्रामीणों की मदद से कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम हाउस के बाहर जाम लगा दिया। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया तब वे शांत हुए। दो डाक्टरों ने वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम किया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। हालांकि, उसके सिर में चोट मिली है लेकिन, इससे मौत नहीं हुई है।

कोतवाली क्षेत्र के मदऊखेड़ा निवासी पुष्पा (24) पत्नी गिरीश कुरील का शव सोमवार दोपहर दो बजे घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला था। इसकी जानकारी पर अचलगंज थानाक्षेत्र के गांव कुरमापुर निवासी भाई अजय कुमार सहित मायके पक्ष से लोग पहुंचे थे। दोनों पैर तखत पर टिके होने और शरीर में काले निशान देख उन्होंने हत्या का आरोप लगाया था। सीओ सिटी सोनम सिंह व एसएचओ ने जांच की थी। भाई ने बताया कि बहन की दोनों ननदों की शादी हो चुकी है। ससुरालीजन घर से पांच लाख रुपये या कार लाने का दबाव बना रहे थे। इसके लिए बहन को अक्सर प्रताड़ित करते थे। मंगलवार को पोस्टमार्टम शुरू होने से पहले परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बाइक खड़ी कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। दरोगा अरविंद गुप्ता दो सिपाहियों के साथ मौजूद थे लेकिन परिजनों ने उनकी एक न सुनी। एसएचओ प्रमोद मिश्रा अस्पताल चौकी इंचार्ज प्रवीण पुंज पहुंचे और समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया। परिजन पति व ससुर राकेश सहित दो विवाहित ननद व उनके पति पर हत्या का आरोप लगा रहे थे। डाक्टर विकास सचान व फैसल जुबेर ने वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम किया। एसएचओ पीके मिश्रा ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

● सोमवार को फंदे से लटका मिला था विवाहिता का शव

# हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान गई जान

**पुरवा उन्नाव।** अचानक सामने आए मवेशी से टकराने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। जिसमें अधेड़ सुरेश की मौत हो गयी।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेथू निवासी 50 वर्षीय सुरेश गांव के साथी प्रमोद (34) के साथ बाइक से शनिवार को उन्नाव कचहरी जा रहा था। जैसे ही वे पुरवा-अचलगंज मार्ग पर शिवपुर गांव के पास पहुंचे तभी अचानक सामने मवेशी आने से बाइक उससे टकरा गई। इसमें बाइक सवार प्रमोद व सुरेश जमीन पर गिरकर घायल हो गये। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से दोनो को अचलगंज सीएचसी भिजवाया। सुरेश की हालत गम्भीर होने जिला अस्पताल से कानपुर के हैलट अस्पताल भेज दिया गया। परिजन उसे उन्नाव के एक निजी अस्पताल ले गए थे, जहां सुरेश की मौत हो गयी।


सुरेश।

# रोड तक लगे पोल व ट्रांसफार्मर दे रहे हादसों को दावत


शहर में बीच रोड पर पोल पर लगा ट्रांसफार्मर व जाम में फंसे राहगीर।



सड़क किनारे हुए गड्ढे में फंसा डंपर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर के शाहगंज स्थित सड़क किनारे लगा विद्युत पोल व टांसफार्मर दिन प्रतिदिन हादसे को दावत दे रहा है। साथ ही इसी कारण शहर वासियों को जाम से भी जूझना पड़ता है। इसे लेकर विद्युत व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं हो रहे हैं। जिससे लोगों को जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

बता दें कि शहर के मुख्य मार्ग पर दिनरात जाम की समस्या बनी रहती है। नगरवासी व राहगीर जाम के झाम में फंसे रहते हैं। वाहन ओवरटेक कर निकलने वाले वाहन सवार अगर संभल कर न चलें तो हादसा होना तय है। इस दिशा में जिला संबंधित विभागों के अधिकारियों के अलावा जिला प्रशासन भी गंभीर नहीं दिख रहा है। जबकि, जिले के आलाधिकारी व जन प्रतिनिधि तक इसी मार्ग से होकर निकलते हैं और खुद जाम में भी फंसते हैं। लेकिन, इस समस्या का हल निकालने की जहमत कोई नहीं उठा रहा है। जिससे इस भीषण जाम में फंसकर गंतव्य तक जाना शहरियों की मजबूरी बन गई है। साथ ही इन ट्रांसफार्मर व विद्युत पोल में कभी भी करंट उतरने से लोगों की जान भी जोखिम में पड़ सकती है।

**बोले जिम्मेदार**

उपखंड अधिकारी द्वितीय एसडीओ राकेश कुमार मौर्या ने बताया कि पुराने समय से पोल व टांसफार्मर लगे हुए हैं। उन्हें शिफ्त कराने के लिए स्थान नहीं मिल रहा है। इसे उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

### फुटपाथ और सड़क में गड्ढे, हादसों का इंतजार

संवाददाता औरास उन्नाव अमृत विचार। प्रदेश सरकार गड्ढामुक्त सड़कें होने का दावा कर रही है। वहीं दूसरी ओर गड्ढायुक्त सड़कें राहगीरों को मुंह चिढ़ा रही हैं। सड़कों में हुए गड्ढों में गिरकर राहगीर चोटहिल हो रहे हैं। लेकिन, इस ओर संबंधित विभागों के अफसर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। संडीला-चकलवंशी मार्ग पर सिधूर नेवाती खेड़ा के पास बारिश होने के कारण सड़क किनारे की मिट्टी बह गई है। जिससे आए दिन कोई न कोई घटना होती रहती है। सिधूर के पास सड़क कटने से काफी बड़ा गड्ढा हो गया है। मंगलवार सुबह कुंवर आसिफ अली स्कूल के पास हुए गड्ढे से बचने के चक्कर में एक डंपर सड़क किनारे जा घुसा। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन डंपर फंसने से लोगों को मुश्किल उठानी पड़ी। इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता सुबोध कुमार ने बताया कि जहां की भी सड़कें खराब हुई हैं। वहां पैचिंग का कार्य कराया जा रहा है। जल्द ही इस सड़क के भी गड्ढे भरवाए जाएंगे।

# हेल्थ एटीएम खराब, कबाड़ की तरह कमरे में किया बंद

संवाददाता बिछिया उन्नाव


कमरे में रखी हेल्थ एटीएम।

**अमृत विचार।** स्थानीय सीएचसी में लाखों रुपये लागत की हेल्थ एटीएम दो वर्ष पूर्व सीएचसी अस्पताल को सरकार द्वारा मुहैया कराई गई थी। जो एक माह भी सही से नहीं चल सकी। जब तक मरीजों को मशीन के विषय की जानकारी होती उसके पहले ही स्वास्थ्य केंद्र बिछिया के अधिकारी व कर्मचारियों ने मशीन खराब होने का हवाला दिया।

क्षेत्र की 57 ग्राम पंचायतों से जुड़ी 1.57 लाख की आबादी के स्वास्थ्य की जांच व बेहतर उपचार के लिए सीएचसी बिछिया में 29 दिसम्बर-2022 को हेल्थ एटीएम लगाया गया था। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों की जांच हो सके। एलटी के अप्रशिक्षित होने से इसका एक माह भी सही से प्रयोग नहीं हो सका। सीएचसी प्रभारी संजीव कुमार ने हेल्थ मशीन खराब बताकर उसे एक कमरे में कबाड़ के रूप में बंद करा दिया गया।

# मंदिर में चोरी करते युवक को दबोचकर पुलिस को सौंपा

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के गांव पट्टी उस्मान के मजरा जगदीशपुर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की देखरेख करने वाली बाबा बजरंगबली सेवा समिति के रमेश कुशवाहा, रामराज कुशवाहा, रंजन शुक्ला आदि छह सदस्यों ने थाने में दी गई सामूहिक तहरीर में कहा कि सोमवार रात गांव निवासी छोटू ने मंदिर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर मंदिर की गोलक का ताला तोड़ दिया। आहट मिलने पर सदस्यों ने उसे रगें हाथ पकड़कर पीआरवी के हवाले कर दिया। लोगों ने पुलिस से उसके विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

# बाइकों की टक्कर में डिग्री कालेज कर्मी की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● बीघापुर कोतवाली क्षेत्र में हुआ हादसा

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-लालगंज हाईवे पर दो बाइकों की टक्कर में क्षेत्र के एक डिग्री कालेज में तैनात कंप्यूटर आपरेटर की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद सामने से आया दूसरा बाइक चालक मौके से भाग निकला। हादसे की खबर पाकर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए।

बता दें कि बीघापुर क्षेत्र के जंगली खेड़ा निवासी प्रमोद शर्मा (35) पुत्र प्रेम नारायण क्षेत्र के एक निजी डिग्री कालेज में कंप्यूटर आपरेटर था। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे काम खत्म कर घर लौट रहा था। तभी कालेज से एक किमी दूर बहुराजमऊ गांव के सामने उन्नाव-लालगंज हाईवे के कट पर के पास सामने से आई बाइक से प्रमोद की बाइक टकरा गई।

सड़क पर गिरने से उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई। अधिक रक्त स्राव होने से वह अचेत हो गया। सहकर्मियों ने पुलिस की मदद से उसे पास के 100 बेड अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद दूसरा बाइक चालक मौके से भाग निकला।

# डीजल भरकर जा रहा टैंकर खंती में पलटा

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर देररात कानपुर से डीजल लादकर बांगरमऊ जा रहा टैंकर अचानक मुख्य मार्ग से सरहा गांव के पास सड़क किनारे खंती में चला गया। राहगीरों ने देखा और आसपास के ग्रामीणों को इसकी सूचना दी।

इसके बाद ग्रामीणों ने चालक रोहित निवासी लालापुर थाना महराजगंज व परिचालक संदीप निवासी बाऊती खेड़ा थाना सचेंडी को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां दोनों का उपचार जारी है। मौके पर दो फायर ब्रिगेड भी बुलाई गई। वहीं टैंकर को निकालने के लिये दो क्रेनें भी बुलाई गईं। इस दौरान कुछ देर के लिए मुख्य मार्ग बंद करना पड़ा। मौके पर एसओ राजेश्वर त्रिपाठी व क्राइम इंस्पेक्टर जेपी यादव फोर्स के साथ मौजूद रहे।


खंती में पलटे टैंकर को निकालती क्रेन। अमृत विचार

● चालक-परिचालक दोनों घायल, इलाज जारी

आक्रोश — परिषदीय शिक्षकों ने दूसरे दिन भी नहीं दर्ज कराई ऑनलाइन उपस्थिति, अब हो रहा है शासन के निर्देश का इंतजार

# दूसरे दिन उपस्थिति शून्य, बीएसए करेंगी शिक्षकों पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


बीआरसी भवन में बैठक करते सिकंदरपुर कर्ण ब्लाक के शिक्षक।

**अमृत विचार।** पहले दिन वेतन रोके जाने के बाद भी परिषदीय शिक्षकों ने दूसरे दिन भी ऑनलाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कराई। शून्य उपस्थिति के सवाल पर बीएसए संगीता सिंह ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में ही कार्रवाई की जाती है। पहले दिन वेतन रोका जा चुका है। अब शासन के निर्देश का इंतजार किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि परिषदीय शिक्षक ईएल, आकस्मिक अवकाश, हाफडे लीव व ऑनलाइन उपस्थिति में अपरिहार्य कारणों से होने वाले विलंब होने संबंधी 15-20 मिनट की रियायत दिए जाने की मांग कर रहे हैं। इन्हीं मांगों को लेकर शिक्षक पिछले शिक्षा सत्र से ही ऑनलाइन उपस्थिति आदेश का विरोध करते आ रहे हैं। शिक्षक नेता पूर्व के आंदोलनों की मिशाल देते हुए शिक्षकों का हौसला बढ़ाकर उपस्थिति न दर्ज करने को मानसिक रूप से तैयार कर चुके हैं। इसीलिए पहले दिन जिले के सभी शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों का वेतन रोके जाने के बावजदू मंगलवार को भी किसी ने ऑन लाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कराई। विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिले मंत संचालित 2714 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के किसी शिक्षण स्टाफ ने ऑनलाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कराई।

इधर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह के कार्यकाल में आंदोलन के दौरान कार्य करने वाले शिक्षकों के प्रति उनके द्वारा की गई टिप्पणी बताते रहे कि 'जो शिक्षक-कर्मचारी निजी लाभ व सम्मान के लिए अपने संगठन का नहीं हुआ, वह किसी का क्या होगा'। यही नहीं पूर्व सीएम अखिलेश यादव, कुछ सांसद व एमएलसी द्वारा शिक्षक आंदोलन की पैरवी में मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्रों ने भी शिक्षकों का हौसला बढ़ाया है।

इसे लेकर बीएसए ने स्वीकार किया कि जिले ही नहीं मंगलवार को लगभग पूरे प्रदेश में ऑनलाइन उपस्थिति की स्थिति शून्य है। कहा कि पहले दिन जिला स्तर पर कार्रवाई की गई थी। लेकिन, अब शासन के निर्देशों पर अमल किया जाएगा।

### बीआरसी पर एकत्र होकर शिक्षकों ने दिखाई एकजुटता

**उन्नाव।** आंदोलन के दूसरे दिन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक इकाइयां सक्रिय रहीं। अलग-अलग ब्लाक क्षेत्र के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यालय समय के बाद क्षेत्रीय बीआरसी कार्यालय में एकत्र हुए, जहां इकाई सहित जिला पदाधिकारियों ने शिक्षकों से एकजुटता बनाए रखने की अपील की। साथ ही भरोसा दिलया गया कि आंदोलन में शामिल किसी शिक्षक साथी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सिकंदरपुर कर्ण क्षेत्र के बीआरसी पर आयोजित बैठक में वक्ताओं ने ऑनलाइन उपस्थित आदेश को अव्यवहारिक बताया। कहा कि सुदूर गांवों में इंटरनेट नेटवर्क की समस्या रहती है। इससे न तो उपस्थिति दर्ज कराई जा सकती है और न ही डिजिटल पंजिकाओं का उपयोग हो सकता है। ब्लाक अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने सभी साथियों को भरोसा दिलाया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। संघर्ष समिति के अध्यक्ष ठाकुरदीन यादव जी ने एकजुट बनाए रखने पर जोर दिया। इसी तरह सुमेरपुर क्षेत्र के बीआरसी परिसर में एकत्र हुए शिक्षकों को संबोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष विनोद सिंह ने कहा कि अधिकारियों को डिजिटिलाइजेशन के बजाए शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर देना चाहिए। इस मौके पर मंत्री वरुण मिश्रा व संतोष तिवारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। ब्लाक अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने कहा कि संयम के साथ एकजुटता बनाए रखते हुए सभी को आंदोलन का हिस्सा बनना है। इसलिए विद्यालय पहुंचकर शिक्षण सहित अन्य दायित्वों का निर्वहन करना है। केवल डिजिटल उपस्थिति और पंजिकाओं का उपयोग नहीं करना है। इसी तरह अन्य ब्लाक क्षेत्रों के शिक्षक भी संगठन की ओर से आहूत बैठकों में शामिल होने पहुंचे।

# नींद से जागे अफसर और किया सड़क का निरीक्षण

अमृत विचार प्रभाव

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के गांव परियर-बिठूर मार्ग से गंगातट तट तक जाने वाले मार्ग की हालत बेहद खराब है। यह रास्ता पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो गया है। जिसकी खबर अमृत विचार ने मंगलवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की। इसके बाद लोक निर्माण विभाग के अफसरों की नींद टूटी और विभाग के प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता हरदयाल अहिरवार ने एई शाह रहमान को हकीकत की पड़ताल करने भेजा।

यह मार्ग जो दाह संस्कार व गंगा स्नान के लिए जाने वालों के लिये महत्वपूर्ण मार्ग है। लंबे समय से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। स्थानीय निवासियों व यात्रियों को यहां आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। 22 जुलाई से पवित्र सावन माह शुरू हो रहा है। कांवड़िया इसी रास्ते से गंगा जल लेकर जाएंगे। एई शाह रहमान ने बताया कि अभी इस मार्ग पर खनन का कार्य चल सकता है। इसलिये सड़क को पूरी तरह से नहीं बनाया जा सकता है। फिलहाल इसे रोड़ा, राबिस व मिट्टी डालकर आवागमन के लायक बनाया जायेगा।


परेशानी: दलदल में सड़क तला

मंगलवार को छपी खबर।

# नौ घंटे में 64 सेमी बढ़ा गंगा का जलस्तर, शुक्लागंज तक पहुंचा पानी

## पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण पश्चिम के बांधों से लगातार छोड़ा जा रहा है पानी


जलस्तर बढ़ने पर सामान हटाते पंडा। अमृत विचार


गंगा जी में बढ़ा जलस्तर। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में भारी बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से लगातार कई हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी जारी है। नौ घंटे के भीतर 64 सेमी जलस्तर बढ़ने से शुक्लागंज के घाटों तक पानी पहुंचने लगा है। वहीं जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को इस बार फिर से बाढ़ का खतरा सताने लगा है।

पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। जिससे नगर के घाटों तक पानी पहुंचने लगा है। जलस्तर बढ़ने के कारण नगर के घाटों की ओर गंगा के पानी ने रुख कर दिया है। वहीं अचानक जलस्तर बढ़ने के कारण तट पर पंडों के झोपड़ी और उनके तख्त के आस पास पानी भर गया है। जिस कारण पंडा अपने तख्त हटाते दिखाई पड़े। वहीं जलस्तर बढ़ने से नमामि गंगे घाट के पास भी पानी पहुंचने लगा है। केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि मंगलवार सुबह सुबह आठ 109.180 मीटर जलस्तर दर्ज किया गया था। जिसके बाद शाम शाम पांच 109.820 मीटर तक पहुंच गया। नौ घंटे के भीतर 64 सेंटीमीटर जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। आयोग ने बताया कि पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण अब गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी दर्ज की जायेगी।

### बाढ़ को लेकर आज खुलेंगी बाढ़ चौकियां

लेखपाल अशोक सैनी ने बताया कि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जिसे देखते हुये जिला प्रशासन के निर्देश पर आज मिश्रा कॉलोनी में बनी बाढ़ चौकी को खोल दिया जायेगा। जहां बाढ़ चौकी में राजस्व कर्मी मौजूद रहेंगे।

# जलभराव के चलत महिलाओं ने लगाया जाम

- फोरलेन पर जाम लगाकर जमकर काटा हंगामा
- पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा-मलवा डलवाया जायेगा

**शुक्लागंज उन्नाव।** पालिका क्षेत्र के वार्ड 18 गायत्री नगर में बारिश होने के कारण कई गलियों में जलभराव बना हुआ है। जिसे देखते हुये मंगलवार को क्षेत्र की तमाम महिलाएं गोपीनाथपुरम स्थित पालिकाध्यक्ष के कार्यालय पर पहुंची। जहां पालिकाध्यक्ष के न मिलने पर फोरलेन पर जाम लगाते हुये जमकर हंगामा काटा। जिससे कुछ देर के लिये जाम लगा रहा। गायत्री नगर भातू फार्म इलाके में पालिका की ओर से तेजी से विकास कार्य करवाये जा रहे हैं, इसके बावजूद क्षेत्र की अधिकांश गलियों में अभी विकास का पहिया नहीं चला है।

इधर हुई झमाझम बारिश के कारण गलियों में जलभराव हो गया। जिसे देखते हुये मंगलवार को शाम लक्ष्मी बाजपेई, इतवारी यादव आदि तमाम महिलाएं अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे से जल निकासी और गली बनवाने के लिये कैंप कार्यालय पहुंचे। उनके न मिलने पर महिलाओं का गुस्सा हाई हो गया और कुछ देर के लिये फोरलेन पर जाम लगा दिया। महिलाओं ने बताया कि गलियों में पानी भरा होने के कारण उनके बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। काफी देर तक महिलाएं हंगामा काटती रहीं। जिसके बाद महिलाएं शांत हुई। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे और क्षेत्रीय सभासद अतुल अग्निहोत्री ने बताया कि एक दो दिन में टेंडर होने वाले हैं। उसमें यह गली प्रस्तावित है। फिलहाल मलवा डलवाकर राहत पहुंचाई जायेगी।


गोपीनाथपुरम के सामने फोरलेन पर जाम लगाकर खड़ीं महिलाएं। अमृत विचार

# गलाघोंटू टीकाकरण के लिये घर-घर चलेगा अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** शासन के निर्देश पर पशु पालन विभाग की ओर से जानवरों को गलाघोंटू के टीके लगाने के निर्देश दिये गये हैं। उसी को लेकर पशु चिकित्साधिकारी की देखरेख में टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है। जहां कान्हा गौशाला में संरक्षित गौवंशों को टीका लगाया गया है।

बरसात के मौसम में नमी के कारण गाय, भैंस व अन्य जानवरों में जीवाणु जनित रोग फैलने लगते हैं। जिससे मवेशियों की जान का खतरा बना रहता है। जिसे देखते हुये शासन के निर्देश पर घर-घर अभियान चलाकर गलाघोंटू के टीके लगाये जा रहे हैं। शुक्लागंज पशु चिकित्साधिकारी डॉ. लाल बहादुर ने बताया कि गलाघोंटू जानवरों के लिये एक जानलेवा बीमारी है। नमी और बरसात में इसके जीवाणु पनपने लगते हैं। बैक्टीरिया तेजी से फैलकर गले को जाम कर देती है। जिससे जानवर सांस नहीं ले पाते हैं और मर जाते हैं। डॉक्टर ने बताया कि कान्हा गौशाला में संरक्षित सभी गोवंशों को टीका लगाया गया है। अब घर-घर जाकर टीका लगाया जायेगा।

# भूमि के विवाद में सुखलाल खेड़ा में चलीं गोलियां


मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार


घटना स्थल पर लाठी-डंडा लेकर खड़े ग्रामीण। अमृत विचार


झगड़े के बाद टूटी पड़ीं बाइकें।

- घटना के बाद छावनी बना सुखलाल खेड़ा
- कानपुर व शुक्लागंज के लोग जमीन पर कब्जा करने पहुंचे थे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सुखलाल खेड़ा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गये। जहां दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष ने कोबरा गैंग के सदस्यों को बुला लिया। जहां उन्होंने एक के बाद एक कई राउंड फायरिंग की। जिससे गांव में दहशत फैल गई। फायरिंग की आवाज सुन ग्रामीण दौड़े और पुलिस को सूचना दी। वहीं ग्रामीणों को आता देख मारपीट और फायरिंग कर रहे युवक भाग निकले। इस दौरान एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिये भेजा है। सूचना पर सीओ सिटी ने भी मौके का निरीक्षण किया।

शुक्लागंज के गांधी नगर पोनी रोड निवासी दीपेन्द्र शुक्ला पुत्र राम प्रकाश शुक्ला की सुखलाल खेड़ा गांव में 50 बीघा जमीन है। मंगलवार को वह अपनी जमीन पर ट्रैक्टर चलवा रहे थे, तभी सुखलाल खेड़ा निवासी मोनू यादव, रामबालक, शिवसागर, अनिल, राजेन्द्र मौके पर पहुंचे। जहां उनका आरोप है कि दीपेन्द्र ने उनकी भी तीन बीघा जमीन पर ट्रैक्टर से जुतवा दिया। विरोध करने पर दीपेन्द्र पक्ष के लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। कुछ ही देर में दोनों पक्षों से लाठी डंडे निकल आये और जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि दीपेन्द्र ने तीन से चार दर्जन दबंग प्रवृत्ति के लोगों को बुला लिया। जहां बाइकों से वह लोग पहुंचे और एक के बाद एक करीब दस से बारह राउंड फायर झोंक दिये। गांव में दिन दहाड़े फायरिंग होने से दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। वहीं ग्रामीण भी फायरिंग कर रहे लोगों को दौड़ा लिया। ग्रामीणों को आता देख फायरिंग कर रहे युवक मौके से अपनी बाइकें छोड़ कर भाग निकले। जिस पर ग्रामीणों ने बाइकें तोड़ डाली। जिसमें सुखलाल खेड़ा निवासी सोनू निषाद घायल हो गया। उसके दाहिने हाथ में गोली लगी। पुलिस ने उसे आनन फानन इलाज के लिये भेजा है। घटना की सूचना पर इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति, जाजमऊ चौकी इंचार्ज राजीव भदौरिया पहुंचे। सूचना पर सीओ सिटी सोनम सिंह भी पहुंची और घटना का जायजा लिया। सीओ सिटी ने बताया कि हवाई फायरिंग हुई है। वहीं एलआईयू और गंगाघाट पुलिस ने फायरिंग की घटना को स्वीकार किया है। घटना के बाद क्षेत्र मे दहशत का माहौल है। इस दौरान कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि फायरिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं मौके से कुछ गाड़ियों को भी कब्जे में लिया गया है।

### कोबरा गैंग ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

ग्रामीणों ने बताया कि कोबरा गैंग के सदस्य आये दिन मारपीट करने के साथ ही ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं लेकिन गंगाघाट पुलिस उन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पूर्व में भी कई बड़ी घटनाओं में इस गैंग के सदस्यों के नाम आ चुके हैं।

# मजदूर की मौत के मामले में भाई ने दी तहरीर

फालोअप

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बीती रविवार शाम रुपये मांगने के दौरान पिटाई के बाद मजदूर की मौत होने के मामले में मंगलवार को मृतक के छोटे भाई द्वारा तहरीर दी गई।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव देवखरी निवासी विशुनपाल उर्फ विनय की मारपीट में हुई मौत के बाद मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस से शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। दोपहर में क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक के भाई शिवम ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका भाई मजदूरी के रुपये मांगने गया था तभी राहुल व पारुल पुत्र केशन पाल ने उसे पकड़ लिया और पुरानी रंजिश के चलते जान से मारने की कोशिश की। इसी दौरान उसका छोटा भाई श्याम मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने जानमाल दी। इसके कुछ देर बाद दोनों भाई को मरणासन्न हालत में उसके घर के दरवाजे पर डालकर चले गए। जिसे अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सार-संक्षेप


चंपापुरवा में साफ-सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

### पालिका कर्मियों ने चंपापुरवा में चलाया सफाई अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** शासन के निर्देश पर एक माह तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये मंगलवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर सफाई कर्मी वार्ड नौ पहुंचे। जहां साफ सफाई करने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड नौ चंपापुरवा में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने चंपापुरवा, तेजीपुरवा, मनसुख खेड़ा की सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई की गई। जिसके बाद पालिका कर्मियों ने सिल्ट हटाई गई। वहीं शाम के समय पालिका ने वार्ड में फागिंग भी कराई। ईओ ने बताया कि इसी तरह जुलाई माह में अभियान चलाकर पूरे पालिका क्षेत्र में साफ सफाई कराई जायेगी।

### दीन के रास्ते पर चलकर इल्म हासिल करो : मौलाना

**सफीपुर उन्नाव।** मोहर्रम के पहले दिन सोमवार शाम को विरासत हुसैन नकवी, फसाहत असकरी नकवी (राजा साहब) के इमामबाड़े में आयोजित। मजलिस में मौलाना सय्यद अजादार हुसैन रिजवी बनारस ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन के चरित्र को ध्यान में रखकर जिंदगी गुजारनी चाहिए। हजरत इमाम हुसैन ने अपने नाना हजरत मोहम्मद साहब के दीन ए इस्लाम को मिटने से बचाने के लिए कर्बला के मैदान में अपनी और अपने कुनबे की जान की कुर्बानी देकर इस्लाम को जिंदगी दे दी। दीन की राह में इमाम हुसैन और उनके परिवार वालों की दी गई, कुर्बानियों का जिक्र किया। ज्ञान का दरवाजा हजरत अली है और इमाम हुसैन उसकी चाबी है। उन्होंने कहा कि ज्ञान हासिल करो।


हजरत इमाम हुसैन के व्यक्तित्व की जानकारी देते मौलाना। अमृत विचार

### केबल बॉक्स का लॉक कटने से घंटों बंद रहा फीडर दो

**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवार रात विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान शुक्लागंज सबस्टेशन पर फीडर 2 की सप्लाई देने वाले केबल बाक्स का लक कट गया। जिस कारण फीडर के सभी मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। मौजूद कर्मचारियों ने मरम्मत कार्य किया। जिसके बाद आपूर्ति बहाल हो सका। रात लगभग सवा ग्यारह बजे बिजली सप्लाई चालू होने के दौरान शुक्लागंज सबस्टेशन पर फीडर 2 की सप्लाई देने वाले केबल बाक्स का लाक कट गया, जिससे एक दर्जन मोहल्लों की बिजली सप्लाई ठप हो गई। इधर मौजूद कर्मचारियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। जिसके बाद रात करीब एक बजे आपूर्ति चालू हो सकी। इसके पहले रात नौ बजे से ग्यारह बजे के बीच कई बार एमसीवी ट्रिप होने के कारण इस फीडर की सप्लाई बार-बार बाधित होती रही। वहीं नगर में इन दिनों जर्जर तारों को बदलने का काम किया जा रहा है। उसी को लेकर मंगलवार को कार्यदायी संस्था ने पोनी रोड की एक गली में जर्जर तार बदलने का काम किया। इस दौरान सुबह से शाम तक क्षेत्र की बिजली गुल रही। पोनी रोड झंडा चौराहा के पास विकास मिश्रा की गली में एबीसी केबल डालने का काम मंगलवार सुबह दस बजे शुरू किया गया। इस दौरान कार्यदायी संस्था ने पुराने जर्जर तारों को खंभों से हटाया। जिस कारण शाम छह बजे तक मोहल्ले की बिजली गुल रही। शाम को कार्य समाप्त होने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी।

### फुटेज के लिए ईओ व अध्यक्ष समर्थकों ने दिया धरना

**उन्नाव।** अचलगंज नगर पंचायत कार्यालय की सीसीटीवी फुटेज न दिए जाने से नाराज अध्यक्ष व उनके समर्थक सभासद धरने पर बैठ गए। वहीं अध्यक्ष से नाराज सभासदों ने ईओ का समर्थन करते हुए पंचायत कर्मचारियों के साथ धरना शुरू कर दिया। अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व उन्होंने ईओ को पत्र देकर कार्यालय में स्थापित सभी सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने को कहा था। ईओ ने इसे नजरअंदाज करते हुए फुटेज नहीं दिए। आरोप है कि ईओ लखनऊ में रहती हैं, जिससे माह में कुछ दिन ही नगर पंचायत आती हैं। लगभग यही रवैया कार्यालय लिपिक का है। इसीलिए अधिकारी सहित कर्मचारियों को बेनकाब करने के लिए सीसी फुटेज मांगे गए थे। सभासद विष्णु सोनी ने विकास कार्यों में अड़ंगेबाजी, टैंकर से पानी उपलब्ध कराने सहित खरीद में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। वहीं एक अन्य सभासद ने स्टाफ पर सुविधा शुल्क लिए बिना कोई कार्य न करने का आरोप मढ़ा। दूसरी तरफ धरने पर बैठने वाले ईओ समर्थक सभासदों ने आरोपों को बेबुनियाद करार देना शुरू कर दिया। इससे परस्पर दोनों गुट में आरोप-प्रत्यारोप लगाए जाते रहे। एसओ ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाकर धरना समाप्त करा दिया।

### मत्स्य पालन के लिए तालाबों का हुआ आवंटन

**सफीपुर उन्नाव।** तहसील सभागार में आयोजित मत्स्य पालन हेतु तालाबों के आवंटन प्रक्रिया तहसीलदार की अध्यक्षता में शुरुआत हुई। जिसमें में 22 ग्राम पंचायतों में केवल 5 ग्राम पंचायतों ने प्रतिभाग किया। जिसमे कुल 13 आवेदन आये। तहसील सभागार में नीलामी प्रक्रिया तहसीलदार रामशंकर की अध्यक्षता में शुरू हुई। जिसमें क्षेत्र के शेरपुर अछिरछा से अजीत कुमार पुत्र मदन गोपाल के पक्ष में गाटा संख्या 341 व 291 दो तालाबों, महमूदपुर से विजय कुमार पुत्र डल्ला एक तालाब व निगोही से एक एक आवेदन आया। जिसमें रामकेशन पुत्र दुर्गा के पक्ष में एक तालाब आवंटित किए गए। कुरसठ गांव के ग्रामीण में एक तालाब जो अंतिम बोली धनराशि 2 लाख रुपए की शेष कुमार ने लगाकर आवंटन अपने नाम कराया। इसी तरह उदशाह गांव में सबसे बड़ा तालाब गाटा संख्या 1280 रकबा 3 .290 हेक्टेयर 37 हजार रुपए की अंतिम बोली के साथ मत्स्य जीवी सरकारी समिति लिमिटेड टिकरा को आवंटित की गई। वहीं दूसरा तालाब गाटा संख्या 1207 की 8000 रुपये की वार्षिक बोली के साथ कुलदीप पुत्र नन्हा कहार के पक्ष में आवंटित किया गया।


मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

# कांग्रेसियों ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**उन्नाव।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकी हमले में शहीद हुए पांच सैनिकों को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। शहर के हरदोई पुल स्थित शास्त्री पार्क पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक निर्णय लेने पर जोर दिया।

जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता कमल तिवारी ने कहा कि पड़ोसी देश आतंकवादियों की आड़ में जम्मू कश्मीर में आम जनता को निशाना बना रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लाल बहादुर शास्त्री जी कि प्रतिमा पर मोमबत्ती जलाकर शहीद सैनिकों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखाइस मौके पर आशीष त्रिपाठी, यूसुफ फारूकी, आसुतोष शर्मा, अनुराग सिंह, दीपू श्रीवास्तव व फैज फारूकी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस की मौजूदगी में हुआ महिला का अंतिम संस्कार

फालोअप

- फरार हत्यारोपियों की तलाश में जुटीं पुलिस की टीमें

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** गैंगरेप के आरोपियों द्वारा की गई फायरिंग में हुई महिला की मौत के बाद मंगलवार को पुलिस की मौजूदगी में फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में गंगातट पर उसके शव का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं हत्या करने के बाद एक आरोपी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उसके परिजनों ने शुक्लागंज गंगातट पर उसके शव का अंतिम संस्कार किया।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के एक गांव में सोमवार भोरपहर जमानत पर बाहर आए गैंगरेप के आरोपियों में अनुराग पाल, पुनीत यादव व अनुराग के भाई अनूप ने छत पर सो रहे पीड़ित परिवार पर फायरिंग व धारदार हथियार से हमला कर दिया था। इसमें पीड़िता की मां की मौत हो गई थी और पिता व बहनें घायल हुई थीं। चीख पुकार व गोलियों की तड़तड़ाहट से ग्रामीणों में दहशत फैल गई और उनके शोर मचाने पर हमलावर भाग निकले थे। घटना के बाद घायलों को अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की तो अनुराग की लोकेशन पर पुलिस पहुंची तो उसका शव भी गांव के बाहर वीर प्रताप के खेत में पड़ा मिला था। उसने आत्महत्या की थी। सोमवार को दोनों के शवों का पोस्टमार्टम हुआ था। परिजनों ने शुक्लागंज के गंगातट पर आरोपी युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। वहीं हमले में जान गंवाने वाली रेप पीड़िता की मां का परिजनों ने मंगलवार सुबह क्षेत्र के ही सरैया गंगातट पर अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं हत्या की वारदात में शामिल पुनीत व दिवंगत अनुराग का भाई फरार है।


गांव में लोगों से जानकारी करती पुलिस। अमृत विचार

हीलाहवाली

## 4 लाख रुपये से हुई थी गंगाघाट प्राथमिक विद्यालय की मरम्मत

# अब भी दूसरे विद्यालय में पढ़ रहे हैं बच्चे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सिकंदरपुर सरोसी ब्लॉक के गंगाघाट प्राथमिक विद्यालय का भवन जर्जर हो जाने के कारण बीते दिनों दीवारों में दरार आने के साथ ही फर्श धंस गई थी। जिस पर गंगाघाट प्राथमिक विद्यालय की कक्षाएं कन्या प्राथमिक विद्यालय शुक्लागंज में चल रही हैं। नगर पालिका ने लगभग चार लाख रुपये मरम्मत और रंग रोगन में खर्च कर दिया। लोकार्पण भी हो गया, फिर भी बच्चे दूसरे स्कूल में पढ़ाये जा रहे हैं। एक विद्यालय में दो स्कूलों के बच्चों के बैठने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

गंगाघाट प्राथमिक विद्यालय के कमरे की फर्श अचानक से धंस गई और दीवारों में दरारें आ गई थी। बीएसए संगीता सिंह को भवन में दरारें पड़ने की सूचना दी।

अधिकारी के निर्देश पर बीईओ और जिला समन्वयक निर्माण जेई हर्ष कुमार मौके पर पहुंचे थे और भवन का निरीक्षण किया था। जहां विद्यालय के भवन को खतरा बताया था। जिस पर कन्या प्राथमिक विद्यालय में यहां के बच्चों को पढ़ाया जा रहा था। इधर नगर पालिका गंगाघाट की ओर से गर्मियों की छुट्टियों से पहले जर्जर भवन की मरम्मत कराई गई। फर्श में टायल्स लगवाने के साथ ही पूरे भवन की मरम्मत कराकर रंग रोगन का कार्य करा दिया गया। इतना ही नहीं गंगाघाट प्राथमिक विद्यालय के लोकार्पण का पत्थर भी लगा दिया गया। वहीं स्कूल की प्रधान शिक्षिका वंदना चौहान ने बताया कि स्कूल में 135 छात्र हैं। दूसरे स्कूल में मानक के विपरीत एक साथ बैठकर बच्चे पढ़ रहे हैं। जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है।


कन्या प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते गंगाघाट प्राथमिक विद्यालय के बच्चे। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

प्राथमिक विद्यालय की छत का काम शेष रह गया है, जेई के निर्देशन में ठेकेदार काम कर रहा है। जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं। कार्य पूरा होने के बाद विभाग को भवन सौंप दिया जायेगा।

–मुकेश कुमार मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका गंगाघाट

# कांवड व मंदिर मार्गों की साफ-सफाई के निर्देश

- विधायक की पहल पर एसडीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिये निर्देश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सावन माह के दौरान शहर सहित शुक्लागंज के विभिन्न शिव मंदिर व शिवालय मार्गों की साफ-सफाई को लेकर सदर विधायक पंकज गुप्ता की मौजूदगी में एसडीएम सदर पियूष गुप्ता ने नगर पालिका परिषदों व ब्लाक स्टाफ के साथ बैठक की।

ईओ सहित ब्लाक प्रतिनिधियों को मंदिर मार्ग पर संचालित मांस व उत्पादों की दुकानों को प्रतिबंधित कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के इंतजामों पर भी जोर दिया गया। विधायक ने कांवड़ मार्ग पर एंबुलेंस सहित अन्य सुविधाओं की उपलब्ध सुनिश्चित कराने पर जोर दिया।

उल्लेखनीय है कानपुर, कानपुर देहात व बुंदेलखंड सहित अन्य जिलों के कांवड़िया बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर कांवड़ लेकर जाते हैं। वह शुक्लागंज सहित जिले के अन्य घाटों पर भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए गंगा जल भरने के बाद रवाना होते हैं। विधायक ने पत्र लिखकर विधानसभा क्षेत्र की दोनों नगर पालिका परिषदों सहित थाना पुलिस श्रद्धालुओं की सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा था। इस पर एसडीएम ने पालिका स्टाफ को बुलाकर विधायक की मौजूदगी में बैठक की। साथ पेयजल सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराने पर जोर दिया गया। वहीं शहर सहित शुक्लागंज के मंदिर मार्गों की साफ-सफाई के निर्देश दिए गए।

बुद्धो कलूषभूतायां विनाशे प्रत्युपस्थिते।
अनयो नयसङ्काशो हृदयात्रावसर्पति॥

विनाशकाल के समय बुद्धि विपरीत हो जाती है। ऐसे व्यक्ति के मन में न्याय के स्थान पर अन्याय घर कर लेता है। वह अन्याय के आसरे ही सब निर्णय लेता है।

## संपादकीय

# निरंतर प्रयास जरूरी

भारत अपने सतत विकास लक्ष्यों 2030 (एसडीजी) के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रहा है। इसके बावजूद इसके 17 लक्ष्यों और 169 संबद्ध लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अभी बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है। हाल में भारत में जारी एसडीजी की प्रगति रिपोर्ट डेटा आधारित प्रमाण पेश करती है। यह बताती है कि एसडीजी और उससे जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने की प्रक्रिया में भारत की प्रगति मिलीजुली रही है। गौरतलब है कि सितंबर 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा शिखर सम्मेलन में 193 सदस्य देशों ने सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा अपनाया, जो 1 जनवरी 2016 को लागू हुआ। एजेंडा का सार्वभौमिक सिद्धांत है 'किसी को पीछे न छोड़ें'। वैश्विक स्तर पर एसडीजी की सफलता निर्धारित करने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है। 2015 में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत वैश्विक समुदाय का छठा हिस्सा है। हमारी विकास संबंधी जरूरतें बहुत बड़ी हैं। भारत में लोगों को आधुनिक सुविधाओं और विकास के साधनों तक पहुंच के लिए बहुत लंबा इंतजार करना पड़ा है। हमने इस कार्य को अनुमान से पहले ही पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है।

सोमवार को न्यूयॉर्क में सतत विकास के लिए वर्ष 2024 के उच्च स्तरीय राजनैतिक मंच (एचएलपीएफ) में संयुक्त राष्ट्र की उप प्रमुख आमिना मोहम्मद ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति का लक्ष्य 2030 की समय सीमा में हासिल करने के लिए जरूरी प्रतिबद्धता और निवेश को तत्काल वास्तविकता में तब्दील करना होगा। एसडीजी प्राप्त करने की दिशा में भारत सरकार की नीतियों का अहम योगदान है। इनमें स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटीज, प्रधानमंत्री जन धन योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आदि शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार कोरोना महामारी ने देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया। फिर भी भारत ने हाल के वर्षों में गरीबी उन्मूलन के मामले में बेहतर प्रदर्शन किया है। बहुआयामी गरीबी में 9.89 प्रतिशत की कमी आई और यह 2015-16 से 2019-21 के बीच घटकर 14.96 प्रतिशत रह गई। कुल मिलाकर भारत तेज गति से बढ़ रहा है, वहीं वृद्धि के लाभ आबादी के एक बड़े हिस्से तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। बेहतर होगा कि सरकार आने वाले वर्षों में तय लक्ष्य पाने के लिए उन क्षेत्रों पर जोर दे, जहां हम अभी पीछे हैं। इसके लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता होगी तथा लोगों की खर्च योग्य आय बढ़ानी होगी। साथ ही अपने घरेलू संसाधनों के भीतर सर्वोत्तम संभव कार्य करने का प्रयास करने होंगे।

# फ्रांस चुनाव: हिंसा, नैतिक हार और गठबंधन सरकार



रंगनाथ सिंह
पत्रकार

भारत की तरह फ्रांस में भी राष्ट्रपति का पद आम चुनाव से प्रभावित नहीं होता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति के पास हमारे राष्ट्रपति से कहीं ज्यादा शक्तियां हैं। पहले चरण में चुनाव परिणाम इंटरनेशनल मीडिया की चाहत के उलट आए तो सड़कों पर हिंसा हो गई, दूसरे चरण में जब चुनाव चाहत के अनुसार आए तो भी हिंसा हो गई।

इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया एक हफ्ते से सांसत में था। अब जाकर उसे राहत मिली है। इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया की अच्छी बात ये है कि अच्छे मौसम में वह 'निष्पक्ष' रहता है, लेकिन मौसम प्रतिकूल होते ही वह अपने पसंदीदा दल के सिर पर हार की तलवार लटकता देख, नि ष्पक्षता का केंचुल उतारकर उनके लिए परिष्कृत दुष्प्रचार शुरू कर देता है। पिछले एक हफ्ते में भारत में लोकप्रिय इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया दुबला हुआ जा रहा था कि 7 जुलाई के बाद फ्रांस में कहर आ जाएगा। फ्रांस में दो चरण में चुनाव होता है।

फ्रांस के चुनाव में पहले चरण में जो पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी वही दूसरे दौर के चुनाव के बाद तीसरे स्थान पर पहुंचती दिख रही है। पहले चरण में दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले दल दूसरे चरण के लिए आपस में मिल गए थे। उन्होंने जनता से अपील की थी कि जिस सीट पर जो उम्मीदवार पहले चरण के नंबर वन दल को हराता दिखे, उसे ही वोट दें। दूसरे चरण में पहले दल को हराने के लिए 200 से ज्यादा उम्मीदवारों ने पर्चा वापस ले लिया। इतना सब करने के बावजूद सबसे बड़े चुनाव पूर्व गठबंधन को फ्रांस में बहुमत से कम मिलने का अनुमान है। याद रखें कि एक दल को नहीं, बल्कि कई दलों के गठबंधन को बहुमत से कम सीटें मिल रही हैं। बहुमत के लिए इस तरह की रस्साकशी लोकतंत्र के लिए स्वाभाविक है। उल्लेखनीय ये है कि फ्रांस का चुनाव भारत के चुनाव से तीन बिंदुओं पर मिलता दिख रहा है जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। वे तीन बिंदु हैं- हिंसा "नैतिक हार" और गठबंधन सरकार।

भारत की तरह फ्रांस में भी राष्ट्रपति का पद आम चुनाव से प्रभावित नहीं होता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति के पास हमारे राष्ट्रपति से कहीं ज्यादा शक्तियां हैं। पहले चरण में चुनाव परिणाम इंटरनेशनल मीडिया की चाहत के उलट आए तो सड़कों पर हिंसा हो गई, दूसरे चरण में जब चुनाव चाहत के अनुसार आए तो भी हिंसा हो गई। फ्रांस और हमारे बंगाल के बीच यह अद्भुत समानता है कि हार की आशंका और हार टलने की खुशी, दोनों स्थितियों में हिंसा हो जाती है। राहत की बात ये है कि बहुमत से सीट कम पाने के बाद भी फ्रांस में सबसे बड़े वामपंथी गठबंधन (जिसमें कई दल

1991 में जिस दल ने बिना बहुमत के अकेले दम पर पांच साल सरकार चलाई उस पर आजतक किसी ने अनैतिक सरकार होने का आरोप नहीं लगाया। विद्वान उसे अल्पमत की सरकार कहते हैं। 1996 में सबसे ज्यादा 161 सीट जीतने वाले दल को विपक्ष में बैठना पड़ा। 140 सीटें जीतने वाले दूसरे बड़े दल ने विपक्ष में बैठकर भी तीसरे बड़े दल का प्रधानमंत्री बनवा दिया।

शामिल हैं) की 'नैतिक हार' नहीं होगी। बहुमत प्राप्त करना लोकतांत्रिक देशों की समस्या है। चीन, कतर और अफगानिस्तान में किसी को अल्पमत की तानाशाही से समस्या नहीं होती। जिन देशों में लोकतंत्र जितना मजबूत है, वहां किसी एक दल का बहुमत प्राप्त करना उतना कठिन है, क्योंकि वहां एक नहीं कई दल किसी न किसी इलाके या समुदाय के बीच मजबूत पकड़ रखते हैं।

इस समस्या के समाधान के लिए खास पदों पर ऐसी व्यवस्था की गई है, जिसमें कई चरण में चुनाव होते हैं ताकि अंतिम चरण में बस दो-तीन लोग बचे और जनता किसी एक को 50 प्रतिशत से ऊपर मत देने को बाध्य हो। चीन में अगर एक पार्टी की तानाशाही है तो अमेरिका में दो दलों की तानाशाही है। चीन और अमेरिका का पॉलिटिकल मॉडल उत्तरी कोरिया, ईरान और कतर जैसे देशों से बेहतर है, लेकिन भारत, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन का मॉडल अमेरिका और चीन से बेहतर है, जो बहुदलीय व्यवस्था को पोषण देता है। ये मॉडल यह मानकर नहीं चलता है कि कोई एक या दो दल ही, पूरे देश की बेहतरी के चौकीदार हैं। आजादी के खुमार से निकलने में भारत को करीब 45 साल लगे और 1989 में भारत में किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। सबसे बड़े दल सरकार गठन से किनारा कर लिया। दूसरे बड़े दल ने तीसरे दल एवं अन्य के साथ मिलकर सरकार बनाई, लेकिन वह करीब 11 महीने में गिर गई। उसके बाद सबसे बड़े दल ने एक छोटे से धड़े को बाहर से समर्थन देकर उसकी सरकार बनवा दी। इस विडंबना को किसी विद्वान ने नैतिक संकट नहीं बताया कि जिस दल के खिलाफ बड़े दल ने चुनाव लड़ा था, उसकी ही सरकार बनवा दी गई। 1989 के चुनाव का संदेश साफ था कि सबसे बड़ा दल सरकार चलाएगा तभी वह 5 साल चलेगी नहीं तो ऐसे ही हर साल नया प्रधानमंत्री मिलेगा। दो साल में दो सरकार गिरने के बावजूद देश की जनता ने 1991 के चुनाव में खुद को देश का डिफाल्ट रूलर समझने वाले दल को पूर्ण बहुमत नहीं दिया। 1991-92 के चुनाव में जिस दल को सबसे ज्यादा 244 सीटें मिलीं उसने बिना किसी गठबंधन के अगले 5 साल तक सरकार चलाई। संदेश साफ था कि या तो हमें बाहर से समर्थन दो या फिर पिछली बार की तरह 11 महीने वाले रेंटर पीएम के लिए तैयार रहो।

1991 में जिस दल ने बिना बहुमत के अकेले दम पर पांच साल सरकार चलाई उस पर आजतक किसी ने अनैतिक सरकार होने का आरोप नहीं लगाया। विद्वान उसे अल्पमत की सरकार कहते हैं। 1996 में सबसे ज्यादा 161 सीट जीतने वाले दल को विपक्ष में बैठना पड़ा। 140 सीटें जीतने वाले दूसरे बड़े दल ने विपक्ष में बैठकर भी तीसरे बड़े दल का प्रधानमंत्री बनवा दिया, जिसे महज 46 सीटों पर जीत मिली थी, जो कुल सीटों की 10 प्रतिशत भी नहीं था। यानी तकनीकी तौर पर मुख्य विपक्षी दल का दर्जा पाने के लिए जरूरी 55 सीटों से भी कम सीट पाने वाले दल ने करीब दो साल देश में सरकार चलाई, लेकिन 11 महीने वाला पुराना रेंटर सिस्टम जारी रहा। इस पूरी कवायद को विद्वानों ने अनैतिक घोषित नहीं किया गया। इसे लोकतंत्र की माया या त्रिशंकु संसद बताया। 1998-1999 में जो दल सबसे बड़ा बनकर उभरा उसने बाहर से समर्थन के लेन-देन के रेंटल सिस्टम को नकारते हुए दो दशक पुराना नुस्खा नए एंगल से अपनाया। 1977 में कई दलों ने आपस में विलय कर लिया था तो इस बार उन्होंने विलय करने के बजाय गठबंधन बनाकर एक गुट बनाया। विद्वानों ने इसे भी अनैतिक नहीं माना और गठबंधन युग के आगाज की मुनादी करवा दी। सरकार छह साल चली। 1996 में जिस दूसरे बड़े दल ने 140 सीटें जीतकर सरकार नहीं बनाई थी उसी दल ने 2004 में महज 145 सीटें जीतकर सरकार बना ली। 1989 और 1996 में उसने साफ संदेश दे दिया था कि हमारा पीएम नहीं रहेगा तो 11 महीने का रेंटर पीएम सिस्टम सहना पड़ेगा। नतीजा ये हुआ कि महज सबसे बड़े दल ने महज 145 सीटों के साथ आराम से 5 साल गठबंधन सरकार चलाई, लेकिन किसी विद्वान ने इसे अनैतिक नहीं कहा। इसे गठबंधन युग का नया अध्याय कहा।

2004 में दूसरे बड़े दल को 138 सीटों पर जीत मिली थी यानी उसे सबसे बड़े दल से केवल 7 सीटें कम मिली थीं, लेकिन वे सात सीटें उन मौसेरे भाइयों जैसी साबित हुईं, जिनमें 7 दिन पहले पैदा हुए भाई को आजीवन भैया कहना पड़ता है। दूसरा बड़ा दल अगले पांच साल तक भइया-भइया कहता रहा, लेकिन यह कभी न कह सका कि भइया आपकी नैतिक हार हुई है, आपकी सरकार अनैतिक है। दूसरा दल तो छोड़िए किसी बड़े विद्वान ने इस प्रक्रिया को अनैतिक घोषित नहीं किया, बल्कि गठबंधन को देशहित में बताया। 5 साल राज करने के बाद भी सत्ताधारी दल को 2009 में बहुमत से 66 सीटें कम मिलीं तो भी किसी ने नहीं कहा कि आपको अकेले दम पर बहुमत नहीं मिला, इसलिए यह नैतिक हार है और जनता ने आपको नकार दिया है। किसी एक पार्टी को बहुमत न मिलने की भारत में पिछले 35 साल में किसी विद्वान ने 2024 से पहले "नैतिक पराजय" नहीं कहा था। जर्मनी, फ्रांस, कनाडा इत्यादि में गठबंधन सरकारें चल रही हैं, लेकिन किसी विद्वान ने वहां की सरकार को "नैतिक रूप से हारी हुई" सरकार नहीं कहा।

गठबंधन सरकार की नैतिकता के लिए पहले विद्वानों ने यह राय बनाई थी कि चुनाव परिणाम आने के बाद महज सत्ता प्राप्ति के लिए किया गया जोड़-तोड़ जनता के साथ धोखा है। ऐसे में चुनाव पूर्व गठबंधन को नैतिक माना गया। चुनाव पश्चात के गठबंधन को मजबूरी। चुनाव बाद गठबंधन को अनैतिक नहीं बताया गया, क्योंकि जनता पर चुनाव के खर्च का बोझ डालना सही नहीं रहेगा। आप देख रहे होंगे कि नैतिकता भी खर्च के हिसाब से पाला बदल लेती है। जिस समाज में दो तरह की नैतिकता हो, वह नैतिक रूप से भ्रष्ट समाज होता है। इधर मैं ये सोच रहा हूं कि भारत हो या फ्रांस, ऐसी दोहरी निष्पक्षता या नैतिकता किसी पार्टी या राजनीतिक समूह की कब तक रक्षा कर पाएंगे?

## प्रसंगवश

# जिंदगी का सबक मोहर्रम

मोहर्रम के महीने से, सीखना कर्बला से, सीखना इमाम हुसैन से, सीखना शहीदों और बीबी जैनब से की, कैसे जुल्म के खिलाफ खड़ा हुआ जाता है। मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है। हम खुद, हमारे बुजुर्ग और बहुत से लोग इसकी मुबारकबाद नहीं देते हैं। ऐसा हजरत ईमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों के गम और उनकी शहादत के सम्मान में किया जाता है।



हफीज किदवई
लेखक

कोई इसके इतर भी चल सकता है, यह उसकी अपनी मर्जी। वैसे भी कर्बला जबरदस्ती का नाम नहीं, बल्कि सहयोग और त्याग का नाम है। मैं मोहर्रम को कभी इस्लामी नुक्ते नजर से नहीं देखता। मैं इसे उस आंदोलन की तरह देखता हूं, जिसने यजीद को चुनौती दी, जिसने शहादत चुनकर जुल्मी के पांव उखाड़ दिए, जिसने प्यासे रहकर गुरूर के महलों की दीवारें चटखा दीं, जिनकी तारीख में कर्बला जैसे उदाहरण हों, वह किसी भी कीमत में अधर्मी और पापी के सामने नहीं झुक सकते, जो झुक जाते हैं, उनके दिलों से ईमाम हुसैन रुखसत हो जाते हैं। मोहर्रम में कर्बला की जंग और उसके बाद बीबी जैनब का कर्बला से निकलकर, शहीदों की शहादत की दास्तान को घर-घर पहुंचाना। शायद दुनिया का पहला आंदोलन था, जिसे किसी औरत ने लीड किया था। उन्होंने अपनी आंखों देखी जुल्म की सियाह रातों को, तपती दोपहर को और खून से भीगी सुबह की सच्चाई, दुनिया के सामने रखी।

बच्चों की प्यास से सूखे गले में चुभे तीर के दर्द को बतलाया तो बुजुर्गों का जोश से लड़ते हुए शहीद होना बतलाया। रसूल के चश्मे चिरागों के सर, नेजो पर चढ़े, जब कर्बला से जीत की जंग में लाए जा रहे थे। तब ही तय हो गया तो, जो आज जीत के घमंड में इतरा रहा है, असल में वह ही हार गया है।

हर धर्म मे ऐसे उदाहरण हैं। हर अधर्म का मुकाबला करो, पाप के विरुद्ध खड़े हो। मोहर्रम से सीखें, यह महीना इंसानियत और उसूल का बहुत बड़ा सिलेबस है। इंसानी जात को बचाए रखने के लिए, क्या कर गुजरना पड़ेगा, सारे चैप्टर इसमें मौजूद हैं। मोहर्रम और कर्बला को हमेशा याद रखिए, यह जिंदगी का सबक है।

# वर्तमान संदर्भ में भारतीय लोक संस्कृति

संसार की संस्कृतियां आज एक-दूसरे के सामने खड़ी हैं और परस्पर परिचय कर रही हैं। एक अभिनव मानव संस्कृति की रचना अग्रसर है। लोकतंत्र के राजनैतिक अधिकार, आर्थिक विकास, सामाजिक समानता और सांस्कृतिक स्वायत्तता ये चारों ही तत्व महत्वपूर्ण हैं और अनिवार्य हैं। संस्कृति, जातीय अस्मिता तथा परंपरा का महत्व कम नहीं है।

लोकजीवन में स्वतंत्रता, समानता, संपत्ति, अभिव्यक्ति और शोषण के विरुद्ध अधिकार अपराधी को दंड तथा पंच-पंचायत संबंधी कहानियां और कहावतों का भंडार है। लोक संस्कृति सामूहिक जीवन के सघन संबंधों में विकसित होती है। यह ध्यान रखने की बात है कि समष्टि का जो तत्व है, वह लोक संस्कृति में अधिक विकसित है। अभिजन भी है और सामान्यजन भी है और दोनों के बीच निरंतर व्यवहार और संवाद भी होता है। अभिजन संस्कृति सामान्यजन संस्कृतियों के बीच भी यह व्यवहार और संवाद होता है। अनेक सांस्कृतिक प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप अनेक कारकों के माध्यम से मास कल्चर अथवा जन संस्कृति उभरती है, जिसमें देशी-विदेशी, जनपदीय, प्रदेशीय, नागर, ग्राम्य, वन्य सांस्कृतिक तत्वों का समाहार होता है।

प्रत्येक व्यक्ति अपने आप में भी किसी न किसी संस्कृति का ही एक प्रतिनिधि है। सांस्कृतिक धारा की एक लहर, एक भाषा, एक परिधान, एक खानपान, एक सरीखा पश्चिम प्रेरित जीवन आरोपित करने की कोशिशें। हमला तो हमारे लोक पर ही है। सारी दुनिया को एक रंग में रंग देने की यह कोशिश भी लोक विरुद्ध है। छोटी-छोटी लोकभाषाओं और लोक संस्कृति विलुप्त हो रही



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है।

हैं। लोक को झुठलाने के प्रयत्न हो रहे हैं। अपनी पुस्तक भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश में डॉ. रामविलास शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिस्थितियों में भारत की प्राचीन संस्कृति का अध्ययन अत्यंत प्रासंगिक है। इस संस्कृति के बारे में हमारी भ्रांतियां आज के राजनैतिक जीवन को प्रभावित करती हैं। प्राचीन संस्कृति सामंतों और पुरोहितों की रची हुई है और आज के युग में हमें इससे कुछ भी लेना-देना नहीं है, यह भाव भ्रांतिजन्य है। मोटा खाने मोटा पहनने की सादगी की जगह तड़क-भड़क की जिंदगी का आकर्षण बढ़ा।

चिकित्सा में किसी जमाने में सेवा समितियां हुआ करती थीं, धर्मार्थ चिकित्सालय होते थे। आज उसका व्यावसायीकरण हो चुका है। भूमंडलीकरण एक ऐसे विश्व समाज की परिकल्पना है, जिसमें शक्ति संपन्न लोग और अधिक शक्ति संपन्न बनें और बनते चले जाएं। भूमंडलीकरण अर्थात बाजार का साम्राज्य। भूमंडलीकरण अर्थात समाज को बाजार के रूप में परिवर्तित करने की योजना। बाजार, जिसमें हर चीज बिकाऊ है मानव संबंध भी, मनुष्य की भावना और विचार भी ब्रांड बन चुके हैं। विज्ञापनों की चकाचौंध है, दिग्भ्रम है। हजारों साल की संचित विरासत की विस्मृति है। उत्तर क्षेत्र को कॉउ-बेल्ट कहना, लोक विश्वास और लोकाचार के प्रति राजनेता का दृष्टिकोण बाजार, प्रशासन, मीडिया और बुद्धिजीवियों के दृष्टिकोण अलग-अलग हैं।

माइकल जैकसन मेडोना का आना और विचित्र व्यंजन में मदिरा, मेकअप, फैशन, वेशभूषा का प्रवेश होना। बहुजन समाज उसकी ओर ललचाए नजरों से देखता है। इससे लक्ष्य भ्रम हो जाता है। व्यावसायीकरण है और संप्रदाय करण है। लोक संस्कृति का लोक शिल्पकार ऊपर औद्योगीकरण और मशीनों का दबाव है, जैसे मिट्टी के बर्तन दलिया चटाई। देश की सार्वभौमिकता के सामने भूमंडलीकरण वाली शक्तियों पर संस्थाओं का दबाव है, लोक कल्याणकारी अवधारणाएं संकट में हैं। विकसित देशों की नकल है, आराम की जिंदगी। भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है।

मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है। लोक की जिजीविषा अदम्य है, मौजूदा समय में लोक अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहा है। जैसे-मोर सैंया तो खूबै कमात हैं, महंगाई डायन खाए जात है। मनुष्य की युगयात्रा आज एक ऐसे पड़ाव पर आ पंहुची है, जहां संसार की विभिन्न संस्कृतियों का संवाद हो रहा है। जहां-जहां संबंधों में गहनता है, वहां-वहां लोक संस्कृति किसी न किसी रूप में आज भी जीवित जागरित है। परंपराएं आज भी जीवित हैं। परिवर्तन भी हो रहे हैं और निरंतरता भी बनी हुई है। दूसरी ओर अपनी जड़ों की ओर लौटो जैसे नारे भी दिए जा रहे हैं।

## सोशल फोरम

# कौन-कौन हैं वे

जो-जो सुनहरे भविष्य को बेचकर बच्चों को बर्बाद कर रहे हैं और उनके मां-बाप को लूट रहे हैं। वे कौन-कौन हैं? कोचिंग सेंटर वाले, सौ प्रतिशत रिजल्ट का झांसा देकर एयर कंडीशंड स्कूल चलाने वाले इंजीनियरिंग, एकाउंटेंसी, लॉ जैसे विशेषता के पाठ्यक्रमों के लिए मोटी फीस वसूलने वाले, 'पक्का पास कराने' के लिए पर्चा लीक का गोरखधंधा चलाने वाले, परीक्षा के समय नकल की समुचित व्यवस्था करने वाले, एक बार में सफल न हो पाए प्रतियोगियों से दोबारा फीस वसूलने वाले, इन सबको संरक्षण देकर सामाजिक प्रतिष्ठा पाने में मददगार राजनीतिज्ञ और अफसर, कानून से इन्हें आवश्यक पर्याप्त कठोर दंड न देने वाले, आत्महत्या करके जंजाल से निकल जाने वाले विद्यार्थियों का पैसा वापस न करने वाले, वगैरह-वगैरह।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

इस विराट माफिया तंत्र के मुकाबले साधनहीन, सरकारों पर निर्भर और दयनीय परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को लेकर जो सरकारी स्कूल चलते हैं, फिर भी अच्छा रिजल्ट देते हैं, उनका जयजयकार करने का मन होता है। यह कुछ-कुछ वैसा ही मुकाबला है जैसा रामचरितमानस में राम और रावण का था: रावण रथी विरथ रघुबीरा।/ देख विभीषण भए अधीरा।।

ज्यादातर खुद सरकार संचालित विद्यालयों-विश्वविद्यालयों में पढ़कर इतने योग्य बने हैं कि वे सरकारी संस्थाओं को मटियामेट करने का अभियान चलाएं। हमारी वैदिक संस्कृति से चली प्राचीन गुरुकुल परंपरा रही हो या बौद्ध काल में विकसित तक्षशिला और नालंदा की विश्वविद्यालय परंपरा, उसमें शिक्षा माफिया की गुंजाइश नहीं थी। इसलिए जिन बच्चों के सपने टूट रहे हैं, जिनके माता-पिता खेत बेचकर बच्चे को योग्य बनाने का वहम पाले हैं, जो बच्चे असफल होने के डर से या असफल होने के बाद आत्महत्या कर रहे हैं। चाहे अतीत के आदिम साम्यवाद के आदर्श पर हों या भविष्य के काल्पनिक स्वप्न के अनुरूप वैज्ञानिक समाजवाद के आदर्श पर हो, लेकिन इस समस्या का हल निकलना चाहिए, युवाओं की जिंदगी चंद माफियाओं मुनाफे से ज्यादा कीमती है।

-फेसबुक वॉल से

# गीता के प्रथम श्लोक की व्याख्या

गीता का प्रारंभ प्रश्न से होता है। यह बात अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे जीवन में अगर कोई सबसे बड़ी चीज है तो वह है जिज्ञासा। जिज्ञासा से ही विज्ञान पैदा होता है और जिज्ञासा से ही धर्म। अगर जिज्ञासा न हो तो हमारा विकास रुक जाएगा। जैसे पशुओं का विकास रुका हुआ है। पशु जो होकर जनमता हैं, मरने के समय भी वही रहता है, लेकिन मनुष्य क्या से क्या हो जाता है। जिज्ञासा ही उसे पशुओं से अलग करती है। अगर मनुष्य को मनुष्य बनाना है तो उसे जिज्ञासा से भर देना होगा। भर देना शब्द सही नहीं है, क्योंकि मनुष्य जिज्ञासा लेकर ही पैदा होता है।

माता-पिता और शिक्षक का काम है जिज्ञासा की रक्षा करना। इसी कसौटी पर माता-पिता और गुरु को रखकर परखा जा सकता है कि वह सही है या नहीं। दुखद स्थिति है कि बच्चों की जिज्ञासा बचपन में ही मार दी जाती है। एक बार मार देने पर फिर से उसे पैदा करना बहुत कठिन होता है। जिज्ञासाएं अनेक तरह की होती हैं, जिसकी जैसी जिज्ञासा होती है, उसकी उपलब्धि भी वैसी ही होती है। धृतराष्ट्र के पास न केवल बाहरी आंखें नहीं हैं, वरन् भीतरी आंख भी नहीं है। वे मोहांध हैं। पुत्र-मोह में पड़कर उनकी न्याय बुद्धि नष्ट हो गई है। कुरुक्षेत्र में दोनों तरफ की सेनाएं लड़ने के लिए तैयार हैं। अपने पुत्र की विजय कामना से भरे धृतराष्ट्र संजय से पूछते हैं कि बताओ वहां क्या हो रहा है? श्लोक इस प्रकार है-धृतराष्ट्र उवाच धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः। मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

माता-पिता और शिक्षक का काम है जिज्ञासा की रक्षा करना। इसी कसौटी पर माता-पिता और गुरु को रखकर परखा जा सकता है कि वह सही है या नहीं।

संजय।। धृतराष्ट्र ने पूछा-हे संजय, धर्मभूमि कुरुक्षेत्र में युद्ध के लिए इकट्ठे हुए मेरे और पांडु के पुत्रों ने क्या किया? इस श्लोक के तीन शब्दों को ठीक से समझने की आवश्यकता है। वे हैं-धर्मक्षेत्र, धृतराष्ट्र और संजय। प्रश्न उठता है कि क्या धर्मक्षेत्र में युद्ध हो सकता है? अगर धर्मक्षेत्र में भी युद्ध होगा तो उसका समाधान किस क्षेत्र में होगा? जहां एक-दूसरे के खून के प्यासे दो दल मरने और मारने को आतुर हों, वह धर्मक्षेत्र नहीं हो सकता। कहा जा सकता है कि धर्मयुद्ध उस स्थल पर होने की वजह से कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कहा गया है। फिर वही प्रश्न! क्या युद्ध भी धर्म के लिए हो सकता है? धर्म है क्या? अगर धर्म आत्मज्ञान है तो क्या यह मरने-मारने से उपलब्ध होता है? बुद्ध ने किस युद्ध में आत्मज्ञान हासिल किया था? धर्म के लिए तो यह युद्ध लड़ा ही नहीं गया है। युद्ध तो स्वार्थों की टकराहट से पैदा होता है। भले किसी का स्वार्थ जायज हो और किसी का नाजायज। न्याय पाने के लिए यह युद्ध लड़ा जा रहा है। संपत्ति की हिस्सेदारी और प्रतिशोध के लिए लड़ा जा रहा है। सांसारिक चीजों के लिए युद्ध हो रहा है।

इसे धर्मयुद्ध कहना फिजूल है। धर्मयुद्ध ही नहीं तो धर्मभूमि कैसे? लेकिन कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कहा है धृतराष्ट्र ने, जो कि अंधे हैं और अंधों की धर्म की धारणा ही अलग होती है। वे तो मंदिरों, मस्जिदों, गिरिजाघरों और गुरुद्वारों में भगवान खोजते हैं। ऐसी बात भी नहीं, किसी भौतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए ही प्रायः वे वहां जाते हैं। या देखा-देखी के कारण जाते हैं। अगर शांति की खोज उन्हें होगी तो अंदर प्रवेश करना पड़ेगा। बाहर कहीं शांति है ही नहीं। जनसाधारण काबे और कैलास को धर्मक्षेत्र कहते हैं, क्योंकि कभी वहां स्थित किसी व्यक्ति के भीतर धर्म का अवतरण हुआ था। हो सकता है कि पुराने समय में कोई आध्यात्मिक घटना कुरुक्षेत्र में घटी हो और उसे धर्मक्षेत्र मान लेने की परंपरा रही हो।

धृतराष्ट्र एक साधारण मनुष्य हैं। शायद इसलिए उन्होंने प्रथा के अनुसार कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कह दिया है। मैं भी कुरुक्षेत्र धर्मक्षेत्र कहने के लिए राजी हूं, सिर्फ एक कारण से, वह कारण यह है कि वहां भगवान श्रीकृष्ण विद्यमान हैं। जहां साक्षात् भगवान विद्याज्ञान हों, वह भूमि तो धर्मभूमि हो ही जाएगी। कृष्ण को अगर धृतराष्ट्र पहचानते तो युद्ध की अनुमति वे कभी नहीं देते। इसलिए यह तो स्पष्ट है कि कृष्ण की मौजूदगी के कारण धृतराष्ट्र कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र नहीं कह रहे हैं। संजय को लेकर ऊहापोह है। नास्तिक बिना जाने कहते हैं कि यह कोरी कल्पना है। संजय जैसा आदमी नहीं हो सकता। आस्तिक भी बिना जाने कहते हैं कि यह गलत हो नहीं सकता। संजय सत्य है। ये दोनों प्रकार के लोग ज्ञान के दुश्मन हैं। बिना जाने, बिना खोजे, बिना प्रयोग किए इन दो तरह के लोगों का निष्कर्ष तैयार रहता है, लेकिन ओशो जानकर कहते हैं कि ऐसा हो सकता है। इस तरह की शक्ति थोड़े प्रयास से पाई जा सकती है। यह बहुत बड़ी शक्ति नहीं है। यह आत्मज्ञान नहीं है। यह एक मानसिक शक्ति है।

इस बात को समझाने के लिए वे अनेक तरह के वर्तमान समय में उपलब्ध उदाहरण देते हैं। उनमें से एक उदाहरण मैं यहां देना चाहूंगा। ओशो के जीवित रहते अमेरिका में एक व्यक्ति जीवित थे। उनका नाम था टेड सीरियो, जो हजारों मील की दूरी पर कुछ भी देखने में समर्थ थे। अगर न्यूयॉर्क में बैठे सीरियो को कहा जाता कि बताइए अहमदाबाद के खास मैदान में इस समय क्या हो रहा है तो वे पांच मिनट के लिए आंख बंद करेंगे और सब कुछ बता देंगे। उनकी आंखों में वहां के लोगों की तस्वीर आ जाती थी, जिसे कैमरे से अनेक बार खींचा गया था। उनका हर तरह से परीक्षण कर इस घटना को सही पाया गया था। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि संजय कोई काल्पनिक पात्र नहीं है। इस तरह की शक्ति वाला व्यक्ति उस समय अवश्य रहा होगा।

# छद्मविज्ञान ही नहीं छद्मअध्यात्म का भी बोलबाला

पढ़े-लिखे भी झांसे में आ रहे हैं। सावधान रहने की जरूरत है। कोई भी बाबा और संन्यासिन आपके दुख-दर्द को दूर नहीं कर सकते। पुरुषार्थ करिए। पुरुषार्थ सब कष्टों के निवारण का मूलमंत्र है। अपने बुद्धि पर पड़े पर्दे को हटाए। कर्म में लगिए। नहि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः। अध्ययन के प्रति लगाव है तो प्रमाणित भारतीय शास्त्रों को पढ़ने में अभिरुचि जगाएं। वे सभी बुढ़ापे के साहित्य नहीं हैं। अभी से नहीं पढ़ना शुरू करेंगे तो बाद में पल्ले नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारतीय अध्यात्म दर्शनशास्त्र की अपनी विशिष्ट शब्दावली और अर्थ है। जैसे बिना प्रारंभिक गणित में गति के आप इसके उच्चतर स्वरूप को समझ नहीं पाएंगे। आप श्रीमद्भगवद्गीता या रामचरितमानस से अपनी अध्यात्म यात्रा शुरु कर सकते हैं। आप जब श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ेंगे तो यह बात और भी स्पष्ट होती जाएगी। वहां निरर्थक कर्मकांडों का निषेध है। 'पुष्पिताम वादिनम' वाले लोभी भविष्यदर्शियों से सावधान किया गया है। आपकी अपनी निजी आत्मिक उन्नति आप स्वयं के चिंतन से पा सकते हैं और रामचरित मानस में तो धर्म के नाम पर पाखंड फैलाने को बहुत दुत्कारा है। किंतु यह कितना दुखद है कि एक विशाल आध्यात्मिक वाङ्मय से समृद्ध भारत की एक बड़ी जनसंख्या मूढ़ बनकर पाखंडी, ढकोसलेबाज बाबाओं के पीछे भाग रही है। उनकी चरण रज लेने के लिए आत्मोसर्ग कर रही है और कैसे पापी हैं वे बाबा लोग जो निज रज स्पर्श का आह्वान करते हैं। उनकी चरण रज? माई फुट। वे तुलसीदास के गुरु सदृश भला हैं, जिनके लिए रामचरित मानस की प्रस्तावना में ही संत कवि कहते हैं - बंदऊ गुरु पद पदुम परागा सुरुचि सुवास सरस अनुरागा। एक तुलसी के आराध्य, प्रातः वंदनीय गुरु और आज के स्वयंभू ये अक्ल से पैदल और सूटबूट के बाबा जो अपना चरण रज बांट रहे हैं। ओह यह विद्रूप। चेतो भारत चेतो! उठो कर्म प्रधान बनों। स्वयं के सिवा कोई और मददगार नहीं है आपका। सारे बाबा आपको ठग रहे और खुद ऐयाशी कर रहे हैं। उनके किए कुछ नहीं होता। अपने दिमाग से पर्दे हटाएं। मूर्खतामूलक आस्था में बंद पड़े चक्षुओं को खोलकर देखिए, ज्ञानचक्षु तभी खुलेंगे। अन्यथा हाथरस हादसे होते रहेंगे।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

# नशीला पदार्थ खिलाकर महिला से किया दुष्कर्म

संवाददाता फतेहपुर

- कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट, तलाश जारी
- सदर कोतवाली क्षेत्र में रिश्तेदार ने की थी वारदात

**अमृत विचार।** नशीला पदार्थ खिलाकर महिला से दुष्कर्म के बनाए वीडियो को वायरल करने की धमकी देने वाले युवक के खिलाफ कोर्ट ने कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली एक महिला ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका पति से विवाद चल रहा है। विवाद के चलते मां के साथ मायके में रहती है। कौशांबी में रहने वाले रिश्तेदार शाकिर अली का घर आना-जाना था। वह पति से विवाद खत्म कराने का उसे और मां को भरोसा देकर करीबी हो गया। उसके घर में 11 जुलाई शाकिर रुका था।

उसकी मां डॉक्टर को दिखाने गई थी। मौका पाकर शाकिर ने खाने के सामान में नशीली दवा खिलाई। बेहोश होने पर दुष्कर्म किया। उसका वीडियो भी बना लिया।

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक शोषण करने लगा। उसने मकान मालिक को भी वीडियो दिखाया है। रास्ते से जबरन गाड़ी में बैठा ले जाता है। दुष्कर्म के बाद छोड़कर चला जाता है। पीड़िता के अधिवक्ता शुभम गुप्ता ने बताया कि कोर्ट ने सुनवाई के बाद मामले को गंभीर माना है। कोतवाली पुलिस को सात दिन में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू करने का आदेश दिया है।

# भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने सुब्रत के खिलाफ खोला 'मोर्चा'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पूर्व सांसद पर पूरे परिवार की हत्या का षड्यंत्र रचने का लगाया आरोप
- डीएम को दिया प्रार्थनापत्र, की कार्रवाई की मांग, कहा- तीन शूटरों को दी गई थी सुपारी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में पराजय के बाद पूर्व सांसद सुब्रत पाठक पर उनकी ही पार्टी की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने डीएम से शिकायत कर पूर्व सांसद पर पूरे परिवार की हत्या करवाने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कई साक्ष्य भी उपलब्ध कराए हैं, जिसके आधार पर डीएम ने जांच का आश्वासन दिया है।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचीं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य अमिता उर्फ नेहा त्रिपाठी ने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को प्रार्थनापत्र दिया। बताया कि सोमवार को पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने ग्राम चपुन्ना निवासी धर्मेंद्र उर्फ दिलीप त्रिपाठी,



डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल से वार्ता करतीं भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नेहा त्रिपाठी।

पति राहुल त्रिपाठी व देवर दीपक त्रिपाठी को भूमाफिया घोषित कराने के लिए पत्र दिया है। आरोप लगाया कि मतगणना से एक दिन पहले पूर्व सांसद उनके पैतृक गांव चपुन्ना गए और उनके राजनीतिक विरोधी जो शातिर अपराधी, गैंगस्टर एवं आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे हैं, के घर जाकर ससुर की हत्या का षड्यंत्र रचा। इसके बाद एक कार्यकर्ता ने फोन कर ससुर को धमकी दी कि यदि भाजपा चपुन्ना बूथ हार गई तो इसका बदला लिया जाएगा। इसका ऑडियो उनके पास है।

नेहा ने मीडिया के सामने आरोप लगाया कि तीन शातिर गैंगस्टरों को पूर्व सांसद का संरक्षण प्राप्त है। इन लोगों ने ठठिया थाना क्षेत्र के एक शातिर शूटर को 20 लाख रुपये में पूरे परिवार की हत्या की सुपारी दी है। इन अपराधियों को एक बाइक समेत अत्याधुनिक असलहे दिए गए। 25 जून को इस बारे में उन्होंने पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की थी। शूटर ने भी इस बात को स्वीकारा है। नेहा ने बताया कि पूर्व सांसद उनके परिवार का नाम फर्रुखाबाद के माफिया डॉ. अनुपम दुबे से भी जोड़ रहे हैं और चपुन्ना में बने उनके गेस्ट हाउस को अवैध बता रहे हैं। वे सत्ता के दबाव में उनके पति व ससुर को भूमाफिया घोषित करवाकर गेस्ट हाउस पर बुलडोजर चलवाना चाहते हैं।

जब वह सांसद थे तो कई बार बैठकें और सभाएं कीं, तब गेस्ट हाउस अवैध नहीं था। जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में पूर्व सांसद ने 50 लाख रुपये उनसे लिए थे, जब उन्होंने रुपये वापस मांगे तो वह रंजिश मानने लगे।

### सुब्रत पर कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे आमरण अनशन

नेहा व उनके पति राहुल त्रिपाठी ने मीडिया को बताया कि उन्होंने पूर्व सांसद के खिलाफ सभी साक्ष्य डीएम व एसपी को दिए हैं। उनके परिवार को फर्जी भूमाफिया घोषित करवाने का प्रयास किया जा रहा है तथा भाड़े के हत्यारों को सुपारी दी गई है। जिला पंचायत में भी पूर्व सांसद के इशारे पर व्यापक रूप से भ्रष्टाचार किया गया। यदि इसके बाद भी उन पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह समर्थकों के साथ आमरण अनशन करेंगीं। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी शीर्ष पदाधिकारियों को दी गई है।

### गेस्ट हाउस अनुपम की मां के नाम : सुब्रत पाठक

पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने नेहा त्रिपाठी के सभी आरोपों को खारिज करते हुए बताया यह उनकी राजनीतिक छवि को धूमिल करने का प्रयास है। अधिकारियों से तथ्यहीन शिकायतें कर गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। चपुन्ना में बना गेस्ट हाउस डॉ. अनुपम दुबे की मां कुसुमलता पत्नी महेश चंद्र दुबे के नाम है और फर्रुखाबाद जिले के अधिकारी कोर्ट के आदेश पर उनकी सभी संपत्तियों की जांच कर रहे हैं, जिसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। डीएम-एसपी सभी आरोपों की जांच कराएं और उसमें जो भी दोषी हो, उस पर कार्रवाई करें।



सुब्रत पाठक।

# एक घंटे बाद पहुंची एंबुलेंस, ग्रामीणों में गुस्सा

## पुलिस के वाहन से घायल अस्पताल गए, सड़क पर आग की लपटें देख थम गया श्रीनगर बेलाताल मार्ग पर आवागमन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** श्रीनगर बेलाताल मार्ग पर हुआ हादसा हृदय विदारक था। चार बाइक सवारों के जिंदा जलने के बाद बचाई गई दो जानों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस भी समय पर नहीं आई। पुलिस ने ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ता देख अपने वाहनों से झुलसी हुई किशोरी व बच्चे को श्रीनगर के सीएचसी तक पहुंचाया। इस बीच आग की लपटों में घिरे बाइकवारों को देखकर आवागमन रुक गया।

शासन द्वारा घायलों को समय से अस्पताल तक पहुंचे के लिए जिला अस्पताल के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी एम्बुलेंस की व्यवस्था कर दी गई है, जिससे घटना स्थल के नजदीक वाले स्वास्थ्य केंद्र से एम्बुलेंस को समय से भेजा जा सके। एम्बुलेंस के नम्बर पर काल करने पर सीधा लखनऊ हेड क्वाटर पर रिसीव होने पर तत्काल एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा जाता है,



घटनास्थल का निरीक्षण करतीं पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता। अमृत विचार

लेकिन मंगलवार को हुए हृदय विदारक हादसे के बाद भी एम्बुलेंस सूचना के एक घंटे बाद पहुंची, जिससे आग से झुलसे लोगों को समय पर एम्बुलेंस नहीं मिल सकी।

एम्बुलेंस के एक घंटे तक न आने पर पुलिस ने अपने वाहन से आग से झुलसे दोनो लोगों को मेडिकल कालेज तक पहुंचाया, जहां पर उनका उपचार भी शुरू हो गया है, लेकिन सूचना के बाद भी एम्बुलेंस का कोई अता पता न चलने पर घटना स्थल पर उमड़ी भीड़ ने जमकर होहल्ला मचाया। ग्रामीणों का आक्रोश देखते हुए पुलिस ने एम्बुलेंस का आने का इंतजार किए बिना ही अपने वाहन से घायलों को पहुंचाया। गनीमत रही कि पुलिस समय से उन्हें ले गई, क्योंकि एम्बुलेंस एक घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची, जिससे एम्बुलेंस चालक को भीड़ ने जमकर खरी खोटी सुनाई। हालांकि भारी पुलिस फोर्स होने के कारण एम्बुलेंस चालक को वहां से भगा दिया गया। अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने एम्बुलेंस किस कारण देर से आई है इसकी भी जांच कराए जाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया है। श्रीनगर बेलाताल मार्ग में दो बाइकों में आग लग जाने से पहले तो अफरातफरी मच गई, बाद में चीख पुकार सुनकर लोग बाइक सवारों को बचाने के लिए दौड़ पड़े और आग बुझाने में जुट गए। सड़क क बीचोबीच बाइकों से निकल रही आग की लपटो को देखकर मार्ग पर गुजरने वाले वाहन जहां के तहां खड़े हो गए, जिससे थोडी ही देर में घटना स्थल के दोनो तरफ तमाम वाहन एकत्र हो गए। हालांकि कुछ वाहन चालकों ने अपने वाहनों से उतर कर आग में जल रहे लोगों के बचाने के लिए मदद की।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के पैचवर्क का बह गया डामर, उखड़ गई गिट्टी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अरबों रुपये की लागत से बना आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे भी 'जख्मी' हो गया है। गड्ढों को भरने के लिए किए गए पैचवर्क का डामर बरसात भी नहीं झेल पाया और बह गया। इससे गिट्टी उखड़ गई, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। तालग्राम से फगुहा तक कई गड्ढे हो गए हैं, जिनमें फंसकर या तो वाहन पलट जाते हैं या फिर डिवाइडर या रेलिंग से टकरा जाते हैं। एक्सप्रेस-वे की कार्यदायी संस्था पैचवर्क के नाम पर केवल खानापूरी कर रही है।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की मरम्मत तथा सुविधाओं के विकास के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने आरजीबीएल नाम की कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी है।यह कंपनी एक्सप्रेस-वे के पैचवर्क समेत सभी टूटफूट को भी सही करती है। पिछले साल तक इस कंपनी ने सही काम किया, लेकिन अब गोलमाल किया जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण यह है कि तालग्राम कट किलोमीटर 172 से फगुहा कट 193 तक ट्रक-बस लेन में ओवरलोडेड वाहन चलने के कारण गड्ढे हो गए हैं, जिनसे आए दिन हादसे हो रहे हैं। कई जगह तो ट्रक व डंपरों के पहियों की लीक बन गई है, जिसमें छोटी गाड़ी पहुंच जाए तो बहकने लगती है। आरजीबीएल के अधिकारियों ने सर्वे किया तो कई गड्ढे मिले। इसके बाद बीच-बीच में करीब तीन किमी तक लेन पर पैचवर्क किया गया।



आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किमी 184 पर उखड़ी पड़ी गिट्टी। अमृत विचार

- किमी 184 के सामने हालत ज्यादा खराब, हो सकता हादसा

"बरसात के दिनों में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के नियमित मेंटीनेंस के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए गए हैं। यूपीडा द्वारा इसका निरीक्षण किया जाएगा। यदि कार्य की गुणवत्ता खराब मिली तो कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-प्रद्युम्न कुमार मिश्रा, कार्य निरीक्षक – यूपीडा

# दुर्घटना में पूर्व सैनिक समेत दो लोगों की मौत, दो जख्मी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल कस्बा के बाबरपुर स्थित हाईवे किनारे पर एक मैरिज होम के सामने कंटेनर ने कार में टक्कर मार दी। इससे कार सवार चार लोगों मे से दो की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए।

इटावा जनपद के थाना भरेह के अंतर्गत पहालन गांव निवासी पूर्व दस्यु अरविंद गुर्जर की पुत्री नंदिनी व मध्य प्रदेश के ग्वालियर निवासी गोलू के विवाह की रस्में चल रही थीं। विवाह में शामिल होने के लिए पहालन गांव निवासी सेवानिवृत सैनिक राजुवेंद्र सिंह उर्फ लऊआ (55) पुत्र नबाब सिंह की कार का चालक भरेह थाना अंतर्गत महुआसूंडा गांव निवासी पप्पू पुत्र जयकरन सिंह, पहालन गांव निवासी विहंगम सिंह पुत्र गुरुनारायण सिंह, इमिलिया भरेह गांव निवासी लालजी पुत्र गोविंद सिंह भी आये थे। कार को पप्पू चला रहा था। मैरिज होम से कार हाईवे पर पहुंची तभी औरैया से इटावा की ओर जा रहा कंटेनर की कार से भिड़ंत हो गई। लोगों ने कार मे फंसे लोगों को बाहर निकाला और सीएचसी अजीतमल भेजा, जहां चिकित्सकों ने राजवेंद्र और कार चालक पप्पू को मृत घोषित कर दिया।

# सीएचसी में बच्चे की मौत, ग्रामीणों का हंगामा

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

- परिजनों का जबरदस्ती इंजेक्शन लगाने का आरोप,कार्रवाई के आश्वासन पर हुए शांत

**अमृत विचार।** सरकारी अस्पतालों में मरीजों और तीमारदारों के साथ संवेदनहीन व्यवहार का एक और उदाहरण सामने आया है। सीएचसी मानिकपुर में सोमवार की रात एक पांच वर्षीय बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक ने जबर्दस्ती दो इंजेक्शन लगवा दिए, जिससे बच्चे ने तड़पकर दम तोड़ दिया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ अस्पताल में हंगामा काटते हुए धरना दिया। इस पर एसडीएम पंकज वर्मा और एसओ विनोद कुमार शुक्ला पहुंचे और परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिया। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।



मानिकपुर सीएचसी में जुटे ग्रामीण और परिजनों को समझाते अधिकारी।

मानिकपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत चुरेह केसरूआ के मजरा सुवरगढ़ा निवासी गोरेलाल कोल ने बताया कि बेटे अर्पित (5) के पेट में दर्द होने पर वे लोग उसे लेकर करीब साढ़े आठ बजे रात सीएचसी पहुंचे थे। उसने आरोप लगाया कि वहां गलत इलाज की वजह से रात करीब साढ़े 10 बजे उसकी मौत हो गई। अर्पित की मौत की जानकारी जैसे ही गांव पहुंची, बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टर व अन्य स्टाफ पर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने हाता निवासी भाजपा नेता आशीष कोल को सूचना दी तो वह भी पहुंच गए। उन्होंने भी चिकित्सकों पर लापरवाही और गलत इलाज के आरोप लगाए। ग्रामीण सीएमओ को मौके पर बुलाने की मांग को लेकर अड़ गए। स्थिति बिगड़ती देख उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई। इस पर एसडीएम पंकज वर्मा और थाना प्रभारी विनोद कुमार पहुंचे और परिजनों को जांच कराकर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए तैयार हुए।

# सिपाही बनकर ठगी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

संवाददाता अयाना,औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा के कौशिल्या वाटिका में 3 जून को भागवत कथा के दौरान हुई टप्पेबाजी के जेवरात लौटाने के नाम पर एक शातिर ने स्वयं को अयाना थाना का सिपाही बताकर रुपये की मांग की। पीड़िता ने थाने में जानकारी दे दी। मंगलवार को पुलिस ने मुढ़ी नहर पुल के पास शातिर को गिरफ्तार लिया। जबकि साथी मौके से भाग निकले।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल, एसआई हेमंत कुमार ने टीम के साथ मंगलवार सुबह मुढ़ी पुल के पास घेराबंदी कर एक शातिर को पकड़ लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अयाना कस्बा की कौशल्या वाटिका में भागवत कथा के दौरान 3 जून को टप्पेबाजों ने पांच महिलाओं से टप्पेबाजी की थी। मामले में छह लोगों को पकड़कर जेल भेज दिया गया था। पीड़िता प्रेमा देवी के पास एक युवक ने फोन कर स्वयं को अयाना थाना का सिपाही विकास बताया और चोरी गए जेवर की वापसी के बदले 20 हजार रुपये मांगे। पीड़िता का नाती दिशांक सेंगर आरोपी को 10 हजार रुपये देने पर राजी हो गया। शक होने पर पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी। शातिर ने अपना नाम नाहर सिंह यादव निवासी भदरई उदयपुरा, थाना लिधौरा टीकमगढ़, मध्यप्रदेश हाल निवास बलोतरा, बाड़मेर, राजस्थान बताया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह गांव के राहुल यादव व रंजीत के साथ मिलकर एफआईआर कॉपी निकालने के बाद पीड़ितों से संपर्क कर सामान वापस दिलाने का झांसा दे रहा था।

गंदा धंधा

**सीमा पर मध्य प्रदेश पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, भाग खड़े हुए शराब के कारोबारी**

# ...तो तीर्थक्षेत्र में बढ़ रहा शराब का अवैध कारोबार

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तो क्या तीर्थक्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। पहाड़ों के आसपास यह गंदा धंधा चल रहा है। इन सवालों की इस बात से पुष्टि होती है कि मंगलवार को मप्र और उप्र सीमा पर स्थित लोसरिया गांव में मप्र पुलिस ने लगभग छह क्विंटल महुआ बरामद किया। कई शराब भट्ठियों को नष्ट किया। हालांकि पुलिस की भनक पाकर आरोपी मंदाकिनी नदी में कूदकर भाग निकले।

थाना प्रभारी चित्रकूट (मप्र) पंकज शुक्ला की अगुवाई में सीमावर्ती गांवों में बीते दिन यह अभियान चला। उधर, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक कार में शराब लिए गुप्त गोदावरी की ओर जा रहे हैं। इस पर एसआई रामयश वर्मा ने गोदावरी रोड पर चौबेपुर तिराहे के पास घेराबंदी की। आरोपी युवकों ने पुलिस को देखकर भागने की नाकाम कोशिश की। इन्होंने अपने नाम अंकुश गर्ग पुत्र स्व. राम निवास गर्ग निवासी प्रमोदवन व संदीप सिंह सोलंकी पुत्र राम अभिलाष सिंह सोलंकी निवासी मवई खुर्द थाना मऊ जिला चित्रकूट बताए। कार से मिले 18 डिब्बों से 46,750 रुपये कीमत की अंग्रेजी शराब और बीयर की बोतलें बरामद की गईं। आसपास के लोगों का कहना है कि तीर्थक्षेत्र में नदी किनारे और पहाड़ों के पीछे अवैध शराब का धंधा तेजी से फलफूल रहा है और इसके खिलाफ मप्र के साथ उप्र पुलिस को समन्वय बनाकर अभियान चलाना होगा, तभी इस पर अंकुश लगेगा।



पहाड़ के नीचे इस तरह बनाई जाती है शराब। अमृत विचार



नदी किनारे भी फलता फूलता है धंधा। अमृत विचार

- लोसरिया गांव में छह क्विंटल महुआ बरामद, भट्ठियां नष्ट

### मझगवां से लाई जाती है शराब

पूरा तीर्थक्षेत्र ड्राई एरिया घोषित है। लोग बताते हैं कि यहां के किसी भी होटल, लाज में दलालों के माध्यम से महंगे दाम पर शराब, बीयर मिल जाती है। बताया जाता है कि तीर्थक्षेत्र में लगभग चाय-पाना, किराना की लगभग 30 दुकानें ऐसी हैं, जहां शराब मिलती है। इसके पीछे लोग पुलिस की मिलीभगत बता हैं। बताया जाता है कि यह शराब मझगवां से लाई जाती है और यहां महंगे दामों पर बेची जाती है। यह भी बताया जा रहा है कि बीते दिन पकड़े गए युवक कार से यहां शराब बेचने ही आए थे।

**समाजसेवी ने जताई चिंता :** सर्वोदय सेवा आश्रम के समाजसेवी अभिमन्यु भाई ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में सरकार ने जिस क्षेत्रफल में ड्राई एरिया घोषित किया है, वहां लगभग 25 ऐसी जगहें हैं, जहां शराब आसानी से मिलती है।

# मधुमक्खियों के हमले में पांच जख्मी

**असोथर।** थाना क्षेत्र के कुसुंभी गांव में बच्चों के साथ मायके आई महिला पर जंगल घूमने जाते समय अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमखियों के हमले से पांच लोग बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। यहां पर दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

असोथर थाना क्षेत्र के कुसुंभी गांव निवासी नरेश ने बताया कि उसकी बहन की ससुराल बस्तापुर गांव में है। बहन रीता अपने बच्चों प्रांशु, दीपा व सुनैना के साथ मायके घूमने आई थी।

आज सुबह सभी लोग गांव में जंगल घूमने के लिए निकले थे तभी एक जगह पर मधुमक्खियों का झुंड अचानक उन लोगों के सामने आ गया और सभी लोगों को डंक मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। मधुमखियों के हमले से सभी जख्मी होकर जमीन पर बेहोश होकर गिर गए। नरेश ने बताया कि मधुमक्खियों के हमले से वह भी बुरी तरह घायल हो गया है।

**कार्यालय प्राचार्य, अतर्रा पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, अतर्रा (बाँदा)**

पत्रांक :231/ विवरण पत्रिका/2024–25 दिनांक – 09–07–2023

अतर्रा पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, अतर्रा (बाँदा)
अति अल्पकालिक निविदा सूचना

शैक्षिक सत्र 2024–25 विवरण पत्रिका के मुद्रण हेतु पंजीकृत फर्मो/प्रेसो से मुहर बन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है। विवरण पत्रिका 170 जी0एस0एम0 एवं आवरण पृष्ठ 270 जी0एस0एम0 आर्ट पेपर पर फोर कलर प्रिंटिंग में मुद्रित होगी। निविदा प्रपत्र के साथ कागज का नमूना संलग्न करना होगा।

विवरण पत्रिका एवं उसके साथ मुद्रित कर आपूर्ति करने वाले प्रपत्रों का नमूना तथा निविदा की शर्ते किसी कार्य दिवस में महाविद्यालय कार्यालय में देखी जा सकती है।

निविदा प्रपत्र रू0 500.00 नकद जमा कर दिनांक 14.07.2024 तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदाएं दिनांक 16.07.2024 को महाविद्यालय प्राचार्य कक्ष में रखे निविदा बाक्स में पूर्वान्ह 11:00 बजे से 12:30 बजे तक डाली जायेगी एवं उसी दिन 01:30 बजे अपरान्ह समिति के पदाधिकारियों तथा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

विवरण पत्रिका निर्धारित संख्या में मुद्रित कर कार्यादेश निर्गत होने से 10 दिन के अन्दर आपूर्ति करनी होगी।

अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति प्राचार्य

# अंशुमान की मां बोलीं, बंद हो अग्निवीर योजना

## संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे राहुल गांधी ने तमाम लोगों से की मुलाकात

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को रायबरेली पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले बछरावां गांव में स्थित चुरवा हनुमान मंदिर पहुंचकर बजरंगबली की पूजा-अर्चना की। इसके बाद राहुल गांधी भुए मऊ स्थित आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जिले के संगठनों के प्रतिनिधि मंडलों से जिले के विकास को लेकर चर्चा की।

सियाचीन में शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के माता पिता भी गेस्ट हाउस पहुंच कर राहुल गांधी से मुलाकात की। राहुल से मुलाकात के बाद अंशुमान की मां मंजू सिंह ने कहा कि मुलाकात सकारात्मक रही। राहुल गांधी ने फौजियों के बारे में बहुत सारी जानकारी ली और बातें की। अंशुमान सिंह घर के बड़े बेटे थे। भावुक मंजू सिंह ने कहा कि अग्निवीर योजना बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी से उन्हें उम्मीद है कि वह इस योजना को लेकर कुछ करेंगे। आगे कहा कि चार साल में एक सैनिक अपने परिवार के लिए क्या कर सकता है। उन्होंने कहा कि सैनिक परिवारों को पहले की तरह सारी सुविधाएं मिलनी चाहिए। दरअसल भारतीय सेना में चल रही अग्निवीर योजना को बंद कराने की मांग पहले से ही राहुल गांधी करते आ रहे हैं। वे अक्सर अपनी सभा के दौरान भी अग्निवीर योजना के नुकसान गिनाते हुए इस योजना को पूरी तरह से बंद कराने की मांग करते हैं। अंशुमान सिंह के पिता रवि प्रताप सिंह रिटायर्ड सूबेदार हैं जबकि मां मंजू सिंह ग्रहणी है। बता दें कि शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह को मरणोपरांत कीर्ति सम्मान चक्र से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कैप्टन की पत्नी स्मृति और उनकी मां मंजू को कीर्ति चक्र प्रदान कर सम्मानित किया था। कैप्टन अंशुमान 19 जुलाई 2023 को 17 हजार फीट की ऊंचे सियाचिन के ग्लेशियर में अपने साथियों की जान बचाते हुए शहीद हो गए थे। सांसद राहुल गांधी गेस्ट हाउस में मुलाकात के बाद सीधे शहीद स्मारक पहुंचे और शहीदों को नमन किया।



मंदिर में पूजा करने पहुंचे राहुल गांधी।



शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की मां मंजू, पिता महेंद्र प्रताप सिंह व बच्ची के साथ लूडो खेलते राहुल गांधी।



शहीद स्मारक परिसर पर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित करते राहुल गांधी।

**सांसद राहुल गांधी ने आराध्या के साथ खेला लूडो गेम:** एम्स में निरीक्षण के दौरान चौथी मंजिल न्यूरो सर्जरी वार्ड पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भर्ती मरीज आराध्या जायसवाल का हालचाल लिया। इस दौरान आराध्या जायसवाल अपने बेड पर बैठकर मोबाइल पर अकेले लूडो गेम खेल रही थी। तभी उसके बेड के पास पहुंचे सांसद राहुल गांधी ने उससे कहा कि मुझे भी खिलाओ। उसके कहने पर सांसद राहुल गांधी कुछ पल के लिए बच्चा बन गए और उसके साथ लूडो खेल कर गेम में उसका साथ निभाया। एम्स में भर्ती आराध्या रीढ़ की हड्डी में सूजन व नशों के खिंचाव होने से परेशान है। वार्ड में आराध्या की देखभाल कर रही उनकी मां गायत्री जायसवाल ने बताया कि उनकी बेटी आराध्या जायसवाल का 10 जुलाई 2024 को डॉक्टर के अनुसार आपरेशन होना है।

### राहुल ने रायबरेली के कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली

■ **रायबरेली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली से सांसद राहुल गांधी बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर पार्टी संगठन व प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। भुए मऊ स्थित आवास पर अधिवक्ताओं, व्यापारियों, रोटरी क्लब के सदस्यों, चिकित्सकों, किसानों के साथ जिले के प्रमुख लोगों से विकास को लेकर चर्चा की। इससे पहले उन्होंने लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित बछरांवा के चुरुवा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। राहुल गांधी ने भुएमऊ आवास पर पार्टी के पदाधिकारियों व विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जिले के विकास कार्य को लेकर चर्चा की। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिले के विकास में आड़े आ रही समस्याओं को राहुल गांधी संसद में उठाएंगे। उधर राहुल गांधी के दौरे को लेकर रायबरेली में विभिन्न जगहों पर राहुल गांधी जवाब दो के विवादित पोस्टर लगाए गए हैं। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइन चौराहा सहित अन्य चौराहा के पास जिस रास्ते से राहुल गांधी अपने सांसद आवास भुएमऊ गेस्ट हाउस पहुंचेंगे उन रास्तों पर यह विवादित पोस्टर लगाए गए हैं, पोस्टर में लिखा है राहुल गांधी जवाब दो आपको अपना अमूल्य मत देने वाला रायबरेली का हिंदू मतदाता क्या हिंसक है। आप किस धर्म के हो स्पष्ट करो।

### राहुल गांधी ने शहीदों को किया नमन

■ **रायबरेली।** सांसद राहुल गांधी गेस्ट हाउस में मुलाकत के बाद सीधे मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक पहुंचे और शहीदों को नमन किया। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ भी लगाया। इसके बाद उनका काफिला सीधे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पहुंचा जहां पर उन्होंने अस्पताल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं को परखा। राहुल गांधी एम्स से सीधे लखनउ निकल गए। इस अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद राहुल गांधी ने एम्स में स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का रायबरेली के सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने औचक निरीक्षण किया। लगभग ढाई बजे सांसद राहुल गांधी का काफिला एम्स पहुंचा। काफिला के पहुंचते ही निदेशक प्रोफेसर डा अरविंद राजवंशी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सांसद ने एम्स में पहुंच कर ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर, चौथे फ्लोर पर भर्ती मरीजो का हाल जाना। साथ ही साथ हास्पिटल में मिल रही मरीजों से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

# ऑनलाइन के चलते दिव्यांगों को भी ड्राइविंग लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ऑनलाइन सवालों के खुद जवाब देने के साथ ड्राइविंग टेस्ट भी देते हैं दलाल

**अमृत विचार :** ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया से दलालों को दूर रखने के लिए जिस ऑनलाइन फेसलेस सिस्टम को परिवहन विभाग में लांच किया गया था, उसमें भी उन्होंने सेंध लगा दी। खुलासा तब हुआ जब कई दिव्यांग लर्निंग लाइसेंस जारी होने के बाद परिवहन विभाग में उसका सत्यापन कराने पहुंचे। इनमें एक ऐसा भी था जिसके हाथ में उंगलियां तक नहीं थीं। अफसरों ने फिलहाल दिव्यांगों के लर्निंग लाइसेंस तो रद कर दिए हैं।

नकटिया में आरटीओ कार्यालय के बाहर बैठने वाले दलाल एक से डेढ़ हजार रुपये लेकर किसी को भी हाथ के हाथ लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाकर दे देते हैं। यही हाल प्रदेश भर का है। जब ये प्रक्रिया ऑफलाइन थी, तब भी दलालों के चंगुल में थी, अब ऑनलाइन प्रक्रिया में भी दलालों की घुसपैठ का रास्ता छोड़ दिया गया है। परिवहन विभाग के कार्यालय में एक महीने में ही चार दिव्यांगों को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने के मामले पकड़े जा चुके हैं।

कुछ समय पहले ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया से दलालों को दूर रखने के लिए सरकार ने फेसलेस स्कीम शुरू की थी।

### दिव्यांगों को लाइसेंस सिर्फ दिव्यांग वाहन के लिए

परिवहन विभाग के आरआई टेक्निकल एमपी सिंह के मुताबिक दिव्यांगों का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए अलग नियम हैं। जैसे कोई पैर से दिव्यांग है तो उसके दोपहिया वाहन तीसरा पहिया होना जरूरी है। अगर किसी के हाथ में उंगली नहीं है तो उसे बिना क्लच की गाड़ी का ही लाइसेंस दिया जाता है। फेसलेस स्कीम के तहत परिवहन विभाग के कार्यालय में सत्यापन के दौरान अब तक चार दिव्यांगों को गलत वाहनों के लिए लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस दिए जाने के मामले पकड़े गए हैं।

> लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस को फेसलेस कर दिया गया है। इसके तहत आवेदक खुद टेस्ट देकर लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकते है लेकिन इस सिस्टम में भी दिव्यांगों के लर्निंग लाइसेंस बनाने के मामले सामने आए हैं। इन्हें सत्यापन के दौरान पकड़ने के बाद लाइसेंस निरस्त किए गए हैं।
>
> – एमपी सिंह, आरआई

# बाढ़ प्रभावितों के नुकसान का तत्काल करें आकलन

संवाददाता,खटीमा

- मुख्यमंत्री धामी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया भ्रमण
- बाढ़ प्रभावितों से मिले और सुनीं सभी की समस्याएं

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए बाढ़ प्रभावित लोगों से मिले और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने प्रभावित लोगों से वार्ता कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने जिलाधिकारी उदयराज सिंह सहित अन्य अधिकारियों को जनता के सभी प्रकार के हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



पुष्कर सिंह धामी।

मुख्यमंत्री धामी ने मंगलवार को हेलीकॉप्टर से बनबसा टनकपुर क्षेत्र के भारी वर्षा और जलभराव का जायजा लिया। बनबसा से चकरपुर स्थित बनखंडी महादेव मंदिर पर पहुंचकर जलभराव से प्रभावित धर्मशाला में ठहरे ग्रामीणों से मिले और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री धामी ने खटीमा दौरे पर एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम का हौसला बढ़ाते हुए दैवीय आपदा के समय किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने पालिका वार्ड संख्या सात अमाऊं की बाढ़ पीड़ित कॉलोनी और राजीव नगर, बंगाली कॉलोनी, आवास विकास में जलभराव और लोगों की समस्याओं का जायजा लिया। सीएम धामी ने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता में कोई दिक्कत नहीं आने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी बाढ़ प्रभावित लोग हैं उन्हें विद्युत, शुद्ध पेयजल की उपलब्ध कराने, जलभराव वाले क्षेत्र से पानी के निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक बाढ़ पीड़ित परिवार की सहायता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, सांसद अजय भट्ट, प्रभारी गणेश जोशी, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, सीएमओ मनोज शर्मा, उपजिलाधिकारी रविन्द्र बिष्ट, निदेशक मंडी बीएस चलाल, मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुक्ला, अधिशासी अभियंता एएस नेगी, परियोजना निदेशक अजय सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, रमेश चंद्र जोशी, रंजीत सिंह नामधारी, किशन सिंह किन्ना आदि मौजूद रहे।

### राहत कैंपों में प्रभावितों को उपलब्ध कराया जा रहा भोजन

■ **खटीमा।** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मुख्यमंत्री धामी को बताया कि राहत कैंप लगाए गए हैं और प्रभावितों को पका हुआ भोजन व पानी आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कच्चा फूड पैकेट भी वितरित किए जा रहे हैं। बाढ़ प्रभावितों को अहेतुक सहायता राशि वितरित की जा रही है और मुआवजा राशि भी शीघ्र वितरित की जाएगी।

### मंडलायुक्त ने सहायता राशि उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

■ मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंडलायुक्त दीपक रावत ने तत्काल अधिकारियों की बैठक लेते हुए अधिकारियों को आपदा पीड़ितों को सहायता राशि उपलब्ध कराने और परिसंपत्तियों का आंकलन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## मधुमक्खियों ने 65 को काटा, तीन भर्ती

**हल्द्वानी:** काठगोदाम क्षेत्र के कॉलटैक्स में मधुमक्खियों ने अचानक लोगों पर हमला कर दिया। करीब 65 लोगों को मधुमक्खियों ने काट लिया। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


लोगों के अनुसार मंगलवार की दोपहर किसी अराजक तत्व ने छत्ते पर पत्थर मार दिया। इससे पहले लोग कुछ समझ पाते मधुमक्खियों का झुंड उनपर टूट पड़ा। नैनीताल और कॉलेटैक्स रोड पर हड़कंप मच गया। मधुमक्खी से बचने के लिए लोग इधर-उधर भागते नजर आये। कई लोग आसपास की दुकानों में घुस गये। मधुमक्खियों से बचने के लिए लोगों ने दुकानों के शटर तक गिरा दिए। मधुमक्खियां लोगों के घरों में भी घुस गईं। लगभग एक घंटे से अधिक समय तक मधुमक्खियां लोगों को काटती रहीं। इसके बाद हमला बंद हुआ।

# ड्यूटी के समय बंदर के साथ बनाई रील, छह नर्स निलंबित

संवाददाता, बहराइच

- बहराइच के जिला अस्पताल में तैनात स्टाफ नर्सों पर प्राचार्य ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** महिला अस्पताल में तैनात स्टाफ नर्सों ने ड्यूटी के दौरान बंदर के साथ रील बनाकर इसे वायरल कर दिया। यह वीडियो प्राचार्य के पास पहुंची। प्राचार्य ने सभी स्टाफ नर्सों को निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महिला जिला अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में स्टाफ नर्स अंजली, आंचल शुक्ला, किरन सिंह, प्रिया, पूनम पांडे और संध्या सिंह के तैनाती है। इन सभी ने 5 जुलाई को ड्यूटी के दौरान महिला अस्पताल में बंदर को कपड़े पहना कर रील बनाया। इसके बाद रील को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। रील की वीडियो प्राचार्य डॉ संजय खत्री के पास पहुंची। जिस पर उन्होंने सभी स्टाफ नर्सों को निलंबित कर दिया है। प्राचार्य का कहना है कि इससे मेडिकल कॉलेज की छवि खराब हुई है। प्राचार्य ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी को निलंबित कर दिया है। साथ ही सभी के विरुद्ध विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं।



अस्पताल में बंदर के साथ रील बनातीं नर्स।

### ट्रेन के अंदर सांप का तमाशा दिखाने की शिकायत

**बरेली :** जलियांवाला बाग एक्सप्रेस में एक व्यक्ति सांप का तमाशा दिखाने लगा, जिससे यात्री परेशान हो गए और रेलवे के अधिकारियों से शिकायत की। टाटानगर से अमृतसर को जाने वाली 18103 जलियांवाला बाग एक्सप्रेस में पुरुलिया जंक्शन से अमृतसर तक की यात्रा कर रहे सहाबुल ने एक्स पर अधिकारियों से शिकायत की कि ट्रेन के एस-4 कोच में एक शख्स सांप का तमाशा कर रहा है। क्या यह सही है कि ट्रेन में एक जहरीले सांप के साथ सफर किया जाए। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए यात्रियों की सुरक्षा का सवाल खड़ा किया। मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद की ओर से जवाब दिया गया कि ट्रेन में मौजूद स्टाफ को भेजा गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# निहारिका वेंचर्स के एमडी की तलाश में पड़े छापे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 400 करोड़ रुपये निवेश कराकर फरार हैं दंपति

**अमृत विचार:** 400 करोड़ के घोटेले के आरोपी निहारिका वेंचर्स कंपनी के एमडी अभिषेक द्विवेदी एवं उनकी पत्नी की तलाश में प्रयागराज पुलिस ने लखनऊ एवं नोएडा में एक साथ छापा मारा। इसके अलावा पुलिस ने लखनऊ, दिल्ली, नोएडा, कौशांबी, प्रतापगढ़ जिलों के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भी अभिषेक द्विवेदी को लेकर सूचनाएं भेजी हैं। उधर, एमडी अभिषेक और निहारिका की नामी-बेनामी संपत्ति की सूची तैयार कर अब उसे कुर्क करने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। इस मामले में अब तक पुलिस अभिषेक द्विवेदी के पिता और उसकी सास को जेल भेज चुकी है। पति-पत्नी फरार हैं। रिश्तेदारों से पूछताछ और लोकेशन के आधार पर इससे पहले प्रतापगढ़, बनारस, लखनऊ में छापेमारी हुई थी। अब लखनऊ और नोएडा में एक बार फिर छापेमारी हुई है। अपनी संपत्ति चोरी-छिपे बेच न दे, पुलिस अलर्ट एमडी अभिषेक द्विवेदी और उसकी पत्नी निहारिका पर पुलिस का शिकंजा कस रहा है।

## दुकान के बाहर खुले में न हो मदिरा सेवन

**लखनऊ।** आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा कि मदिरा की दुकानों के बाहर खुले में किसी भी दशा में मदिरा का सेवन न करने दिया जाए। जिन मदिरा की दुकानों पर बैठकर पिलाने का लाइसेंस है, वहां निर्धारित स्थान पर ही सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

यह निर्देश उन्होंने मंगलवार को गन्ना संस्थान में आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बार और क्लबों में 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को मदिरा सर्व नहीं होनी चाहिए। निर्धारित समय के उपरान्त मदिरालय एवं बार नही खुलने चाहिए।

# ड्रीम इलेवन का झांसा देकर की ऑनलाइन ठगी

संवाददाता, रुद्रपुर

- टीम बनाने का दिया प्रलोभन उड़ाए 4.44 लाख

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में साइबर ठग ने एक युवक को ड्रीम इलेवन बनाने का प्रलोभन देकर लाखों की ठगी कर ली।

थाना ट्रांजिट कैंप के जनपथ रोड जेपी नगर निवासी जयपाल यादव ने बताया कि उसकी पत्नी सुमित्रा देवी के मोबाइल टेलीग्राम पर राम चौधरी नाम का एक लिंक आया। जिसे उसके बेटे उज्जवल ने खोल दिया और नंबर व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गया। आरोप था कि साइबर ठग ने बेटे को ड्रीम 11 में टीम बनाकर लाभ कमाने का लालच दिया और जब बेटा उसके झांसे में आ गया तो उसने 6 जून को सदस्यता के नाम पर 999 रुपये पेटीएम से भुगतान कर दिया।

उन्होंने बताया कि जब बेटे ने भुगतान किया। इसके बाद 6 से 13 जून तक दो खातों से 32 बार नगद ऑनलाइन भुगतान करने का मैसेज आया। बताया कि ठग ने खाते से 4.44 लाख रुपये की ठगी कर दी। जब मोबाइल पर कॉल की तो मोबाइल बंद आने लगा और ग्रुप भी डिलीट कर दिया।

# 20 अधीक्षण अभियंताओं का स्थानांतरण

**लोक निर्माण विभाग**

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- आठ अभियंताओं को प्रोन्नति के बाद मिली नई तैनाती
- भगवान दास को लखनऊ मुख्यालय के पद पर मिली तैनाती

**अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग में मंगलवार को 20 अधीक्षण अभियंताओं को स्थानांतरित किया गया। इनमें आठ ऐसे जिन्हें प्रोन्नति के बाद नई तैनाती दी गई है। नव प्रोन्नत कैलाश कुमार सिंह को बदायूं पीलीभीत वृत्त, प्रभात कुमार चौधरी को 31वां वृत्त सेतु लोनिवि मुख्यालय और आईजीएस वृत्त लखनऊ मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार, सनत कुमार ऋषि को कन्नौज फर्रुखाबाद वृत्त, मनीष वर्मा को बुलंदशहर वृत्त, प्रवीण कुमार को वाराणसी वृत्त, ओंकार भारतीय को राष्ट्रीय मार्ग वृत्त प्रयागराज, प्रकाश चंद्र को बरेली वृत्त तथा नव प्रोन्नत मृगेंद्र कुमार अनिल को पीएमजीएसवाई वृत्त आगरा में अधीक्षण अभियंता के पद पर तैनाती दी गई है।

इसी प्रकार कार्यालय प्रमुख अभियंता लखनऊ से संबद्ध अधीक्षण अभियंता शैलेंद्र कुमार यादव को प्रमुख अभियंता का स्टाफ आफिसर,राम स्वरूप को बलिया वृत्त, संजय कुमार गुप्ता को बुलंदशहर वृत्त से सहारनपुर वृत्त, देवेंद्र कुमार सिंह क बलिया वृत्त से मिर्जापुर वृत्त, सुनील कुमार को पीएमजीएसवाई वृत्त आगरा से हमीरपुर वृत्त, गगन को वाराणसी वृत्त से अलीगढ़ वृत्त, राजेश कुमार को बस्ती वृत्त से प्रतिनियुक्ति पर तकनीकी सेल नियोजन विभाग, चंद्रपाल सिंह को सहारनपुर वृत्त से सुल्तानपुर-अमेठी वृच, एनके वर्मा को सीतापुर खीरी वृत्त से उन्नाव वृत्त, सुभाष चंद्र को उन्नाव वृत्त से सीतापुर खीरी वृत्त, लालजी को विश्व बैंक (नियोजन) लखनऊ मुख्यालय से गोंडा वृत्त तथा भगवान दास को गोंडा वृत्त से स्थानांतरित करते हुए अधीक्षण अभियंता विश्व बैंक (नियोजन) लखनऊ मुख्यालय के पद पर तैनाती दी गई है।

**फैसला** 13 अखाड़ों ने लिया फैसला, इस बार महाकुंभ में ढोंग करने वाले बाबाओं को नहीं मिलेगा प्रवेश

# महाकुंभ में ढोंगी बाबाओं का होगा बहिष्कार

संवाददाता, प्रयागराज

- अखाड़ा परिषद ने किया ऐलान परिषद व मेला प्रशासन की 18 जुलाई को होगी अहम बैठक

**अमृत विचार:** हाथरस कांड के बाद अखाड़ा परिषद ने ढोंगी बाबाओं के खिलाफ मुहिम छेड़ दी है। परिषद ने नारायण सरकार उर्फ भोले बाबा को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। अखाड़ा परिषद की ओर से यह निर्णय किया गया है कि इस बार महाकुंभ में ढोंग करने वाले बाबाओं को मेले में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। इसके लिए अखाड़ा परिषद ने सूची तैयार करना शुरू कर दी है। मुद्दे को लेकर 13 अखाड़ों ने बैठक भी की है।

अखाड़ा परिषद के लोगों का कहना हैकि हाथरस में हुई भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत के बाद अखाड़ा परिषद ने बड़ा फैसला लिया है। ढोंगी बाबाओ ने धर्म और आस्था के नाम पर खिलवाड़ और खुद को ईश्वर समझने वालो को अब सबक सिखाने का वक्त आ गया है। भोले बाबा को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने महात्माओं की सूची में अस्वीकार करने का निर्णय ले लिया है। हाथरस में पांव पखारने को लेकर हुई भगदड़ के बाद नारायण सरकार उर्फ भोले बाबा सुर्ख़ियों में आ गए हैं। खास बात यह है कि नारायण बाबा की तरह ही ढोंग रचकर लोगों को अपने माया जाल मे फंसाने वाले 20 ढोंगी बाबाओं को सूची से बाहर करने पर आपसी सहमति बनाई है।



महंत व अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने बताया कि ढोंगी बाबाओं ने खुद को भगवान बताकर आम जन मानस को मूर्ख बनाने के साथ ठगने का काम किया है। हाथरस के नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के अलावा सेक्स सीडी कांड मामले में फंसने वाले बाबा स्वामी नित्यानंद और बाबा राम रहीम सहित 20 से अधिक बाबाओ का नाम सूची में शामिल किया गया हैं। कुंभ मेला से पहले अखाड़ा परिषद और कुंभ मेला प्रशासन की एक अहम बैठक 18 जुलाई को होनी तय हुई है। जिसमें अखाड़ा परिषद की ओर से यह प्रस्ताव रखा जाएगा कि मेले में फर्जी और ढोंगी बाबाओं को स्थान व किसी प्रकार कि सुविधा न दिया जाए। जबकि मेला प्रशासन कुंभ मेला शुरु होने के पहले मेला प्रशासन धार्मिक संस्थाओं महामंडलेश्वर और शंकराचार्य कास्ट सर्वे करने में जुटा हुआ है।

> ढोंग करने वाले बाबा भोली भाली जनता को अपने मायावी जाल में फंसा लेते हैं और धन उगाही और अनैतिक कार्य करते हैं। ऐसे पाखंडी बाबाओं की सूची अखाडा परिषद ने तैयार कर ली है। इस बार विशाल महाकुंभ में इन्हें प्रवेश नही दिया जाएगा।
>
> महंत रवींद्र पुरी, अध्यक्ष, अखाड़ा परिषद

# राणा के दूसरे भाई ने भी किया समर्पण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी रद होने के अगले ही दिन नाटकीय ढंग से हो गया हाजिर

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए दिनदहाड़े दो घंटे तक गोलीबारी कराकर शहर को दहला देने के आरोपी राजीव राणा के भाई गौरीशंकर ने भी मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने यहां से उसे थाना इज्जतनगर ले जाकर पूछताछ की और फिर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। इससे पहले मुख्य आरोपी राजीव राणा और उसका भाई संजय राणा भी नाटकीय ढंग से पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

पीलीभीत बाईपास पर करीब 15 करोड़ कीमत के प्लॉट पर टाइल्स कारोबारी आदित्य उपाध्याय काबिज था। इसी प्लॉट पर कब्जे के लिए राजीव राणा के पक्ष ने किराए के बदमाशों के साथ 22 जून की सुबह दो घंटे तक गोलीबारी की थी। आदित्य उपाध्याय पक्ष ने भी जवाबी फायरिंग की। इसके बाद राजीव राणा के सिटी स्टार होटल, घर, ऑफिस और आदित्य उपाध्याय के सांवरिया लॉन नाम के बरातघर पर बुलडोजर चलवा दिया था। इस मामले में अब तक 32 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। गौरीशंकर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। मुख्य आरोपी राजीव राणा के साथ उसके दोनों भाइयों समेत इस गोलीबारी में प्रमुख भूमिका निभाने के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अफसरों ने एसओजी समेत पांच पुलिस टीमें लगा रखी थीं लेकिन इसके बावजूद तीनों भाई एक-एक पुलिस के ही सामने आत्मसमर्पण करने में कामयाब हो गए। दोपहर एक बजे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे गौरीशंकर ने आत्मसमर्पण करने के बाद पुलिस को बताया कि उसने गोलीकांड के बाद प्रयागराज और लखनऊ में शरण ली थी। हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका भी दायर की लेकिन सोमवार को हाईकोर्ट ने उसकी अर्जी निरस्त कर दी। इसके बाद मंगलवार को ही उसने आत्मसमर्पण कर दिया।

> गोलीकांड में फरार 25 हजार के इनामी गौरीशंकर को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, फिर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अब तक 32 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। फरार 23 आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।
>
> – अनीता चौहान, क्षेत्राधिकारी तृतीय

## बिजली पैनल से लगी थी आग

**लखनऊ।** हुसैनगंज के बलिंग्टन चौराहे के पास स्थित होटल राज में सोमवार देर रात आग लग गई। हादसे के समय होटल में 40 लोग फंस गए थे। अग्निशमन विभाग की टीम ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। जांच में सामने आया कि बेसमेंट में लगे बिजली पैनल में शार्ट सर्किट से आग लगी थी। सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि स्मोक सेंसर काम नहीं कर रहा था। अगर यह काम करता तो सभी अतिथि समय से बाहर निकल जाते। होटल मालिक से दस्तावेज मांगे गए हैं। सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि टीम के साथ मंगलवार को होटल का निरीक्षण किया गया। बेसमेंट में आग लगने से जो धुआं निकला वह सीधे सीढ़ियों के जरिए कमरों में भर गया। होटल में आग से बचाव के लिए कुछ उपकरण लगे हुएं हैं, लेकिन सिर्फ देखने भर को।

## एक नजर

### प्रो. रामगोपाल ने ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर लिखा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति मामले को लेकर चल रहे विरोध के बीच सपा सांसद प्रो. रामगोपाल यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस आदेश को वापस लिए जाने की मांग की है। सपा सांसद ने अपने आधिकारिक एक्स पर लिखा कि अध्यापकों की साल में 30 ईएल और हाफ सीएल देने की मांगी नहीं जा रही है। सपा सांसद ने कहा कि अध्यापकों की स्थिति इतनी दयनीय है कि अपनी शादी के लिए भी टीचर को मेडिकल लीव लेनी पड़ती है। अध्यापकों की कमी के कारण किसी-किसी विद्यालय में एक ही टीचर को क्लास एक से लेकर पांचवीं तक सारे दिन पढ़ाना पड़ता है। वहीं, एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने भी मुख्यमंत्री को भेजे पत्र के जरिये कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति अनुपयोगी है।

### मुख्य आरक्षी के परिजन को दी 75 लाख की चेक

**अमृत विचार, लखनऊ :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने मंगलवार को सड़क दुर्घटना में मृत मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस मो. इमामुल हक के आश्रित परिजन को स्टेट बैंक आफ इंडिया पुलिस सैलरी पैकेज (पीएसपी) के दावे की धनराशि के रूप में 75 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। डीजीपी ने बताया कि मुख्य आरक्षी मो. इमामुल हक पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से विशेष सुरक्षा ड्यूटी के लिए पुलिस मुख्यालय में कार्यरत थे। वह गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद के रहने वाले थे। सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

### नीति आयोग का संपूर्णता अभियान शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीति आयोग तीन महीने का संपूर्णता अभियान शुरू हो गया है, जो कि 30 सितंबर चलेगा। अभियान में देशभर के छह प्रमुख संकेतकों पर आधारित परिपूर्णता हासिल करने के लिए आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में प्रयास किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर के 112 जिलों और 500 प्रखंडों में 06 चिन्हित संकेतकों के आधार पर परिपूर्णता प्राप्त करने का लक्ष्य है।

# ई-डिस्ट्रिक्ट पर होगा 3.10 करोड़ ग्रामीण परिवार का ब्योरा

## परिवार रजिस्टर डिजिटलाइजेशन का पायलट प्रोजेक्ट पूरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 3.10 करोड़ ग्रामीण परिवारों का ब्योरा यानी परिवार रजिस्टर राज्य सरकार की ई-डिस्ट्रिक्ट साइट पर होगा। पंचायती राज विभाग ने बांदा, गाजीपुर, बहराइच, इटावा व मेरठ में डिजिटलाइजेशन का पायलट प्रोजेक्ट पूरा करने के बाद फेज-1 के 35 जिलों में प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पहले चरण में 1.45 करोड़ परिवार का विवरण रजिस्टर

**▸▸ पहले चरण में ऑनलाइन के लिए संशोधित किए जाने लगे 35 गांवों के रजिस्टर**

की बजाय खसरा, खतौनी, आय, जाति, निवासी की तरह ई-डिस्ट्रिक्ट साइट से डाउनलोड करके निकाला जा सकेगा। इसके लिए विभाग ने पोर्टल तैयार करके परीक्षण शुरू कर दिया है। अगस्त से साइट पर एप्लीकेशन यानी प्रक्रिया के विकल्प जोड़कर एक माह के अंदर 35 जिलों के हर ग्रामीण परिवार का ब्योरा स्कैन करके ऑनलाइन किया जाएगा।

### पहले चरण के इन 35 जिलों में शुरू हुई प्रक्रिया

लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, बुलंशहर, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, झांसी, जालौन, ललितपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सहारनपुर व शामली।

इस कार्य के लिए चार संस्था नामित की गई हैं।

### निदेशक, डीपीआरओ करेंगे मॉनीटरिंग

परिवार रजिस्टर की चार लॉगिन आइडी बनेगी। इसमें एडीओ पंचायत व सचिव आवेदन के आधार पर परिवार के नाम घटाने, बढ़ाने समेत अन्य काम करेंगे। इनके डिजिटल सिग्नेचर से ऑनलाइन नकल जारी जारी होगी। जबकि इस कार्य की निदेशक पंचायती राज और डीपीआरओ अपनी लॉगिन से मॉनीटरिंग करेंगे।

### संशोधित होने लगे परिवार रजिस्टर

पोर्टल का परीक्षण पूरा होने से पहले फेज-1 की सभी ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टर संशोधित होने लगे हैं। इस प्रक्रिया में एडीओ पंचायत या सचिवों को जिन परिवार के नाम छूटे हैं या काटने हैं या फिर बढ़ाने हैं यह सब कार्य करके रजिस्टर ऑनलाइन करने के लिए मांगे गए हैं।

> एक वर्ष में सभी गांव के परिवार रजिस्टर डिजिटल करने हैं। ऑनलाइन प्रक्रिया से परिवार छूट न जाए इसके लिए रजिस्टर ठीक करा रहे हैं। जो सीधे पोर्टल पर स्कैन करके अपलोड करेंगे। पहला चरण दो माह में पूरा हो जाएगा।
>
> **-अटल कुमार राय,** निदेशक पंचायती राज विभाग।



मंगलवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी ने त्रिवेन्द्र सिंह रावत, सांसद, हरिद्वार (पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड) से मुलाकात की। अमृत विचार

# 12 राज्यों के 500 मेहमान करेंगे प्राकृतिक खेती पर विमर्श

## दलहन व तिलहन की खेती पर राज्य सरकार का जोर: कृषि मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** केन्द्र सरकार की पहल पर उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक खेती व कृषि विज्ञान पर 19 जुलाई को सेंट्रम होटल में क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम होगा। इसमें 12 राज्यों (उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, झारखंड, उत्तराखंड, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, बिहार, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख व चंडीगढ़) के लगभग 500 प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत होंगे।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लोकभवन में मंगलवार को यह जानकारी मीडिया से साझा की इस दौरान उनके साथ राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख भी रहे। प्रेसवार्ता में कृषि मंत्री ने बताया कि उप्र. की मेजबानी में होने वाले इस कार्यक्रम में केंद्र, राज्य सरकारों व केंद्रशासित प्रदेशों के अधिकारी, 15 कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति व डीन, 180 कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों के साथ ही प्राकृतिक खेती करने वाले अग्रणी किसानों की भी सहभागिता रहेगी।

कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन 20 जुलाई को अयोध्या में भी आचार्य नरेंद्र देव कुमारगंज, विश्वविद्यालय में होगा। इसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के 25 कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, प्राकृतिक खेती के नोडल अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति, डीन और लगभग 250 किसान रहेंगे।

**▸▸ लखनऊ में प्राकृतिक खेती व कृषि विज्ञान पर परामर्श कार्यक्रम 19 को**



जानकारी देते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

**▸▸ राज्य स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला 20 को अयोध्या में बांदा में भी होगा आयोजन**

### दलहन का उत्पादन बढ़ा

कृषि मंत्री ने बताया कि बीते सालों की तुलना में दलहन का उत्पादन लगभग साढ़े आठ लाख मीट्रिक टन बढ़ा है। देश के भीतर अभी भी 1 लाख 30 हजार करोड़ रुपये का तिलहन और 25-30 हजार करोड़ दलहन का आयात होता है। राज्य सरकार उप्र. को दलहन-तिलहन में आत्मनिर्भर बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

## महाकुंभ के पहले पौराणिक मंदिरों समेत सज संवर जाएगा प्रयागराज

**अमृत विचार, लखनऊः** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि महाकुंभ-2025 के पहले प्रयागराज में मंदिरों का विकास, सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाएं व इंफ्रास्ट्रक्चर की परियोजनाएं पूर्ण कर ली जाए, इसके लिए तेजी से पूरा किया जा रहा है।

महाकुंभ में डुबकी लगाने आने वाले पर्यटक स्थानीय मंदिरों में भी पूजा-अर्चना करने जाते हैं। इसलिए पर्यटन स्थलों के विस्तारीकरण, सौंदर्यीकरण समेत अन्य विकास कार्यों को युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है, इसके लिए धनराशि भी स्वीकृत की है।

पर्यटन मंत्री ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि दुनिया का सबसे बड़ा मेला है महाकुंभ, इसलिए पर्यटन विभाग प्रयागराज के पर्यटन स्थलों व धार्मिक स्थलों की ब्राडिंग एवं मार्केटिंग भी करेगा। उन्होंने बताया कि संगम नगरी के अलग-अलग क्षेत्र के मंदिरों को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किया जा रहा है।

# आम के पेड़ों की छंटाई को अब नहीं लेनी होगी अनुमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अब आम उत्पादकों को अपने पुराने वृक्षों के जीर्णोद्धार के लिए इसकी ऊंचाई कम करने और उत्पादकता बनाये रखने की नजर से काट-छांट के लिए सरकारी अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। इस फैसले से आम के पुराने बागों का कैनोपी प्रबंधन आसान हो गया है। इसका नतीजा आने वाले कुछ वर्षों में दिखेगा।

कैनोपी प्रबंधन के कारण आम के पुराने बाग नए सरीखे हो जाएंगे। फसल अच्छी होने से उत्पादन तो बढ़ेगा ही, फलों की गुणवत्ता भी सुधरेगी। इससे निर्यात की नई संभावनाओं के द्वार भी खुलेंगे। दरअसल, आम उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण फलों में से एक है।

उप्र. में 2.6 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की खेती से 45 लाख टन आम पैदा होता है। राज्य में चालीस वर्ष से अधिक उम्र के बगीचे लगभग 40 फीसद (लगभग 1 लाख हेक्टयर) हैं।

**पुराने बागों का प्रबंधन आवश्यक :** तीस साल या इससे ऊपर के ऐसे तमाम बाग कैनोपी प्रबंधन न किए जाने से अनुपयोगी या अलाभकारी हो गए हैं। वैज्ञानिक तरीके से कैनोपी प्रबंधन और उसके बाद के रखरखाव से राज्य के करीब 50,000 हेक्टर के बगीचों पर असर पडेगा। इससे आम का उत्पादन लगभग 2.5 लाख टन तक बढ़ जाएगा।

**▸▸ फैसले से आम के पुराने बागों का कैनोपी प्रबंधन हो गया आसान**

> पौधरोपण के समय से ही छोटे पौधों का और 15 साल से ऊपर के बागानों का अगर वैज्ञानिक तरीके से कैनोपी प्रबंधन कर दिया जाय तो इससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों सुधरेगी। निर्यात की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।
>
> **-डॉ. सुशील कुमार शुक्ल,** वरिष्ठ वैज्ञानिक, केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान

## हाईस्कूल व इंटर की मेरिट से ही होगा जीएनएम में दाखिला

**अमृत विचार, लखनऊः** नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में चल रहे नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) में इस वर्ष दाखिला लेने के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होगी, पूर्व की भांति इंटर में प्राप्त अंकों के आधार पर एडमिशन मिलेगा। राज्य सरकार ने, केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया लागू करने का निर्णय वापस ले लिया है।

स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता ने उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव को आदेश जारी किया है। उन्होंने आदेश में स्पष्ट किया है कि केन्द्रीकृत प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया में, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय ने जीएनएम में प्रवेश के लिए परीक्षा की तिथि 28 जुलाई 2024 निर्धारित थी, जिसकी वजह से सत्र समय से, अर्थात एक अगस्त से नहीं चालू हो पा रहा था, सत्र देर से शुरू होने पर छात्रों की होने वाली दिक्कतों को मद्देनजर केन्द्रीकृत प्रवेश परीक्षा और काउंसिलिंग प्रक्रिया स्थगित करते हुए, दाखिले की प्रक्रिया पूर्व की भांति जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

# आयोजनकर्ताओं में सेना का एक जवान भी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाथरस घटना के आरोपियों में एक सेना के जवान का नाम भी सामने आया है। पता चला है कि जवान पंजाब में बीएसएफ में तैनात है और आयोजनकर्ताओं की लिस्ट में 40वें नंबर पर दर्ज है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं पुलिस के सामने सबसे बड़ा संकट यह है कि अधिकतर आरोपियों के फोन स्विच ऑफ हैं और तलाश के दौरान मिल भी नहीं रहे हैं। जिन 11 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनमें से दो को रिमांड पर लेने के लिए पुलिस ने न्यायालय में आवेदन कर दिया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक आयोजनकर्ताओं की सूची में जिस मोहित कुमार का नाम दर्ज है वह पेशे से बीएसएफ का जवान है और पंजाब में तैनात है। बताया जा रहा है कि उसका नाम आयोजनकर्ताओं की सूची में 40वें नंबर पर दर्ज है। यह भी पता चला कि उसने 15 हजार रुपए चंदे के रूप में भी दिए थे। वहीं यह भी जानकारी मिल रही है कि जिन 11 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है उसमें से 03 आरोपी ऐसे हैं जिनका नाम आयोजनकर्ता की सूची में नहीं है। आयोग ने कुल 125 लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। यह वही लोग हैं जिनका प्रतक्ष्य अथवा अप्रतक्ष्य रूप से आयोजन में नाम है। इसमें से कुछ लोग सत्संग के दौरान अंदर मौजूद थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इन 125 लोगों से आयोग की टीम पूछताछ करेगी और घटना के असली कारण का पता लगाएगी। इनमें से कुछ लोग ऐसे थे जो श्रद्धालुओं द्वारा चरणरज लेते समय भोले बाबा के साथ खड़े थे।

**▸▸ हाथरस कांड के अधिकतर आरोपियों के मोबाइल स्विच ऑफ, पुलिस कर रही जांच**

# 23 को ईडी के समक्ष पेश होगा एल्विश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूट्यूबर एल्विश यादव को प्रवर्तन निदेशालय (लखनऊ इकाई) ने 23 जुलाई को पेश होने को कहा है। एल्विश पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज किए गए सांप के जहर-रेव पार्टी मामले में संबंधित मनी लांड्रिंग के मामले में पूछताछ की जाएगी।

बतातें चले कि ससे पहले, ईडी ने इस साल मई में हुए सांप के जहर के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था, क्योंकि इस रैकेट में बड़ी मात्रा में धन शामिल था। यादव को इस साल की शुरुआत में 17 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। हालांकि, पांच दिन बाद स्थानीय अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। ईडी के अधिकारियों का कहना है कि, क्योंकि एल्विश अपने विदेशी दौरे का हवाला देते हुए 08 जुलाई को ईडी के समक्ष पेश होने में असमर्थता जताई थी। बतादें कि एल्विश यादव के करीबी सहयोगी और हरियाणा के गायक राहुल यादव, जो फाजिलपुरिया के नाम से मशहूर हैं, से सोमवार को ईडी लखनऊ कार्यालय में कई घंटों तक पूछताछ की गई।


## वर्ग पहेली-126

**बाएं से दाएं**

1. वह स्थान या बाज़ार जहां फलों का क्रय-विक्रय होता है।
3. 1. चलताऊ, मोटे तौर पर 2. जल्दी में, स्थूल रूप से 3. बिना गंभीरता के।
5. 1. नाके पर रहने वाला पहरेदार 2. नाके का अधिकारी।
7. 1. एक बलवान और हिंसक जानवर, शेर, केशरी, मृगेंद्र 2. बारह राशियों में से पांचवीं राशि 3. जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी का चिह्न 4. वास्तुकला में उक्त प्रकार की आकृति
8. अकस्मात, सहसा, अचानक, यकायक, एकदम।

**ऊपर से नीचे**

2. मंद-मंद चलने वाली हवा, बयार, सुखद प्रतीत होने वाली वायु; मंदसमीरण।
4. 1. पहाड़ की तराई में होने वाला एक वृक्ष 2. उक्त वृक्ष पर लगने वाला खट्टा-मीठा फल जिसका अचार भी बनाया जाता है।
6. एक प्रकार का मसाला जो प्रसूता को दिया जाता है।



### वर्ग पहेली-125 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जा | दू | ■ | 2 तु | ■ | ■ |
| गी | ■ | ■ | षा | ■ | ■ |
| र | ■ | 3 ऐ | रा | प | 4 ति |
| ■ | 5 प | ■ | पा | ■ | बा |
| 6 क | सा | फ़ | त | ■ | रा |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 ब | ना | व | टी | ■ | ■ |

# नल कनेक्शन पर आने वाला खर्च काफी कम

**अमृत विचार, लखनऊः** हर घर नल और नल से जल पहुंचाने में एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश देश में पहले पायदान पर है, वहीं नल कनेक्शन पहुंचाने में भी यहां आने वाला खर्च अन्य कई बड़ों राज्यों की अपेक्षा सबसे किफायती है। परिवार तक नल कनेक्शन पहुंचाने में लगभग 59 हजार रुपये लगे। जबकि अन्य राज्यों में कम कनेक्शन पर भी खर्च होने वाली राशि उप्र. के मुकाबले अधिक रही।

# सीएसआर फंड से हो रहा प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बड़ी-बड़ी निजी कंपनियां अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड से प्राइमरी विद्यालयों का कायाकल्प कर रहीं हैं। टाटा की एयर इंडिया (एआई)सैट्स द्वारा महाराजगंज में दो प्राइमरी विद्यालयों को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस कर दिया है। तैयार हो चुके स्कूल में किचन से लेकर क्लासरूम, स्मार्ट क्लास तक की सभी सुविधाएं किसी नामी निजी स्कूल की तर्ज पर बनाई गई हैं।

महाराजगंज के दो प्राइमरी स्कूलों के लिए एआई सैट्स ने जिला प्रशासन को 45 लाख रुपए मुहैया कराए हैं। इससे चौक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय सोनाड़ी खास व प्राथमिक विद्यालय चौक छावनी को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। कंप्यूटर, इंट्रैक्टिव पैनल, स्मार्ट क्लास, फर्नीचर आदि सुविधा मुहैया कराकर दोनों विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया गया है। जिन 19 पैरामीटर पर इन स्कूलों को सुधारा गया है, उसमें पेय जल, ब्लैक बोर्ड, फर्नीचर, शौचालय, नल से जल, रंगाई पुताई, साइंस लैब, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब शामिल है।

**शिक्षा में सुधार में हजारों करोड़ खर्च:** कई बड़ी सरकारी और गैर सरकारी संस्थाएं अपने सीएसआर फंड से शिक्षा विभाग के मिशन कायाकल्प में सहयोग कर रही हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार, राज्य में 75 संस्थाओं ने लगभग 18 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा धनराशि दिया है। किसी ने स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए, किसी ने स्मार्ट क्लास के लिए सहयोग किया है। वहीं, कंप्यूटर, साइंस लैब, फर्नीचर, झूले और आरओ भी लगवाए गए हैं।

**▸▸ 75 संस्थाओं ने दिया करीब 18 हजार करोड़ रुपए का सीएसआर फंड**

## सुडोकू-39

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 7 | | | | | 2 | |
| 2 | | 9 | | 5 | 3 | | | 8 |
| | 9 | | 1 | | | 2 | | 6 |
| | 2 | 1 | | | | 5 | 7 | |
| 3 | | 5 | | | 4 | | 8 | |
| 7 | | | 8 | 9 | | 1 | | 5 |
| | 1 | | | | | 3 | | |
| 4 | 5 | | | | | | 9 | |

### सुडोकू-38 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 9 | 1 | 5 | 7 | 3 | 2 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 5 | 9 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 1 | 7 | 2 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 07.51 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 10.15 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष:** आज आप अपने कुछ कामों को लेकर प्लानिंग करेंगे। व्यवसाय में आप किसी परिवर्तन को बनते दिख रहे हैं। तालमेल बनाने की आवश्यकता रहेगी। प्रेमीजन की मूल भावनाओं को समझने का प्रयास करें।

**वृष:** आज समाज में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संपर्क बनेंगे। आपको किसी विशेष व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा, जो बिजनेस में आपकी मदद करेगा। माता-पिता का व्यवहार स्नेहमय रहेगा।

**मिथुन:** आज अविवाहित लोगों को विवाह संबंधित शुभ समाचार मिलेगा। समाज में आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना होगी। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। बिजनेस में आप अपने कामों को लेकर किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क:** आज आपको किसी विशेष काम को करने का मौका मिलेगा और आप अपनी आय को बढ़ाने के स्रोतों पर पूरा ध्यान देंगे। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। दांपत्य जीवन में सुख सहयोग में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज परस्पर तालमेल में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा। पर्यटन स्थल अथवा तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। आपको किसी नए काम की शुरुआत करने में कुछ समस्याएं आएंगी।

**कन्या:** आज आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। किसी नए वाहन के खरीदारी करना अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा निर्णय सोच समझकर करें। आध्यात्मिक कार्यों में अभिरुचि बढ़ेगी। ईश्वर के प्रति आस्था में वृद्धि होगी।

**तुला:** आज किसी अतिथि के आने से परिवार में खुशियों का संचार होगा। सामाजिक कार्य में आपकी कार्यशैली सराहनीय रहेगी। नए सहयोगी बनेंगे। व्यवसाय में आप कोई नया निर्णय बहुत ही सोच विचार कर लें।

**वृश्चिक:** आज भाई-बहनों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में सहभागिता करने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन हो सकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को एक नई पहचान मिलेगी।

**धनु:** आज आपको अपनी पुरानी गलतियों से सबक लेना होगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा। किसी पुराने रिश्तेदार से यकायक भेंट हो सकती है, जिससे आपको बेहद खुशी होगी। प्रेस संबंध में प्रगाढ़ता आएगी।

**मकर:** आज किसी अनजान व्यक्ति से अचानक घनिष्ठता न बढ़ाएं। सोच समझकर संबंधों को आगे बढ़ाएं। मित्रों के साथ मनोरंजन का लुफ्त उठाएंगे। आपको किसी नए वाहन की खरीदारी करने अच्छा रहेगा। मन में प्रसन्नता बढ़ेगी।

**कुंभ:** आज कारोबार में कोई बड़ी डील हो सकती है। पारिवारिक दायित्व को निभाने की कोशिश करेंगे। संतान सुख में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से भेंट होगी। सामाजिक कार्यों में अरुचि रहेगी। आपको किसी अपरिचित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आप कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं। यदि आप पार्टनरशिप में कोई बिजनेस करेंगे तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। छात्रों को पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। शेयर मार्केट में निवेश सोच विचार कर करें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
कौन करे कुर्बानी — सुबह : 11.44
घातक — शाम : 05.23

**&pictures**
एंटरटेनमेंट — सुबह : 10.39
चुप — रात : 08.00

**Sony Pix**
जस्टिस लीग — दोपहर : 12.43
जर्नी 2 — रात : 09.00

**Zee Cinema**
अखंडा — सुबह : 11.30
ड्रीम गर्ल — रात : 08.30

**Colors Cineplex**
खूबसूरत — सुबह : 09.52
हम तुम्हारे हैं सनम — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दामाद अपने ससुराल में गुरुजी का प्रवचन सुनने गया।
गुरुजी बोले- जो स्वर्ग जाना चाहता है, वह अपना हाथ ऊपर करो।
उसकी सास और बीवी ने हाथ उठाया, मगर दामाद ने नहीं उठाया।
गुरुजी ने दामाद से पूछा - क्या तुम स्वर्ग नहीं जाना चाहते?
उसने जवाब दिया- बस ये दोनों चली जाएं तो मेरे लिए यहीं स्वर्ग बन जाएगा।

एक बार टिल्लू डॉक्टर के पास गया
डॉक्टर - कौन सा ग्रुप है आपका?
टिल्लू- जी नादान परिंदे।
डॉक्टर - ब्लड ग्रुप पूछ रहा हूं, 'व्हाटसएप के कीड़े'।

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.):** गेहूं दड़ा 2400-2410 आर.आर.21 2550-2600 गेहूं फारम 2600-2700 जौ 2000-2100 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200-2400 **दलहन (प्रति क्वि.):** चना 6300-6400 अरहर 9000-10000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-3800 उड़द हरा 11000-11500 उड़द काला 8000-9000 मूंग 7800-8000 **दाल (प्रति क्वि.):** अरहर फूल 16500-16600 अरहर स्पेशल14600-14700 चनादाल 8000-8100 मटर दाल 4500-4600 मसूर मलका 7200-7250 मसूर दाल 7400-7450 उड़द दाल 9000-13300 उड़द धोवा 10000-13000 मूंग दाल 8100-9700 मूंग धोवा 9700-11000 **चावल (प्रति क्वि.):** अरवा 2800-3500 बासमती नं1.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती नं2. 7000-8000 **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.):** आटा 1400-1460 मैदा 1380-1450 सूजी 1440-1460 **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.):** शाहपसंद 1370-1410 **तिलहन (प्रति क्वि.):** लाही 5600-5800 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11500-12200 मूंगफलीदाना शिवपुरी 10000-11200 बटाली 8600-10500 सेहुआं 4000-4500 **तेल (प्रति क्वि.):** सरसों कोल्हू 12200-12300 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन):** सोयाबीन 1575-1580 सरसों 2600-2650 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.):** बावर्ची 1575-1575 मयूर 1575-1575



## सर्राफा



**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55400-55600 |

# खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग का कारोबार 1.50 लाख करोड़ के पार

### 10 लाख से अधिक रोजगार सृजित, उत्पादन 315 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का सालाना कारोबार वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। इस दौरान 10 लाख से अधिक रोजगार भी सृजित हुए हैं। केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने मंगलवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष के बारे में जारी अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक, बीते 10 वर्षों में उत्पादन 315 प्रतिशत जबकि खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

कुमार ने कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 के बाद के 10 वर्षों में खादी एवं ग्रामोद्योग गतिविधियों में नए रोजगार का सृजन भी 81 प्रतिशत बढ़ गया। कुमार ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 10 लाख से अधिक नए रोजगार पैदा हुए और हमारा कारोबार भी 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। वित्त वर्ष 2022-23 में केवीआईसी की बिक्री 1.34 लाख करोड़ रुपये रही थी। वित्त वर्ष 2013-14 में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की बिक्री 31,154.2 करोड़ रुपये थी जो वर्ष 2023-24 में 1,55,673.12 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। केवीआईसी चेयरमैन ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में हमारी कोशिशों से ग्रामीण क्षेत्रों में 10.17 लाख नए रोजगार पैदा हुए जिसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कारीगरों के बनाए उत्पादों की मांग बाजार में तेजी से बढ़ रही है और इसका असर उत्पादन, बिक्री एवं रोजगार आंकड़ों पर भी नजर आ रहा है।



● खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी

## एयर एशिया ने अंडमान से पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान की घोषणा की

**बेंगलुरु।** एयरलाइन एयर एशिया ने अगले तीन महीनों के भीतर अंडमान निकोबार द्वीप समूह से अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। इस द्वीप समूह के बुनियादी ढांचे और संपर्क को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप एक अभूतपूर्व कदम साबित होगी। विश्व में सबसे कम लागत वाली एयरलाइन एयरएशिया ने अंडमान से पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने की योजना का अनावरण किया। एयरएशिया के मुख्य हवाई अड्डा और ग्राहक अनुभव अधिकारी केशवन शिवानंदम ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, हम अगले तीन महीनों में अंडमान से पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने जा रहे हैं।

# भारत ने 2023-24 में 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ीं

**मुंबई, एजेंसी**

भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लगभग 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था के 27 क्षेत्रों में कुल नियोजित लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हो गई है। मार्च, 2023 के अंत में इन 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 59.67 करोड़ थी। आरबीआई ने अपनी वेबसाइट पर उद्योग स्तर पर उत्पादकता मापन - भारत केएलईएमएस आंकड़े शीर्षक के तहत ये आंकड़े प्रकाशित किए हैं। केएलईएमएस का आशय पूंजी (के), श्रम (एल), ऊर्जा (ई) सामग्री (एम) और सेवा (एस) से है।

आंकड़ों में संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था के 27 उद्योगों को शामिल किया गया है। इस तरह कृषि, व्यापार और वित्तीय सेवाओं सहित 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 2023-24 में छह प्रतिशत बढ़ी, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में इसमें 3.2 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। केएलईएमएस आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में कुल रोजगार 2019-20 के 53.44 करोड़ से बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया।





● अर्थव्यवस्था के 27 क्षेत्रों में कुल नियोजित लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हो गई

## अशोका लेलैंड ने तमिलनाडु में रोड टू स्कूल कार्यक्रम का विस्तार किया

**चेन्नई।** अशोका लेलैंड ने हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस के साथ मिलकर अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व पहल रोड टू स्कूल कार्यक्रम का विस्तार तमिलनाडु के तीन जिलों में किया है। यह परियोजना देश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के बीच शैक्षिक असमानताओं को पाटने की कोशिश करती है। इसका उद्देश्य समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना है। कुल मिलाकर, इस पहल का लक्ष्य देश के छह से अधिक राज्यों में 1,700 से अधिक स्कूलों और दो लाख छात्रों तक लाभ पहुंचाना है। यह कार्यक्रम तमिलनाडु के तीन जिलों इरोड (78 स्कूल), सेलम (124 स्कूल) और धर्मपुरी (150 स्कूल) के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा।

## युवराज की याचिका पर रियल एस्टेट कंपनी को नोटिस

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह की याचिका पर एक रियल एस्टेट कंपनी को मंगलवार को नोटिस जारी किया। सिंह ने निर्माण परियोजनाओं के प्रचार में उनकी निजता के अधिकारों के कथित उल्लंघन और राष्ट्रीय राजधानी में उन्हें आवासीय इकाई पर कब्जा देने में देरी के लिए मध्यस्थता कानून लागू करने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने सिंह द्वारा उनके और बिल्डर के बीच विवादों की सुनवाई और निर्णय के लिए मध्यस्थ की नियुक्ति को लेकर दायर याचिकाओं पर ब्रिलियंट एटोइल प्राइवेट लिमिटेड से जवाब मांगा।

# राज्यों से छत पर सौर परियोजनाएं लगाने की योजना को आगे बढ़ाने का अनुरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र ने कहा है कि वह पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत गांवों में छत पर सौर परियोजना की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए पंचायती राज संस्थानों को प्रोत्साहित करेगा। उसने राज्यों से योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए काम करने का अनुरोध किया है। पंचायती राज मंत्रालय ने राज्यों को छतों पर सौर पैनल स्थापित करने और एक करोड़ घरों के लिए 300 मासिक यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए महत्वाकांक्षी योजना के दिशानिर्देश साझा करने को लेकर लिखा है। योजना की शुरुआत फरवरी, 2024 में हुई थी।

● योजना पर कुल व्यय 75,021 करोड़ रुपये अनुमानित और वित्त वर्ष 2026-27 तक लागू होगी

पंचायती राज मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव चंद्रशेखर कुमार ने इस बारे में आठ जुलाई को सभी राज्य विभागों को पत्र लिखा है। पत्र में अधिकारियों से योजना के परिचालन संबंधी दिशानिर्देशों को पंचायती राज संस्थानों, राज्य के पंचायती राज विभागों के अधिकारियों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ साझा करने के लिए कहा गया है। इस पहल का उद्देश्य योजना को बेहतर तरीके से समझने में मदद करना है। उन्होंने पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी आह्वान किया। इस योजना पर कुल व्यय 75,021 करोड़ रुपये अनुमानित है और इसे वित्त वर्ष 2026-27 तक लागू किया जाना है।

## आईबीएम ने कोच्चि में जेनएआई इनोवेशन सेंटर का किया अनावरण

**कोच्चि।** आईबीएम ने मंगलवार को कोच्चि में अपने जेनएआई इनोवेशन सेंटर का अनावरण किया। आईबीएम ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि इस अत्याधुनिक केंद्र का उद्देश्य एआई नवाचार में तेजी लाना, उत्पादकता को बढ़ावा देना और पूरे देश में जेनएआई विशेषज्ञता को मजबूत करना है। आईबीएम इंडिया सॉफ्टवेयर लैब के भीतर स्थित जेनएआई इनोवेशन सेंटर उद्यमों, स्टार्टअप और भागीदारों को जनरेटिव एआई तकनीक का पता लगाने, अनुभव और विकसित करने के लिए एक गतिशील वातावरण प्रदान करेगा।

# डेटा संबंधी विश्वसनीयता में भारी गिरावट आई: येचुरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारत की डेटा संबंधी विश्वसनीयता में भारी गिरावट आई है। उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के उस आंकड़े का हवाला देते हुए यह दावा किया, जिसमें कहा गया है कि देश में 2023-24 के दौरान लगभग 4.7 करोड़ नौकरियों का सृजन हुआ।

● माकपा के महासचिव ने भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े का हवाला देते हुए यह दावा किया

येचुरी ने कहा, आरबीआई का कहना है कि 2024 में नौकरियों में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत की डेटा संबंधी विश्वसनीयता में भारी गिरावट आई है। मोदी का प्रचार सच्चाई को दबा रहा है। उन्होंने गैर-सरकारी आर्थिक थिंक टैंक सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी द्वारा जारी आंकड़ों को भी साझा किया, जिसमें दर्शाया गया है कि जून 2024 में बेरोजगारी दर 9.2 प्रतिशत थी। येचुरी ने कहा, सीएमआईई का यह आंकड़ा 2014 के बाद से बेरोजगारी के बढ़ते स्तर को दर्शाता है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### डॉ. सौम्या राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम की प्रमुख सलाहकार नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने डॉ. सौम्या स्वामीनाथन को राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम का प्रमुख सलाहकार नियुक्त किया है। मंत्रालय ने मंगलवार यहां बताया कि डॉ. स्वामीनाथन कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समग्र रणनीति पर तकनीकी सलाह देंगी और परिणामों के लिए नीति निर्देश और आवश्यक पाठ्यक्रम सुधार सुझाएंगी। वह अनुसंधान रणनीति पर सलाह देंगी। वह वैश्विक स्तर पर शीर्ष प्रतिभाओं के साथ विशेषज्ञ समूहों के गठन में भी सहायता करेंगी। इसके अतिरिक्त, डॉ. स्वामीनाथन कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन करने में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राज्य अधिकारियों और विकास भागीदारों का सहयोग करेंगी।

### रजत शर्मा को चुना गया एनबीडीए का अध्यक्ष



**नयी दिल्ली।** इंडिया टीवी के अध्यक्ष रजत शर्मा को पुनः न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन (एनबीडीए) का अध्यक्ष चुना गया है। मंगलवार को एनबीडीए की बोर्ड की शुक्रवार को आयोजित बैठक के दौरान में शर्मा को 2024-25 के लिए पुनः अध्यक्ष बनाया गया। विज्ञप्ति के मुताबिक चुनाव के बाद शर्मा ने एनबीडीए की बैठक को संबोधित करते हुए समाचार प्रसारकों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों अपनी राय प्रकट की। उन्होंने कहा, समाचार प्रसारण उद्योग को बदनाम करने का एक सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। समाचार प्रसारकों पर हमला करने के लिए डिजिटल मीडिया के एक वर्ग का दुरुपयोग किया जा रहा है।

### दिल्ली पुलिस का इंस्पेक्टर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर, थाना- ज्योति नगर, नई दिल्ली के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि आरोपी ने एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत दो शिकायतकर्ताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को निपटाने के लिए 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद आरोपी ने रिश्वत की राशि कम कर दी और 3 लाख रुपये की रिश्वत लेने पर सहमत हो गया। सीबीआई ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

# असम में बाढ़ से 18 लाख लोग प्रभावित

### मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा ने कहा- ब्रह्मपुत्र और सहायक नदियों का जलस्तर घटा

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है, हालांकि अब भी 27 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या करीब 18.80 लाख है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। असम राज्य आपदा प्रबंधन (एएसडीएमए) द्वारा मंगलवार को जारी की गई विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्य के 27 जिलों के 91 राजस्व क्षेत्रों और 3,154 गांवों के 18,80,783 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अच्छी खबर - ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों का जलस्तर अधिकतर स्थानों पर खतरे के स्तर से नीचे है।

उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर यह नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, लेकिन इनके जल स्तर में गिरावट आई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की सूचना के अनुसार, सोमवार को राज्य में औसतन 6.3 मिमी बारिश हुई। सोमवार को राज्य में छह और लोगों की मौत हो जाने से इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 85 हो गई है। राज्य में कुल मिलाकर 48,124 विस्थापित लोगों ने 245 राहत शिविरों में शरण ली है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बचाव और राहत कार्यों के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम को कछार, बारपेटा, बंगाईगांव, डिब्रूगढ़ और जोरहाट में तैनात किया गया है। इसमें कहा गया है कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, अग्निशमन और आपातकालीन सेवा कर्मी, पुलिस बल और एएसडीएमए के आपदा मित्र स्वयंसेवक बाढ़ और तूफान प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की मदद कर रहे हैं। केंद्रीय जल आयोग की वेबसाइट पर सुबह नौ बजे दर्ज किए गए जलस्तर के अनुसार, ब्रह्मपुत्र नदी निमती घाट (जोरहाट), तेजपुर (सोनितपुर), गुवाहाटी (कामरूप) और धुबरी (धुबरी) में खतरे के निशान से ऊपर बह रही थी।

### गोवा में भारी बारिश, रेड अलर्ट जारी

**पणजी।** गोवा के कई हिस्सों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन भी भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव हो गया और राजधानी पणजी तथा अन्य शहरों में यातायात प्रभावित हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को रेड अलर्ट जारी किया है जिसमें कहा गया है कि कुछ स्थानों पर भारी बारिश तथा उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा जिले में तेज हवाओं के साथ कुछ स्थानों में अत्यधिक बारिश हो सकती है। आईएमडी के अनुसार, तटीय राज्य में लगातार बारिश होने तथा 50 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने की आशंका है। मछुआरों को रेड अलर्ट के दौरान समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है जबकि लोगों को बाढ़ की आशंका वाले इलाकों में जाने से बचने को कहा गया है।

# अंग प्रतिरोपण गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

बांग्लादेश और दिल्ली-एनसीआर में कथित तौर पर गुर्दा प्रतिरोपण गिरोह चलाने के मामले में दिल्ली की 50 वर्षीय एक महिला चिकित्सक सहित कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा एक गुप्त सूचना के आधार पर दो महीने से इस मामले की जांच कर रही थी। उन्होंने बताया कि ज्यादातर अंग दान करने और प्राप्त करने वाले बांग्लादेश के हैं जिन्हें सर्जरी के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत लाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि महिला चिकित्सक की पहचान डी. विजया राजकुमारी के रूप में हुई है, जो अब दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में प्रति मरीज शुल्क के आधार पर गुर्दा प्रतिरोपण सर्जन के रूप में काम कर रही है। वह कथित तौर पर 2021 से 2023 के बीच बांग्लादेश से आए करीब 15 लोगों की प्रतिरोपण सर्जरी में शामिल थीं। उन्होंने बताया कि डॉ. राजकुमारी ने कथित सर्जरी नोएडा के यथार्थ अस्पताल में की जहां पर वह परामर्शदाता के तौर पर अपनी सेवाएं देती हैं।

● ज्यादातर अंग दान करने और प्राप्त करने वाले बांग्लादेश के निवासी फर्जी दस्तावेज से भारत आए

## सीतारमण के डीपफेक वीडियो पर प्राथमिकी दर्ज

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने माल एवं सेवा कर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का एक डीपफेक वीडियो साझा करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। राज्य के मंत्री हर्ष संघवी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वीडियो क्लिप में सीतारमण कथित तौर पर मीडिया को संबोधित करते हुए और जीएसटी को गोपनीय सूचना टैक्स बताते हुए दिखाई दे रही हैं। इसे चिराग पटेल नामक एक व्यक्ति ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया था। पटेल के एक्स प्रोफाइल के अनुसार, वह अमेरिका में रहता है। गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि लोगों को गुमराह करने के लिए डीप फेक वीडियो फैलाने का कृत्य घृणित है।

# नियुक्तियों में कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं : विजयन

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि राज्य में लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के संबंध में सरकार के संज्ञान में अब तक कोई अनियमितता सामने नहीं आई है। विजयन ने विधानसभा को बताया कि सरकार आरोपों की गंभीर जांच कराने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य पीएससी एक भर्ती एजेंसी है जो निष्ठापूर्वक काम करती है और इसकी नियुक्तियों में कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं हुआ है।



● अनियमितता का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री का यह बयान कोझिकोड में माकपा के एक स्थानीय नेता के खिलाफ लगे आरोपों पर उठे राजनीतिक विवाद के मद्देनजर आया है। माकपा नेता पर आरोप है कि उन्होंने पीएससी सदस्य के रूप में पद दिलाने का वादा करके एक डॉक्टर से रिश्वत ली थी।

# लड़की की पिटाई का वीडियो वायरल

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक क्लब के अंदर एक लड़की की लोगों के समूह द्वारा पिटाई किये जाने का पुराना वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद, पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

बैरकपुर पुलिस ने कहा कि लगभग दो साल पुराने वीडियो में दिख रहे आरोपियों की पहचान होने के बाद पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। राज्य में मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि स्थानीय तृणमूल कांग्रेस विधायक के करीबी व्यक्ति ने लड़की को प्रताड़ित किया है, वहीं राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने मांग की है कि वीडियो की सत्यता का पता लगाने के लिए इसकी जांच की जाए। लड़की को प्रताड़ित किये जाने की वजह का पता नहीं चल सका है।



● पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले का मामला, दो गिरफ्तार

बैरकपुर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पुलिस ने सोशल मीडिया पर अभी प्रसारित हो रहे एक पुराने वीडियो का संज्ञान लिया है जिसमें एक लड़की पर हमला किया गया है। स्वतः संज्ञान लेते हुए एक फौजदारी मामला शुरू किया गया है। वीडियो में दिख रहे लोगों के खिलाफ सभी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इनमें से 2 लोग हिरासत में लिये जा चुके हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह वीडियो कम से कम दो साल पुराना है, जिसकी प्रामाणिकता की पुष्टि एजेंसी द्वारा नहीं की गई है।

# नड्डा ने कांग्रेस और वामपंथी दलों की आलोचना की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने मंगलवार को कांग्रेस और वामपंथी दलों की आलोचना की और उन पर वैचारिक रूप से दिवालिया और सत्ता की भूखी होने का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा कि वामपंथी भी अपने बेटे-बेटियों को बढ़ावा देकर कांग्रेस का अनुकरण कर रहे हैं। उन्होंने केरल की राजधानी में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा, आप जानते हैं कि मेरा क्या मतलब है।



● भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वैचारिक रूप से दिवालिया बताया

लोकसभा चुनाव के बाद केरल के अपने पहले दौरे पर आए भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस पर हमला करते हुए उसे 'परजीवी' करार दिया, जो क्षेत्रीय दलों के समर्थन और मदद की बदौलत इस साल सीट हासिल कर सकी।

# दुष्कर्म पीड़ित बच्ची की मौत, धारा बढ़ाई

**सिरसा, एजेंसी**

हरियाणा में टोहाना के पास एक गांव में दुष्कर्म के बाद साढ़े तीन साल की बच्ची की हुई मौत मामले में हेल्प डेस्क प्रभारी महिला सब इंस्पेक्टर शकुंतला को निलंबित किया गया है। बच्ची की मौत के बाद पूर्व में दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा और जोड़ दी गई है।

फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने बताया कि इस मामले में घटना वाले दिन जांच अधिकारी के साथ सब इंस्पेक्टर शकुंतला ने जाने में देरी की। इसलिए उसे निलंबित किया गया है। इस मामले में आरोपियों को घटना के थोड़े समय बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था। उधर, टोहाना थाना प्रभारी देवी लाल ने बताया कि बच्ची के माता-पिता ने बताया था कि वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बहराइच क्षेत्र के रहने वाले हैं। डेढ़-दो माह पहले टोहाना के पास स्थित एक गांव में खेत मजदूरी करने के लिए आए थे। यहां एक जमींदार के खेत में वह रह रहे हैं। गत 29 जून रात को उनकी जान पहचान के तीन युवक जो दिहाड़ी मजदूरी करते हैं उनके पास आए थे। रात को वे वापस चले गए और परिवार सो गया। पिता ने पुलिस को बताया कि आधी रात को तीन बजे वह उठा तो देखा कि बच्ची अपने बिस्तर पर नहीं थी। बच्ची कुछ ही दूरी पर जाखल रोड पर लहूलुहान अवस्था में मिली। बच्ची ने बताया कि युवकों ने उसके साथ हैवानियत की है।

● हरियाणा में टोहाना के पास एक गांव में साढ़े तीन साल की बच्ची से हुआ था दुष्कर्म

● मामले में घटना वाले दिन सब इंस्पेक्टर के देरी से पहुंचने के कारण की गईं निलंबित

## केटीआर ने की पार्टी के दलबदल पर राहुल गांधी की आलोचना

**हैदराबाद/नयी दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री के.टी. रामा राव (केटीआर) ने तेलंगाना में पार्टी के दलबदल पर कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के रुख की कड़ी आलोचना की। केटीआर ने गांधी के दोहरे मानदंडों पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उन पर संविधान के रक्षक होने का दिखावा करते हुए इसकी भावना को कमतर आंकने का आरोप लगाया।

# रत्न भंडार खोलने की सिफारिश करेगी समिति

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

पुरी के जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के सिलसिले में गठित उच्च स्तरीय समिति ने ओडिशा सरकार को 14 जुलाई को खजाने के आंतरिक कक्ष को फिर से खोलने की सिफारिश करने का फैसला किया है। समिति के एक सदस्य ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुरी में समिति के सदस्यों की एक बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया। रत्न भंडार में संग्रहित मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने की निगरानी के लिए समिति का गठन किया गया था।

● पुरी में समिति के सदस्यों की एक बैठक के दौरान निर्णय लिया गया

समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने कहा, हमने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि समिति सरकार से 14 जुलाई को रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष को फिर से खोलने का अनुरोध करेगी। रत्न भंडार को आखिरी बार 46 साल पहले 1978 में खोला गया था। रथ ने बताया कि श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक को इस बैठक के दौरान समिति के समक्ष रत्न भंडार की डुप्लीकेट चाबी पेश करने के लिए कहा गया। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक समिति के सदस्य संयोजक भी हैं। रथ ने कहा, हालांकि, एसजेटीए प्रशासन डुप्लीकेट चाबी नहीं दे सका क्योंकि मंदिर प्रशासन रथ यात्रा के आयोजन में व्यस्त था। अब मुख्य प्रशासक को 14 जुलाई को समिति के समक्ष चाबी जमा करने को कहा गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि डुप्लीकेट चाबी काम नहीं करेगी तो ताला तोड़कर रत्न भंडार को खोला जाएगा।

## खेल डायरी




### सिराज को आवासीय भूखंड और नौकरी देगी सरकार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंथ रेड्डी ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की प्रशंसा करते हुए मंगलवार को इस क्रिकेटर को आवासीय भूखंड और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। भारत की टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे सिराज पिछले सप्ताह अपने गृह नगर हैदराबाद पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री ने उनको सम्मानित किया तथा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। उन्होंने अधिकारियों को हैदराबाद या आसपास के इलाकों में सिराज के लिए उपयुक्त आवासीय भूखंड की पहचान करने और इस क्रिकेटर को सरकारी नौकरी देने के निर्देश भी दिए।

### पीसीबी ने कर्स्टन और गिलेस्पी को खुली छूट दीः सूत्र

**लाहौर।** टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी को टीम की किस्मत बदलने के लिए खुली छूट दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए विश्व कप के ग्रुप चरण में अमेरिका की नई नवेली टीम के अलावा भारत से हारकर सुपर आठ चरण में जगह बनाने में नाकाम रहा था। नकवी ने सीमित ओवरों के प्रारूप और टेस्ट टीम के कोच से मुलाकात की। इस दौरान कर्स्टन और गिलेस्पी ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी योजनाएं साझा कीं। पीसीबी के अनुसार नकवी ने दोनों कोचों से कहा कि उन्हें उन पर पूरा भरोसा है और उन्हें बोर्ड से समर्थन मिलेगा। सूत्र ने कहा, कर्स्टन ने विश्व कप के आधार पर सफेद गेंद की टीम के बारे में अपनी चिंताओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया।

### गुकेश के लिए बेहतर प्रदर्शन का मौका गुजराती को वाइल्डकार्ड

**जगरेब (क्रोएशिया)।** विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश के पास ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग में अपना प्रदर्शन सुधारने का मौका है जबकि विदित गुजराती वाइल्ड कार्ड के जरिये उनसे जुड़ेंगे। गुकेश का सामना विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में 20 नवंबर को चीन के डिंग लिरेन से होगा। गुकेश का प्रदर्शन क्लासिकल प्रारूप में बेहतरीन रहा है लेकिन तेज रफ्तार वाले प्रारूप में वह लय नहीं बना सके हैं। विश्व चैंपियनशिप में मुकाबला टाईरहने पर रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज के तेज समय नियंत्रण में मुकाबले खेले जाएंगे।

### हॉकी इंडिया साउथ जोन चैंपियनशिप 10 से आंध्र प्रदेश में होगी शुरू

**नई दिल्ली।** दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला साउथ जोन चैंपियनशिप 10 से 17 जुलाई तक आंध्र प्रदेश के कडप्पा में आयोजित की जाएगी। इस टूर्नामेंट में कुल छह टीमें हिस्सा लेंगी। पुरुष वर्ग में प्रतिस्पर्धी टीमों में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी कर्नाटक, केरल हॉकी, हॉकी आंध्र प्रदेश, ले पुडुचेरी हॉकी और तेलंगाना हॉकी शामिल हैं। महिला वर्ग में टीमें कर्नाटक, यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना हॉकी और ले पुडुचेरी हॉकी की टीमे हिस्सा लेंगी। दोनों वर्गों में प्रतियोगिता राउंड-रॉबिन प्रारूप के अनुसार होगी जिसमें शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी।

### चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने को तैयार हैं वॉर्नर

**सिडनी।** डेविड वॉर्नर ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को खत्म हुआ अध्याय करार दिया लेकिन कहा कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में उन्हें जगह मिलती है तो वह देश के लिए फिर से खेलने के लिए तैयार होंगे। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में फरवरी-मार्च के महीने में होने की संभावना है और ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि वॉर्नर उनके आपातकालीन विकल्प होंगे। वॉर्नर ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप जीतने के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था, जबकि उनका आखिरी टेस्ट जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ था। उन्होंने आखिरी टी-20 24 जून को भारत के खिलाफ खेला था। वॉर्नर ने इंस्टाग्राम पर लिखा अध्याय खत्म। इतने लंबे समय तक शीर्ष स्तर पर खेलना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है।

### मैत्री मैच में म्यांमार ने भारत को 1-2 से हराया

**यांगून (म्यांमार)।** विन थेइंगी तुन और सान थाव थाव के गोल से म्यांमार की महिला फुटबॉल टीम ने मंगलवार को यहां मैत्री मैच में भारत को 2-1 से शिकस्त दी। दोनों टीमें पांच साल के अंतराल पर एक-दूसरे का सामना कर रही थी। भारतीय घरेलू फुटबॉल में ओडिशा एफसी का प्रतिनिधित्व करने वाली थेइंगी तुन ने मैच के 14वें मिनट में गोल कर म्यांमा को बढ़त दिला दी। क्लब टीम की उनकी साथी प्यारी खाखा ने 58वें मिनट में गोल कर भारत की वापसी कराई। भारतीय टीम हालांकि म्यांमार को बढ़त लेने से ज्यादा देर नहीं रोक सकी। मे थेट मोन माइंट की फ्री किक को थाव थाव ने मैच के 74वें मिनट में गोल में बदल दिया। म्यांमार के खिलाफ छह मैचों में यह भारत की पांचवीं हार है। दोनों टीमों के बीच दूसरा मैत्री मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा।

# बुमराह और मंधाना चुने गए प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, एजेंसी



भारत की पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार से नवाजा गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि जून महीने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को यह पुरस्कार दिया गया है।

यह पहली बार है जब एक ही देश महिला और पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों ने एक ही महीने में यह पुरस्कार जीते हैं। बुमराह ने भारतीट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के रहमानुल्लाह गुरबाज को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है।

जसप्रीत बुमराह ने टी-20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ मैचों में 4.17 की औसत से गेंदबाजी की और 15 विकेट झटके थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी नवाजा गया था। इसके अलावा एनरिक नोटर्जे ने भी टूर्नामेंट में 9 मैच में 15 विकेट झटके। सबसे ज्यादा 17-17 विकेट संयुक्त रूप से अफगानिस्तान फजलहक फारूकी और भारत अर्शदीप सिंह ने लिए थे।

### सूर्यकुमार यादव पत्नी के साथ पहुंचे उडुपी मंदिर

**उडुपी (कर्नाटक)।** भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पत्नी दिविशा शेट्टी के साथ मंगलवार को उडुपी जिले के कापू मारिगुडी मंदिर गए और टी20 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर विशेष पूजा की। सूर्यकुमार और दिविशा सोमवार को मेंगलुरु पहुंचे थे। उन्होंने हवाई अड्डे पर ही केक काटकर अपनी शादी की आठवीं सालगिरह मनाई थी। दिविशा मूल रूप से दक्षिण कन्नड़ के तटीय क्षेत्र की रहने वाली है। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार दिविशा ने भारत के टी-20 विश्व कप जीतने पर अपने पति के साथ कापू मारिगुडी मंदिर जाने का संकल्प लिया था। सूर्यकुमार और दिविशा ने देवी कापू मरियम्मा को माला चढ़ाई और परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान दिविशा को तुलु भाषा में बात करते देखा गया।

# पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ी दिखाएंगे दम : मोदी

मॉस्को, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टी-20 विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए मंगलवार को विश्वास जताया कि पेरिस ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं के आत्मविश्वास को भारत की असली पूंजी करार दिया और कहा कि यही युवा शक्ति देश को 21वीं सदी की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है।

प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि निश्चित तौर पर उन्होंने भी भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 विश्व कप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखा होगा और जीत का जश्न भी मनाया होगा। विश्व कप जीतने की असली कहानी जीत की यात्रा भी है। आज का युवा और आज का युवा भारत आखिरी बॉल तक और आखिरी पल तक हार नहीं मानता है और विजय उन्हीं के चरण चूमती है जो हार मानने को तैयार नहीं होते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भावना सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है बल्कि दूसरे खेलों में भी दिख रही है। उन्होंने कहा कि इस बार पेरिस ओलंपिक में भी भारत की तरफ से एक शानदार टीम भेजी जा रही है। आप देखिएगा, पूरी टीम... सारे खिलाड़ी कैसे अपना दम दिखाएंगे। भारत की युवा शक्ति का यही आत्मविश्वास भारत की असली पूंजी है और यही युवा शक्ति भारत को 21वीं सदी की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है।

# खाली हाथ विदा हुई मेहमान दक्षिण अफ्रीका टीम

## एकतरफा जीत से टी-20 श्रृंखला की बराबर, भारतीय महिलाओं ने जीती थी टेस्ट और वनडे सीरीज




चेन्नई, एजेंसी




पूजा वस्त्राकर और राधा यादव की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने तीसरे और अंतिम महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 55 गेंद शेष रहते हुए 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

तेज गेंदबाज वस्त्राकर (13 रन पर चार विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए चार जबकि बाएं हाथ की स्पिनर राधा (छह रन पर तीन विकेट) ने तीन विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 17.1 ओवर में 84 रन पर ढेर हो गई। भारत ने 10.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 88 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। स्मृति मंधाना 40 गेंद पर 54 रन और शेफाली वर्मा 25 गेंद पर 27 रन बनाकर नाबाद रही। मंधाना ने अयोबांगा खाका पर दो चौके लगाकर शुरुआत की। दोनों भारतीय बल्लेबाजों ने सहजता से रन बटोरे। भारत में पावर प्ले में 40 रन बनाए। इसके बाद मंधाना दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी हो गई। मंधाना ने नेदिन डि क्लर्क पर दो चौके और विजयी छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके और दो छक्के लगाए।

इससे पहले भारत की तरफ से वस्त्राकर और राधा के अलावा अरुंधति रेड्डी (14 रन पर एक विकेट), श्रेयंका पाटिल (19 रन पर एक विकेट) और दीप्ति शर्मा (20 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से सलामी बल्लेबाज तेजमिन ब्रिट्स (20) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाई। भारत ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद टीम ने कप्तान लॉरा वोलवार्ट (09) और मारिजेन कैप (10) के विकेट गंवाकर पावर प्ले में 39 रन जोड़े। वोलवार्ट ने वस्त्राकर के पहले ही ओवर में चौके के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में छह हजार रन पूरे किए। वोलवार्ट और ब्रिट्स ने संजीवन संजना पर भी चौके मारे। ब्रिट्स ऑफ स्पिनर दीप्ति की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में हवा में शॉट खेल गईं और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मिड ऑफ पर शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। एनेके बॉश और क्लो ट्रॉयोन ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने 10वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। वस्त्राकर ने बॉश (17) को पगबाधा करके दक्षिण अफ्रीका को चौथा झटका दिया। दो गेंद बाद नेदिन डि क्लर्क (00) भी वस्त्राकर की गेंद को विकेटों पर खेल गईं जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर पांच विकेट पर 61 रन हो गया। राधा ने एनेरी डर्कसेन (02), सिनालो जाफ्ता (08) और नोनकुलुलेको मलाबा (00) को आउट किया जबकि अरुंधति ने ट्रॉयोन (08) की पारी का अंत किया। वस्त्राकर ने एलिज मारी मार्क्स (07) को विकेटकीपर उमा छेत्री के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका की पारी का अंत किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने पहला मैच 12 रन से जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था। भारत ने इससे पहले वनडे श्रृंखला में 3-0 से जीत दर्ज करने के अलावा एकमात्र टेस्ट मैच भी अपने नाम किया था। भारतीय महिला टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए मेहमान टीम को खाली हाथ ही घर वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**दक्षिण अफ्रीका :** 84/10, 17.1 ओवर। तेजमिन ब्रिट्स 20, लॉरा वोलवार्ट 9, मारिजेन कैप 10। **विकेट :** पूजा वस्त्राकर 4, राधा यादव 3, दीप्ति 1, श्रेयंका पाटिल 1, अरुंधति रेड्डी 1।

**भारत :** 88। 10.5 ओवर। स्मृति मंधाना 54, शेफाली वर्मा 27।

# भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के नए कोच बने गौतम गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी



● गंभीर की नियुक्ति पर बीसीसीआई सचिव बोले- विश्वास है वह भारत को और आगे ले जाएंगे

विश्व कप विजेता टीम के सलामी बल्लेबाज रहे गौतम गंभीर को मंगलवार को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे जिन्होंने भारत की टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा मैं गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्न हूं। आधुनिक समय में क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते परिदृश्य को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में विभिन्न भूमिकाओं में कड़ी मेहनत करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श व्यक्ति हैं।

टीम इंडिया के लिए उनका स्पष्ट दृष्टिकोण उनके अपार अनुभव के साथ मिलकर उन्हें इस रोमांचक और सबसे अधिक मांग वाली कोचिंग भूमिका को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार करता है। इस नए सफर पर निकलने के लिए बीसीसीआई उनका पूरा समर्थन करता है।

# जायसवाल के बल्लेबाजी क्रम पर फोकस

हरारे, एजेंसी

● जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 में सलामी जोड़ी में हो सकता है बदलाव मध्यक्रम में जुड़ सकते हैं नए नाम



टी-20 विश्व कप विजेता खिलाड़ियों की वापसी के साथ जिम्बाब्वे के खिलाफ बुधवार को तीसरे टी-20 मैच में भारतीय टीम के लिए यशस्वी जायसवाल और अभिषेक शर्मा में से एक का चयन काफी मुश्किल होगा। जायसवाल, संजू सैमसन और शिवम दुबे टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। उनकी वापसी से टीम मजबूत हुई है जिसने दूसरे मैच में 100 रन से जीत दर्ज करके श्रृंखला में वापसी की थी।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने दूसरे मैच में 46 गेंद में शतक लगाया। वैसे भारत की पहली पसंद की टी-20 टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज होने के कारण जायसवाल का शुभमन गिल के साथ पारी की शुरूआत का दावा पुख्ता लगता है। जायसवाल ने 17 टी-20 मैचों में एक शतक और चार अर्धशतकों के साथ 161 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वैसे ऐसा होता नहीं है कि एक यादगार पारी खेलने के बाद बल्लेबाज को अगले मैच में बाहर किया जाए। वैसे गिल अंडर 14 दिनों के सबसे अच्छे दोस्त के साथ नाइंसाफी होने नहीं देंगे। ऐसे में दो खब्बू बल्लेबाजों में से एक को बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरना होगा।

**मैच : शाम 4: 30 बजे**

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, रूतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, मुकेश कुमार, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, खलील अहमद, तुषार देशपांडे।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

# नीदरलैंड को हराकर फाइनल में जाना चाहेगा इंग्लैंड

**यूरो कप 2024**

डोर्टमंड (जर्मनी), एजेंसी



इंग्लैंड बुधवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल में जब नीदरलैंड से भिड़ेगा तो उसकी नजरें लगातार दूसरे यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के फाइनल में जगह बनाने पर टिकी होंगी। पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा। फाइनल रविवार को होना है। क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड और नीदरलैंड दोनों ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी।

इंग्लैंड ने निर्धारित और अतिरिक्त समय में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद स्विट्जरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराया था जबकि नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था। नीदरलैंड के खिलाफ हालांकि इंग्लैंड की राह आसान नहीं होगी। टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेलने वाली टीमों में नीदरलैंड की रैंकिंग सबसे बेहतर है। इंग्लैंड ग्रुप चरण में सर्बिया, डेनमार्क और स्लोवेनिया के खिलाफ खेला था जबकि नॉकआउट मुकाबलों में उसकी भिड़ंत स्लोवाकिया और स्विट्जरलैंड के साथ हुई। इंग्लैंड अब तक बाएं छोर से कीरन ट्रिपर पर निर्भर रहा है जबकि स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में ल्यूक शॉ फरवरी में चोटिल होने के बाद पहली बार अंतर्राष्ट्रीय मैच में उतरे। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट को फैसला करना होगा कि वह पिछले मैच में निलंबित मार्क गुही की जगह खेले एजरी कोन्सा को फिर मौका देते हैं या फिर गुही का निलंबन खत्म होने के बाद उनकी वापसी कराते हैं। स्विट्जरलैंड के खिलाफ अतिरिक्त समय में ऐंठन के कारण हैरी केन के बाहर होने के बाद इंग्लैंड के कप्तान की फिटनेस पर भी नजरें रहेंगी। नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन के अपनी शुरुआती एकादश में लगातार तीसरे मैच में कोई बदलाव नहीं करने की उम्मीद है। मेम्फिस डेपाय, कोडी गेप्को और स्टीवन बर्गविन की जोड़ी मैच में शुरुआत कर सकती है।

### कोपा के सेमीफाइनल में खेलेंगे मेसी : स्कालोनी

**न्यू जर्सी।** अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने कहा कि टीम के कप्तान लियोनेल मेसी कनाडा के खिलाफ कोपा अमेरिका टूर्नामेंट के मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल के लिए फिट है। सकालोनी ने कहा लियो ठीक है और कल वह खेल का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा वह खेलने के लिए फिट है और हम इसे लेकर सहज हैं। जब उनसे पूछा गया कि अगर मेसी स्पष्ट रूप से फिटनेस की कमी के बावजूद खुद को उपलब्ध कराते हैं तो वह क्या करेंगे। स्कालोनी ने कहा, यह बहुत आसान है क्योंकि 99 प्रतिशत समय ऐसा ही होता है वह खेलने के लिए तैयार है। टीम के मुख्य कोच ने कहा, इसका मुझ पर कभी कोई असर नहीं होगा, क्योंकि मैं जानता हूँ कि वह हमें क्या दे सकता है, भले ही वह अनुकूल परिस्थितियों में न हो। उल्लेखनीय है कि 37 वर्षीय मेसी मांसपेसियों की समस्या के कारण पेरू पर अर्जेंटीना की 2-0 की जीत के अंतिम ग्रुप मैच में नहीं खेल पाए थे। वह इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टरफाइनल के लिए शुरुआती 11 मिनट में वापस आ गए यह मैच अर्जेंटीना ने पेनल्टी पर जीता लिया था।



# क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जोकोविच

लंदन, एजेंसी



डेनमार्क के होल्गर रूण के खिलाफ मैच में शॉट खेलते जोकोविच। ● एजेंसी

सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच विंबलडन राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में हूटिंग के बीच अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के होल्गर रूण को सीधे सेटों में हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए है।

सोमवार को जोकोविच ने दो घंटे और तीन मिनट तक चले मुकाबले में 15वीं वरीयता प्राप्त रूण को 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सात बार के चैंपियन जोकोविच क्वार्टरफाइनल में दुनिया के नौ नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर से भिड़ेंगे। मैच के बाद जोकोविच ने कहा मुझे पता है कि वे रूण के लिए चीयर कर रहे थे, लेकिन यह हूटिंग करने का एक बहाना है। उन्होंने कहा कि मुझे सभी तरकीबें पता हैं। मैंने इससे कहीं ज्यादा शत्रुतापूर्ण माहौल में खेला है। आप लोग मुझे छू नहीं सकते।

वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टरफाइनल में फ्रिट्ज का मुकाबला 25वीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा।

### मेदवेदेव से हारे सिनर, बाहर

**लंदन।** शीर्ष वरीय यानिक सिनर को दानिल मेदवेदेव ने पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मंगलवार को विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए सिनर को 6-7 (7), 6-4, 7-6 (4), 2-6, 6-3 से हराया। सिनर के इस मुकाबले के दौरान अपने ट्रेनर से उपचार लेना पड़ा और वह तीसरे सेट में कोर्ट से चले गए थे। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि सिनर को क्या हुआ था। लॉकर रूम में जाने से पहले उनकी हृदय गति की जांच भी की गई। इटली का यह 22 वर्षीय खिलाड़ी लगभग 10 मिनट बाद वापस लौटा और फिर से खेलना शुरू किया।

### डोना सेमीफाइनल में

**लंदन।** क्रोएशिया की 28 वर्षीय खिलाड़ी डोना वेकिच ने मंगलवार को यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में तीन सेट तक चले मुकाबले में लुलु सन को हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वेकिच ने न्यूजीलैंड की क्वालीफायर सन को 5-7, 6-4, 6-1 से हराया। वह किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 43वीं बार भाग ले रही है। वेकिच विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली क्रोएशिया की दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### अमेरिका में भारतीय छात्र की डूबने से मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के ट्राइन विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे 25 वर्षीय एक भारतीय छात्र की न्यूयॉर्क राज्य के अल्बानी में एक झरने में डूबने से मौत हो गई। यहां भारत के वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी। साई सूर्या अविनाश गड्डे की 7 जुलाई को यहां से करीब 240 किलोमीटर उत्तर में अल्बानी के बार्बरविले फॉल्स के पास गया था। दूतावास ने कहा कि हम अविनाश की मौत से बहुत दुखी हैं। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा हम शोक संतप्त परिवार एवं मित्रों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

### उड़ान भरने के बाद विमान का पहिया निकला

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में यूनाइटेड एयरलाइंस के बोइंग जेट विमान का पहिया सोमवार को उड़ान भरते समय निकल गया। हालांकि, बाद में विमान को डेनवर में सुरक्षित उतार लिया गया। विमानन कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। लॉस एंजिलिस में विमान का पहिया बरामद कर लिया गया है।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन 23 शव बरामद

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर सोने की एक अवैध खदान में भूस्खलन के बाद बचावकर्मी मंगलवार को मलबा हटाकर लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। इस हादसे में कम से कम 23 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रांतीय खोज एवं बचाव कार्यालय के प्रमुख हेरियांतो ने बताया कि दूरस्थ और पर्वतीय गांव बोन बोलांगो में रविवार को 100 से अधिक ग्रामीण सोने के लिए खुदाई कर रहे थे, तभी आसपास के पर्वतों से कई टन मिट्टी गिरी, जिससे उनके अस्थायी शिविर दब गए।

### कैलिफोर्निया में 42 प्रतिशत स्टार्टअप प्रवासियों ने शुरू किए

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने चंदा जुटाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में प्रमुख भारतीय अमेरिकियों के एक समूह से कहा कि कैलिफोर्निया में 42 प्रतिशत स्टार्टअप प्रवासियों द्वारा शुरू किए गए और इस प्रांत की सफलता में इनका उल्लेखनीय योगदान है। डेमोक्रेटिक पार्टी के वरिष्ठ नेता न्यूसम ने सोमवार को मैसाचुसेट्स में एक कार्यक्रम में ये बात कहीं कि हमारे प्रांत की सफलता में प्रवासी महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

# कई सरकारी एप्स हैं सहायक, घर बैठे हो जाएंगे सभी जरूरी काम

**अमृत विचार नेटवर्क...।** मोबाइल एप्स ने हमारी जिंदगी बेहद आसान बना दी है। सुबह उठते ही हम सबसे पहले फोन में मैसेजिंग ऐप्स स्क्रॉल करते हैं। इसके अलावा कुछ ऐसे मोबाइल एप्स भी हैं, जिन्होंने हमारे जीवन को बहुत आसान बना दिया है। चाहे ट्रेन या प्लेन का टिकट बुक करवाना हो या पैसों का लेन-देन करना हो। ये मोबाइल एप्स हमारी बहुत मदद करते हैं। डिजिटल होती दुनिया में भारत सरकार ने भी लोगों की सुविधा के लिए कई एप्स बनाएं हैं, जिनका इस्तेमाल करके आसानी से सरकारी सुविधाओं का घर बैठे लाभ उठाया जा सकता है। इस तरह के एप्स से समय तो बचता ही है, साथ ही किसी सरकारी ऑफिस के चक्कर नहीं काटने पड़ते। ये एप्स पूरी तरह से फ्री होते हैं। इसके लिए किसी तरह का कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं देना पड़ता है। भारत सरकार ने नागरिकों की सुविधा के लिए कुछ ऐसे ऐप्स बनाए हैं, जिसकी मदद से आप सरकारी योजनाओं का आसानी से फायदा उठा सकते हैं। आज हम बताएंगे यह एप्स कौन-कौन से हैं और इनके प्रयोग के दौरान क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए।




### इन सरकारी एप्स को करें डाउनलोड

अगर आप एंड्रॉयड प्रयोगकर्ता हैं तो इन सभी सरकारी एप्स को आसानी से गूगल के प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा आईओएस यूजर भी एपल के एप स्टोर से इन एप को डाउनलोड कर सकते हैं। इनमें मुख्य रूप से भीम, एमआधार, उमंग, यूटीएस, डिजीलॉकर, एमपासपोर्ट सेवा, नेक्स्टजेन परिवहन इत्यादि शामिल हैं।

### पारदर्शिता को मिलता है बढ़ावा

ये एप्लिकेशन न केवल समय पर सर्विस देते हैं, बल्कि इसके इस्तेमाल से पारदर्शिता को भी बढ़ावा मिलता है। तेजी से डिजिटल होती दुनिया में ये एप सरकार और उसके नागरिकों के बीच की दूरी को पाटने का काम करते हैं। इनका इस्तेमाल करना बेहद आसान है। यह बहुत ही यूजर फ्रेंडली होते हैं। यही चीज इन्हें बाकी के एप्स से अलग बनाती है। सरकारी ऐप्स के इंटरफेस की डिजाइन बहुत आसान होती है। टेक्नोलॉजी से अपरिचित लोग भी इन्हें आसानी से चला सकते हैं। ज्यादातर एप्स में स्थानीय भाषा में सर्च करने और सर्विस लेने की सुविधा भी उपलब्ध है।

### सिक्योर होते हैं यह एप्स

सरकारी ऐप्स पूरी तरह से सुरक्षित होते हैं। सरकार इन ऐप्स में यूजर के डेटा की सुरक्षा को प्राथमिकता देती है। किसी भी तरह की संवेदनशील जानकारी की सिक्योरिटी के लिए हाई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे यूजर अपने पर्सनल डेटा के साथ इन प्लेटफॉर्म्स पर भरोसा कर सकें।

### नकली ऑफिशियल सरकारी वेबसाइट्स को कैसे पहचान सकते हैं?

- जब भी आप इस सुविधा का प्रयोग करें सबसे पहले वेब एड्रेस (URL) को ध्यान से देखें। आधिकारिक सरकारी वेबसाइटों में gov.in या nic.in डोमेन होता है। इसलिए इससे मिलते-जुलते डोमेन या URL वाली वेबसाइटों से आप हमेशा सावधान रहें।
- आधिकारिक सरकारी मुहरें, लोगो या चिन्ह को जरूर देखें। असली सरकारी वेबसाइट्स अक्सर इन चीजों को प्रमुखता से दिखाती हैं। हालांकि ध्यान रखें कि इन्हें कॉपी भी किया जा सकता है।



- वेबसाइट की वर्तनी और व्याकरण संबंधी त्रुटियों की जांच करें। सरकारी वेबसाइट्स के इंटरफेस में आमतौर पर भाषाई गलतियां नहीं होती हैं। टाइपो और व्याकरण संबंधी गलतियां नकली वेबसाइट का संकेत है।
- अगर आपको किसी वेबसाइट की प्रमाणिकता के बारे में कोई संदेह है तो इसके सत्यापन के लिए संबंधित सरकारी एजेंसी से सीधे संपर्क करना सबसे अच्छा विकल्प है।


# संघर्ष का समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं

## मोदी बोले- यूक्रेन युद्ध में मासूमों की मौत पीड़ादायक, पुतिन ने युद्ध विराम को लेकर भारत के सुझावों की सराहना की

**मॉस्को, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक स्पष्ट संदेश देते हुए मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं है और बम, बंदूकों तथा गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन में पुतिन के साथ शिखरवार्ता से पहले, अपने प्रारंभिक वक्तव्य में मोदी ने जाहिर तौर पर यूक्रेन में बच्चों के एक अस्पताल पर बम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि बेगुनाह बच्चों की मौत हृदय-विदारक और बहुत पीड़ादायी है।

मोदी ने वैश्विक समुदाय को आश्वासन दिया कि भारत शांति के पक्ष में है और संघर्ष का समाधान बातचीत से निकाला जाना चाहिए। नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शांति अत्यंत आवश्यक है। मोदी ने कहा शांति बहाली के लिए भारत हरसंभव तरीकों से सहयोग को तैयार है। मोदी दो दिवसीय रूस यात्रा पर सोमवार को मॉस्को पहुंचे और मंगलवार को पुतिन के साथ उन्होंने 22वीं भारत-रूस वार्षिक शिखरवार्ता में भाग लिया। यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर पश्चिमी देश इस यात्रा पर लगातार नजर रखे हुए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मोदी-पुतिन वार्ता से पहले वाशिंगटन में कहा हम भारत से आग्रह करेंगे, जैसा कि हम रूस से वार्ता करने वाले हर देश से करते हैं कि वह स्पष्ट करे कि यूक्रेन में संघर्ष का कोई भी समाधान ऐसा होना चाहिए जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करता हो, जो यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता एवं यूक्रेन की संप्रभुता का सम्मान करता हो। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में, सोमवार को यूक्रेन में बच्चों के एक अस्पताल पर बम हमले का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा अगर लोगों की जान जाती है तो मानवता में विश्वास करने वाला हर व्यक्ति दुखी होता है।



मॉस्को में 22वें रूस-भारत शिखर वार्ता के दौरान चर्चा करते मोदी-पुतिन।

**मोदी के पुतिन से गले मिलने पर जेलेंस्की ने आपत्ति जताई :** इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मोदी के पुतिन से गले मिलने पर आपत्ति जताई। जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा यूक्रेन में बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर रूसी मिसाइल से हमला हुआ, जिसमें कैंसर के मरीज बच्चों पर निशाना साधा गया। मलबे के नीचे कई लोग दब गए। उन्होंने कहा दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को मॉस्को में ऐसे दिन दुनिया के सबसे बड़े खूनी अपराधी को गले लगाते हुए देखना बड़ा निराशाजनक और शांति प्रयासों के लिए विनाशकारी झटका है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार रात पुतिन के साथ अपनी अनौपचारिक बातचीत का भी जिक्र किया और कहा कि रूस के राष्ट्रपति की बात सुनने से उम्मीद बनी।



भारतीय समुदाय के लोगों से हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी।

### भारत-रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है ऊर्जा

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन के साथ रोसेटम पवेलियन का दौरा किया और कहा कि ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है तथा नई दिल्ली इस क्षेत्र में मॉस्को के साथ संबंध और मजबूत करने को लेकर आशान्वित है। मोदी ने वीडीएनकेएच के रोसेटम मंडप में असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग को समर्पित एक फोटो प्रदर्शनी देखी, जिसका उद्घाटन नवंबर 2023 में किया गया था। यह वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के इतिहास में सबसे बड़ी प्रदर्शनियों में से एक है। मोदी ने यात्रा की अपनी तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा राष्ट्रपति पुतिन के साथ एटम पवेलियन का दौरा किया। ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है और हम इस क्षेत्र में संबंध और मजबूत करने के लिए आशान्वित हैं। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी को एटमिक सिम्फनी भी दिखाई गई - जो वीवीईआर-1000 रिएक्टर का एक स्थायी कार्यशील मॉडल है। यह भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (केकेएनपीपी) का हृदय है।

### सुख-दुख का भरोसेमंद साथी है रूस : मोदी

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री ने मंगलवार को रूस को भारत का सुख-दुख का साथी और सबसे भरोसेमंद दोस्त बताते हुए पिछले दो दशकों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने वैश्विक गरीबी से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत हर चुनौती को चुनौती देने में सबसे आगे रहेगा और चुनौती देना तो उनके डीएनए में है। मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा दशकों से भारत और रूस के बीच जो अनोखा रिश्ता रहा है, मैं उसका कायल रहा हूं। हमारे रूसी दोस्त इसे द्रुजवा कहते हैं और हम हिंदी में इसे दोस्ती कहते हैं।

# पहाड़ी रास्तों पर हिंसा के निशान दे रहे सैनिकों की बहादुरी के सबूत

**मछेड़ी (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी।** सेना के गश्ती दल पर घात लगाकर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के एक दिन बाद मंगलवार को पेड़ों और पहाड़ी से घिरी सड़क पर खून के धब्बे, बिखरे हुए हेलमेट, गोलियों के खोखे, चकनाचूर शीशे और पंचर टायर वाले वाहन घटना की विभीषका तो बयां कर रहे हैं, साथ ही जवानों द्वारा बहादुरी से किए गए मुकाबले और घंटों चली मुठभेड़ की भी गवाही दे रहे हैं।

भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सोमवार को जिला मुख्यालय कठुआ से लगभग 150 किलोमीटर दूर बदनोटा गांव के पास माछेड़ी-किंडली-मल्हार पहाड़ी मार्ग पर अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे दो सैन्य वाहनों पर ग्रेनेड फेंका और अंधाधुंध गोलीबारी की। हमले में पांच सैनिक शहीद हो गए तथा पांच अन्य घायल हो गए। यह एक महीने में जम्मू संभाग में पांचवां आतंकवादी हमला था।

कश्मीर घाटी की तुलना में अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि के लिए अधिकारियों ने आतंकियों के पाकिस्तानी आकाओं को जिम्मेदार ठहराया है जो क्षेत्र में आंतकवाद को फिर से भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने घटना को याद करते हुए बताया कि सैनिकों ने हताहत होने के बावजूद साहस और दृढ़ता का परिचय दिया तथा कई घंटों तक आतंकवादियों का मुकाबला किया।

### कठुआ मुठभेड़



छानबीन करते आर्मी के जवान।

### बारिश रुकते ही फिर तलाशी अभियान शुरू

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण सोमवार देर रात अभियान को स्थगित कर दिया था लेकिन मंगलवार को इसे फिर से शुरू किया गया। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त तलाशी दलों ने कठुआ, उधमपुर और डोडा सहित विभिन्न दिशाओं से अभियान शुरू किया है।

### जोरदार धमाके की आवाज आई थी : पूरनचंद

ग्रामीण पूरन चंद शर्मा ने बताया हमले से करीब 10 मिनट पहले एक गैर सैनिक बस वहां से गुजरी थी। हमने जोरदार धमाका सुना और शुरुआत में लगा कि टायर फटा है लेकिन कुछ देर बाद ही गोलीबारी की आवाज आने के महसूस हुआ कि मुठभेड़ शुरू हो गयी है।

# सिंगापुर में नाबालिग से दुष्कर्म में भारतीय को 13 साल जेल

**सिंगापुर एजेंसी**

- नौ कोड़े मारने की सजा सुनाई, भगोड़ों को शरण देने के मामले में भी दोषी ठहराया गया

यहां की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक व्यक्ति को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराते हुए सोमवार को 13 वर्ष चार सप्ताह की जेल और नौ कोड़े मारने की सजा सुनाई है।

समाचार चैनल न्यूज एशिया की खबर के मुताबिक, राज कुमार बाला (42) को पीड़िता के साथ दुष्कर्म और छेड़छाड़ के अलग-अलग आरोपों के अलावा चिल्ड्रन एंड यंग पर्सन एक्ट के तहत भगोड़ों को शरण देने के मामले में भी दोषी ठहराया गया। दोषी बाला भारतीय मूल का नागरिक है, जिसके पास अब सिंगापुर की नागरिकता है और वह देश में एक बार का संचालन करता है। खबर के अनुसार, बचाव पक्ष के वकील रमेश तिवारी ने कहा कि उनके मुवक्किल ने अपील लंबित रहने तक जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया है।

## चीन पर साइबर हमलों का लगाया आरोप

**बीजिंग।** ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका ने मंगलवार को चीन पर ऑस्ट्रेलिया और अन्य स्थानों पर सरकारी एजेंसियों पर साइबर हमले करने का आरोप लगाया। इन पांच देशों को जासूसी गठबंधन फाइव आईज''कहा जाता है। ऑस्ट्रेलिया के इंटरनेट/नेटवर्क मामलों के निदेशालय द्वारा फाइव आईज के सहयोगी देशों जर्मनी, जापान और दक्षिण कोरिया की सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन का सुरक्षा मंत्रालय 'नेटवर्क ऑफ इंटरेस्ट' को हैक कर रहा है।

# फ्रांस के नवनिर्वाचित सांसद अगली सरकार बनाने की तैयारी में जुटे

**पेरिस, एजेंसी**

- चुनाव में वामपंथी, मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी दलों में से किसी को नहीं मिला था स्पष्ट बहुमत

फ्रांस के नवनिर्वाचित सांसद मंगलवार को नेशनल असेंबली में बातचीत के लिए जुटे, ताकि त्रिशंकु संसद बनने के बाद वे साथ मिलकर बहुमत वाली सरकार का गठन कर सकें।

संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली के लिए हुए चुनाव में वामपंथी, मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी दलों में से किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को अपने प्रधानमंत्री गैब्रियल अट्टल से सरकार का दैनिक कामकाज संभालते रहने को कहा। वहीं, पेरिस ओलंपिक शुरू होने में तीन सप्ताह से भी कम समय शेष है। मैक्रों वाशिंगटन में नाटो के शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होंगे। चुनाव में कोई भी गुट सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत के करीब भी नहीं पहुंच पाया, जिससे यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के ठप्प हो जाने का खतरा बढ़ गया है। हालांकि, यूरोप में त्रिशंकु संसद बनना कोई असामान्य बात नहीं है, लेकिन फ्रांस के आधुनिक इतिहास में यह स्थिति अभूतपूर्व है। सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले वामपंथी गठबंधन, 'न्यू पॉपुलर फ्रंट' का कहना है कि उन्हें नयी सरकार बनानी चाहिए। गठबंधन में शामिल तीन मुख्य पार्टियों - कट्टर वामपंथी फ्रांस अन्बाउड, सोशलिस्ट्स और ग्रीन्स - ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार तलाशने के लिए बातचीत शुरू कर दी है।

# अमेरिका भारत से बोला- यूक्रेन संघर्ष समाधान में संप्रभुता का हो सम्मान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- भारत रणनीति साझेदार है जिसके साथ पूर्ण व स्पष्ट बातचीत हो सकती
- भारत की इस मसले पर सर्वजनिक टिप्पणी का रहेगा इंतजार


अमेरिका ने कहा कि उसने भारत से रूस को यह स्पष्ट करने का आग्रह किया है कि यूक्रेन में संघर्ष के किसी भी समाधान में संयुक्त राष्ट्र चार्टर तथा यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता तथा संप्रभुत्ता का सम्मान होना चाहिए।

अमेरिका ने कहा कि भारत एक रणनीति साझेदार है जिसके साथ वह पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करता है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की रूस की यात्रा तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी बैठकों के बारे में पूछा गया था जिस पर उन्होंने यह जवाब दिया। मिलर ने कहा भारत एक रणनीतिक साझेदार है जिसके साथ हम पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करते हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा मैं मोदी की सार्वजनिक टिप्पणियों का इंतजार करूंगा कि उन्होंने क्या बात की।

## बॉलीवुड हलचल


### कंगना रनौत ने मीना कुमारी की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने ट्रेजडी क्वीन, दिवंगत अभिनेत्री मीना कुमारी की तारीफ की है। रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कमल अमरोही निर्देशित फिल्म पाकीजा से मीना कुमारी की एक क्लिप शेयर की है। इसके साथ कंगना ने लिखा मैंने मीना जी के काम को ज्यादा नहीं देखा है, लेकिन मैंने बहुत कुछ पढ़ा है। वह अपने काम के लिए काफी मशहूर थीं। दुख से लेकर हंसी और फिर निराशा तक का यह रोंगटे खड़े कर देने वाला बदलाव सबसे बढ़कर है। उस दौर में दूसरी हीरोइंस को एक्ट्रेस कहने की हिम्मत कोई नहीं करता था, मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री कहते थे कि वो सब हीरोइंस हैं, लेकिन एक्ट्रेस एक ही हैं- मीना कुमारी। कंगना बहुत जल्द फिल्म इमरजेंसी में नजर आने वाली हैं।



### अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा का गाना दे ताली रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का गाना दे ताली रिलीज हो गया है। श्लोक लाल के बोल और तनिष्क बागची की एड्रेनालाईन पैक रचना और दमदार गायकी के साथ, दे ताली प्रेरणादायक और प्रेरक गान है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित, सरफिरा स्टार्टअप और एविएशन पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास जैसे शानदार कलाकारों से सजी सरफिरा कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित है। यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र में एक शिक्षक के बेटे वीर जगन्नाथ म्हात्रे (अक्षय कुमार) की यात्रा का अनुसरण करती है।



### पवन सिंह और डिम्पल सिंह का गाना रंगदारी रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह और अभिनेत्री डिम्पल सिंह का गाना रंगदारी रिलीज हो गया है। पवन सिंह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म पॉवर स्टार को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। पवन सिंह और मधु शर्मा की मुख्य भूमिका वाली इस फ़िल्म का जब से फर्स्ट लुक आया है तब से उनके फैंस और ऑडियंस का क्रेज देखते ही बन रहा है। इसी कड़ी में टाइम्स म्यूजिक भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से पवन सिंह और अभिनेत्री डिम्पल सिंह पर फिल्माया नया सांग रंगदारी रिलीज किया गया है।

## डेमोक्रेटिक पार्टी सदस्यों की चिंताओं को गंभीरता से ले रही

**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्रभावशाली कांग्रेसनल प्रोग्रेसिव कॉकस राष्ट्रपति जो बाइडेन को राष्ट्रपति पद के चुनाव में उम्मीदवारों की दौड़ से हटाने की डेमोक्रेटिक पार्टी में बढ़ती मांग के बीच उनके बारे में अपने सदस्यों की चिंताओं को ध्यानपूर्वक सुन रहा है।

कॉकस की अध्यक्ष और भारतीय अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांग्रेसनल प्रोग्रेसिव कॉकस (सीपीसी) अमेरिकी कांग्रेस में डेमोक्रेटिक पार्टी से संबद्ध एक समूह है। जयपाल ने कहा यह सच है कि डेमोक्रेट्स हमारे सदस्यों और घटकों के बीच बातचीत कर रहे हैं क्योंकि हम अपनी पार्टी की रक्षा करने के लिए सबसे अच्छे रास्ते पर विचार करते हैं।

**तैयारी** संगीत, नृत्य, कला, व्यंजन और साहित्यिक प्रतिभाओं का होगा आयोजन

# न्यूयॉर्क में होगा भारतीय संस्कृति का प्रदर्शन

**न्यूयॉर्क एजेंसी**

- ऐतिहासिक लिंकन सेंटर में सप्ताह भर आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम

न्यूयॉर्क के ऐतिहासिक लिंकन सेंटर में सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भारतीय संगीत, नृत्य, कला, व्यंजन और साहित्यिक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। वैश्विक कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए शहर के प्रख्यात लिंकन सेंटर में 10 से 14 जुलाई तक इंडिया वीक आयोजित किया जाएगा जिसमें भारतीय संस्कृति की सुंदरता और जीवंतता की झलक देखने को मिलेगी। सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में देश के संगीत, नृत्य, कला, व्यंजन तथा अन्य क्षेत्रों की प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। 'इंडिया वीक' के मुख्य आकर्षण में प्रसिद्ध तालवादक पद्म भूषण पुरस्कार विजेता वीटी एच. विनायकराम, ग्रैमी-नामांकित गायिका प्रिया दर्शिनी की गीत प्रस्तुति, पीबॉडी पुरस्कार विजेता अभिनेता एवं लेखक आसिफ मांडवी, हास्य अभिनेता हरि कोंडाबोलू, एमी-नामांकित लेखक व हास्य कलाकार निमेश और अपर्णा नानचेरला की प्रस्तुति शामिल होगी। नानचेरला को रोलिंग स्टोन द्वारा 'द 50 फनीएस्ट पीपुल राइट नाऊ' में से एक नामित किया गया है। इसमें ऑस्कर पुरस्कार विजेता फिल्म 'आरआरआर' भी दिखायी जाएगी। इस फिल्म का निर्देशन एस. एस राजमौली ने किया है। सप्ताह भर आयोजित होने वाले समारोह का मुख्य आकर्षण राजस्थानी लोक समूह 'एसएजेड' होगा जिसमें सुमित्रा दास गोस्वामी 'रंग-ए-थार' प्रस्तुत करेंगी।



इंडिया वीक आयोजन के तहत तैयारी करतीं छात्राएं।